सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार ,07 दिसम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 330, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


**पीसी ज्वैलर यूपी के 1,000 स्वर्णकारों को बनायेगी उद्यमी**

पीसी ज्वेलर लिमिटेड उत्तर प्रदेश के 1,000 प्रमाणित स्वर्णकारों को उद्यमी बनने में मदद करेगी। } 14

**भारत-रूस की साझेदारी शांति पर आधारित : मुर्मू**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत और रूस के बीच साझेदारी शांति, स्थिरता और आपसी सामाजिक-आर्थिक एवं तकनीकी प्रगति के लिए एक साझा प्रतिबद्धता पर आधारित है। } 16



## भारत की दक्षिण अफ्रीका पर धमाकेदार जीत, सीरीज पर कब्जा

### कुलदीप, कृष्णा के कमाल के बाद यशस्वी जायसवाल के शतक से जीती टीम इंडिया

एजेंसी




विशाखापत्तनम। कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद यशस्वी जायसवाल (नाबाद 116) की शतकीय पारी के बूते भारतीय टीम ने तीसरे और निर्णायक वनडे में शनिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 61 गेंद शेष रहते नौ विकेट से हराकर श्रृंखला 2-1 से जीत ली।

कुलदीप (10 ओवर में 41 रन) और कृष्णा (9.5 ओवर में 66 रन) ने चार-चार विकेट लिए जिससे क्विंटन डिकॉक (106) की शतकीय पारी के बावजूद दक्षिण अफ्रीका की टीम 47.5 ओवर में 270 रन पर आउट हो गयी। भारत ने 39.5 ओवर में एक विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस तरह उसने टेस्ट श्रृंखला में मिली 0-2 की हार की निराशा को कुछ हद तक कम किया। दोनों टीमें अब नौ दिसंबर से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भिड़ेंगी। जायसवाल ने अपनी नाबाद शतकीय पारी के दौरान 121 गेंदों में 12 चौके और दो छक्के लगाने के अलावा रोहित शर्मा (75) के साथ पहले विकेट के लिए 155 और विराट कोहली (नाबाद 65) के साथ दूसरे विकेट के लिए 116 रन की अटूट साझेदारी कर टीम की जीत पक्की की।

## सरकार ने फिक्स किया हवाई किराया

### 500 किलोमीटर तक की उड़ान के लिए देना होगा 7,500 रुपये किराया

एजेंसी




नयी दिल्ली। इंडिगो की उड़ान बाधित होने के कारण हवाई टिकटों की बढ़ती कीमतों के बीच सरकार ने शनिवार को दूरी के आधार पर हवाई किराए की सीमा 7,500 रुपये से 18,000 रुपये तक सीमित कर दी। नागर विमानन मंत्रालय ने एक आदेश में कहा कि किराया सीमा, लागू शुल्कों को छोड़कर, बिजनेस श्रेणी और उड़ान श्रेणी के लिए लागू नहीं है। हालांकि आदेश में स्पष्ट नहीं किया गया कि यह सीमा केवल इकोनॉमी श्रेणी पर है या प्रीमियम इकोनॉमी श्रेणी पर भी लागू होगी।

सीमा के तहत, 500 किलोमीटर तक की उड़ान के लिए किराया 7,500 रुपये और 500-1,000 किलोमीटर के लिए टिकट की कीमत 12,000 रुपये तय की गई है। वहीं 1,000 से 1,500 किलोमीटर तक चलने वाली उड़ानों के लिए, किराया 15,000 रुपये तक सीमित है तथा 1,500 किलोमीटर से अधिक के लिए अधिकतम सीमा 18,000 रुपये तय की गई है। उदाहरण के लिए, दिल्लीमुंबई उड़ान, जिसकी दूरी लगभग 1,300 किलोमीटर है, में कम से कम इकोनॉमी श्रेणी का किराया 18,000 रुपये तक सीमित होगा। यह सीमा तब तक लागू रहेगी जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती। इसमें उपयोगकर्ता विकास शुल्क (यूडीएफ), ...शेष पृष्ठ 14 पर

**संक्षेप**

### भेड़िए ने दो बच्चियों पर किया हमला

बहराइच। जिले में भेड़िए के हमले में चार और पांच वर्षीय दो बच्चियां गंभीर रूप से घायल हो गयीं। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने शुक्रवार शाम वन्यजीव हमलों से पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। ग्रामीणों के अनुसार, कैसरगंज तहसील के मल्लहनपुरवा गांव में शुक्रवार तड़के घर के अंदर सो रही पांच वर्षीय अनुष्का निषाद को अचानक घर में घुसा भेड़िया उठाकर ले जाने लगा। चीख-पुकार सुनकर परिजन व ग्रामीण घर की तरफ दौड़े, इतने में शोर-गुल सुनकर भेड़िया बच्ची को छोड़कर खेतों की ओर भाग गया। ग्रामीणों ने बताया कि अनुष्का को खरोंच लगी है। ग्रामीणों के मुताबिक, शुक्रवार को ही बाबुरी टोला गांव में घर के बाहर खेल रही चार वर्षीय नैनसी पर भेड़िये ने अचानक हमला कर दिया और उसे घसीटकर ले जाने लगा। ग्रामीणों के शोर मचाने पर भेड़िया बच्ची को छोड़कर गन्ने के खेतों की ओर भाग गया और घायल बच्ची को इलाज के लिए तुरंत कैसरगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

### थाना प्रभारी ने स्वयं को गोली मारी

जालौन (उप्र)। जिले के थाना कुठौंद के प्रभारी निरीक्षक ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से कथित तौर पर स्वयं को गोली मार ली जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि थाना प्रभारी को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार ने बताया शुक्रवार की रात्रि लगभग लगभग 9:30 बजे कुठौंद थाने के प्रभारी निरीक्ष अरुण कुमार राय ने थाना परिसर के अपने आवास पर सरकारी रिवाल्वर से कथित रूप से स्वयं को गोली मार ली जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

# समाज के हर तबके तक सुविधाएं पहुंचा रही सरकार

### बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर की शिक्षाओं से प्रेरित होकर किया जा रहा विकास योजनाओं का विस्तार : योगी

विशेष संवाददाता




लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर शनिवार को बड़ी घोषणा की। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर महासभा ट्रस्ट की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि प्रायः कुछ शरारती तत्व मूर्तियों को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास करते हैं, इसलिए उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार महत्वपूर्ण निर्णय लेने जा रही है कि जहां भी बाबा साहेब की मूर्तियां लगी हैं, वहां बाउंड्रीवाल बनाकर उन मूर्तियों की सुरक्षा की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही मूर्तियों पर छत्र भी लगाया जाएगा, जिससे बाबा साहेब की मूर्ति की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

सीएम योगी ने डॉ. निर्मल के उस वक्तव्य का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा कि चतुर्थ श्रेणी, संविदा, सफाई कर्मचारियों को उचित मानदेय मिले। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने कॉरपोरेशन का गठन किया है। अगले एक-दो महीने के अंदर ही सरकार चतुर्थ श्रेणी, संविदा, सफाई कर्मचारियों को न्यूनतम मानदेय देने की गारंटी उपलब्ध कराएगी। जीरो पॉवर्टी अभियान भी उसी का हिस्सा है। अभी भी जो वंचित हैं और सुविधा का लाभ नहीं पा सके, उनके लिए कार्य हो रहे हैं। अनुसूचित जाति-जनजाति, अतिपिछड़ी के गरीबों को चिह्नित करने का कार्य लगभग फाइनल हो गया है। किसी के राशन, पेंशन कार्ड बन रहे तो किसी को अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। जिसके पास आवास, आयुष्मान कार्ड नहीं होगा, उन्हें आवास व पांच लाख रुपये के आयुष्मान की सुविधा भी दिलाएंगे। कोई भी गरीब-वंचित अभावग्रस्त नहीं रहेगा। डबल इंजन सरकार उसे सभी सुविधाओं से संपन्न कराने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमें संविधान और बाबा साहेब पर गौरव की अनुभूति होती है। सीएम ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने उस समय भी खतरों से जागरूक किया था। कांग्रेस के बड़े नेता का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने 1923 में वंदे मातरम गाने से इंकार कर दिया था। जब उनका अंतिम समय आया तो उन्होंने इच्छा व्यक्त की कि येरूशलम में मरूं। तब बाबा साहेब ने टिप्पणी की थी कि जो व्यक्ति भारत में पैदा होकर यहां की सुविधा का उपभोग करके भी भारत की धरती को ...शेष पृष्ठ 14 पर

### सेवा ही सम्मान व अनुशासन ही पहचान : मुख्यमंत्री



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होमगार्ड के जवानों को सेवा का मूलमंत्र देते हुए कहा कि सेवा ही सम्मान है, अनुशासन ही पहचान है तथा राष्ट्रहित ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। शनिवार को उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के 63वें स्थापना दिवस समारोह में सम्मिलित होकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भव्य रैतिक परेड की सलामी ली और जवानों की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। उन्होंने कहा कि आपका अनुशासन, निष्ठा व त्याग हमारे समाज को सुरक्षित व संरक्षित बनाने में बड़ी भूमिका का निर्वहन करता है। आप केवल एक बल के स्वयंसेवक नहीं, बल्कि समाज के विश्वास के साथ ही प्रदेश सरकार की शक्ति हैं। इस अवसर पर उन्होंने ...शेष पृष्ठ 14 पर

### भारतीय सेना के लिए रूसी सैन्य उपकरण व पुर्जे का भारत में होगा निर्माण

नयी दिल्ली। रूस ने भारत को बेचे गए अपने हथियारों एवं रक्षा उपकरणों के रखरखाव के लिए सैन्य उपकरणों एवं अतिरिक्त पुर्जों का निर्माण भारत में ही करने को लेकर शुक्रवार को सहमति जताई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर वार्ता के दौरान समग्र द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर प्रमुखता से चर्चा हुई। सशस्त्र बलों की यह लंबे समय से शिकायत रही है कि रूस से महत्वपूर्ण पुर्जों और उपकरणों की आपूर्ति में काफी समय लगता है, जिससे देश से खरीदी गई सैन्य प्रणालियों का रखरखाव प्रभावित होता है। एक संयुक्त वक्तव्य में कहा गया, दोनों पक्ष प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से मेक-इन-इंडिया कार्यक्रम के तहत रूसी हथियारों और रक्षा उपकरणों के रखरखाव के लिए पुर्जों, घटकों और अन्य उत्पादों के भारत में संयुक्त विनिर्माण को प्रोत्साहित करने पर सहमत हुए। संयुक्त वक्तव्य के अनुसार, दोनों पक्ष भारतीय सशस्त्र बलों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संयुक्त उद्यम स्थापित करने तथा पारस्परिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## देश को गुलामी की मानसिकता से करना होगा मुक्त : मोदी

### जहां पूरी दुनिया टुकड़ों में बंट रही है, तो वहीं भारत सेतु का काम कर रहा है : मोदी

एजेंसी




नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से अगले 10 वर्षों में देश को गुलामी की मानसिकता से पूरी तरह मुक्त करने का शनिवार को आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आज हर क्षेत्र औपनिवेशिक मानसिकता को त्याग रहा है और गर्व के साथ नयी उपलब्धियों का लक्ष्य बना रहा है। उन्होंने कहा कि हिंदू विकास दर शब्द का प्रयोग तब किया गया था जब भारत 2-3 प्रतिशत की विकास दर के लिए तरस गया था। मोदी ने कहा भारत में मानसिक गुलामी के बीज बोने वाली मैकाले की नीति 2035 में 200 वर्ष पूरे कर लेगी। इसका मतलब है कि अभी 10 वर्ष बाकी हैं। इसलिए, इन्हीं 10 वर्षों में हम सभी को मिलकर अपने देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्त कराना होगा। उन्होंने एक समिट को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, देश के विकास को उसके लोगों की आस्था और उनकी पहचान से जोड़ना, यह उपनिवेशवाद की मानसिकता का प्रतीक था। मोदी ने कहा कि यह साबित करने का प्रयास किया गया कि भारत की धीमी विकास दर का कारण हिंदू संस्कृति है। उन्होंने कहा, आज के बुद्धिजीवी जो हर चीज में सांप्रदायिकता ढूंढते रहते हैं, उन्हें हिंदू विकास दर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## धामी ने बागेश्वर में आमजन से किया सीधा संवाद

### नागरिकों से संवाद कर योजनाएं बनाना 'मंथन व जनसंवाद' कार्यक्रम का उद्देश्य

प्रमुख संवाददाता



बागेश्वर (उत्तराखंड)। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज एक और महत्वपूर्ण पहल प्रारंभ की। जिसके तहत बागेश्वर जनपद के बैजनाथ में मंथन एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री धामी ने जनता के सीधे संवाद कर उनकी समस्यायों व सुझावों को विस्तारपूर्वक सुनकर समाधान का भरोसा दिलाया।

पर्यटक आवास गृह बैजनाथ मे आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य में स्थानीय लोगों की भागीदारी और सुझाव विकास का सबसे मजबूत स्तंभ हैं। मंथन एवं संवाद इसी दिशा का प्रयास है, जहां क्षेत्र की वास्तविक जरूरतें सीधे शासन तक पहुंचती हैं और योजनाएं जमीन की परिस्थितियों के अनुरूप ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** उत्तर प्रदेश की महिला टीम की धमाकेदार शुरुआत, पश्चिम बंगाल को 32-21 से हराया

# हैंडबॉल चैंपियनशिप का श्रीमती अलका दास गुप्ता ने किया उद्घाटन











फोटो : अमित वर्मा

खेल संवाददाता

लखनऊ। मेजबान उत्तर प्रदेश ने 37वीं फेडरेशन कप हैंडबॉल (पुरुष व महिला) चैंपियनशिप के महिला वर्ग में रोमांचक जीत से आगाज किया। अन्य मैचों में पुरुषों में राजस्थान, सीआईएसएफ जबकि महिलाओं में हिमाचल प्रदेश ने जीत दर्ज की। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित चैंपियनशिप का सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर किया जा रहा है। महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश ने पश्चिम बंगाल के खिलाफ 32-21 से जीत दर्ज की। मेजबान टीम शुरू में प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मैच में पिछड़ गयी थी लेकिन फिर यूपी ने चुस्त सर्विस व बेहतरीन रणनीति की बदौलत वापसी की और मध्यांतर तक 16-12 की बढ़त बना ली। यूपी की ओर से खुशबू ने सर्वाधिक 12 गोल दागकर जीत में अहम योगदान किया जबकि राजपति ने 6, नैना व रेशमा ने 4-4, प्रीति ने 3 व सुमन ने 2 गोल किए। पश्चिम बंगाल से बी.राभा व अनीशा ने 6-6 जबकि श्वेता व मनीषा ने 3-3 गोल किए। इससे पहले चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि ...शेष पृष्ठ 14 पर

# त्रिनेत्र 2.0 और स्मार्ट मॉनिटरिंग से कानून व्यवस्था हुई मजबूत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार सुशासन के अपने मॉडल को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए, तेजी से उन्नत तकनीकों को माध्यम बना रही है।

कानून व्यवस्था को मजबूत करने और न्याय प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए सरकारी तंत्र में डिजिटल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित समाधानों का दायरा लगातार विस्तृत और समृद्ध हो रहा है। इसका उद्देश्य अपराध नियंत्रण से लेकर न्याय की प्रक्रिया तक की दक्षता में वृद्धि करना है। गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्चीकृत क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला के उद्घाटन के दौरान कहा भी था कि ह्रअब प्रदेश में अपराधी के बचने का कोई रास्ता नहीं बचेगा। फोरेंसिक जांच अपराध की कड़ी को मिनटों में उजागर कर देगी और हर गंभीर मामले में वैज्ञानिक साक्ष्य निर्णायक भूमिका निभाएंगे।

- **एआई संचालित सुशासन का नया मॉडल पेश कर रहा यूपी**
- **एआई आधारित फोरेंसिक और जेल सुरक्षा प्रणाली ने बढ़ायी जांच और निगरानी की सटीकता**

राज्य पुलिस प्रणाली को स्मार्ट तथा अधिक सक्षम बनाने के लिए सरकार ने त्रिनेत्र 2.0 के रूप में एक नया उन्नत डिजिटल डेटाबेस तैयार किया है। यह एक एआई एन्हांस्ड प्लेटफॉर्म है, जिसमें पुलिस रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से सुरक्षित और व्यवस्थित किया जाता है। यह सिस्टम अपराधियों की पहचान और उनके इतिहास को समझने के काम को त्वरित और सटीक बनाता है। त्रिनेत्र फेशियल रिकग्निशन वॉइस आइडेंटिफिकेशन और टेक्स्ट बेस्ड क्वेरी जैसी आधुनिक तकनीकों के जरिए पुलिस को संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने में मदद मिलती है। इससे क्राइम के जांच की गति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।



जुलाई 2023 से प्रदेश के समस्त जनपदों में ऑपरेशन त्रिनेत्र प्रारम्भ किया गया, जिसके अन्तर्गत महत्वपूर्ण चौराहों, संवेदनशील स्थानों, हॉटस्पॉट, बैंक, स्कूल, कॉलेज, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, धार्मिक स्थल, मोबाइल टॉवर, पेट्रोल पम्प, ढाबा आदि स्थानों पर नागरिक स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से सीसीटीवी कैमरे लगाने की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी थी और 2025 की शुरुआत तक ही तक प्रदेश के समस्त थानों में चिन्हित स्थलों पर 11,07,782 सीसीटीवी कैमरों का अधिष्ठापन कर दिया गया है। और इसी का परिणाम है कि 2025 की शुरुआत तक ही त्रिनेत्र के माध्यम से डकैती, लूट सहित अन्य गम्भीर कुल 5,718 घटनाओं का सफल अनावरण किया गया। जेल प्रशासन को स्मार्ट बनाने की दिशा में भी योगी सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। राज्य की जेलों में एआई पावर्ड वीडियो एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म लागू किया गया है जो बंदियों की गतिविधियों पर रियल टाइम नजर रखने में सक्षम है। इसके माध्यम से किसी भी संदिग्ध हरकत या संभावित जोखिम की पहचान तुरंत हो जाती है जिससे जेल सुरक्षा में प्रभावी सुधार आया है। इसके साथ ही वरिष्ठ अधिकारी विभिन्न जेलों की स्थिति को रियल टाइम में मॉनिटर कर सकते हैं और आवश्यक निर्देश तत्काल जारी कर सकते हैं।

गोरखपुर में फोरेंसिक साइंस लैब के उन्नयन के बाद जांच एजेंसियों की वैज्ञानिक जांच क्षमता में भी उल्लेखनीय विकास हुआ है। अत्याधुनिक मशीनों और प्रशिक्षित विशेषज्ञों से लैस इस लैब ने अपराध जांच की गुणवत्ता को नई ऊंचाई दी है। सरकार का स्पष्ट मानना है कि आधुनिक फोरेंसिक तकनीकें अपराधों की सटीक और वैज्ञानिक जांच सुनिश्चित करती हैं और यही कारण है कि प्रदेश भर में फोरेंसिक और इन्वेस्टिगेटिव क्षमताओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इन सभी पहल का लक्ष्य उत्तर प्रदेश में सुशासन की ऐसी प्रणाली विकसित करना है, जिसमें पारदर्शिता दक्षता और तकनीकी सशक्तिकरण केंद्र बिंदु में हो। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार की यह रणनीति प्रदेश को एक सुरक्षित कानून आधारित और तकनीक संचालित राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

# पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता : केशव

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज जनपद मीरजापुर भ्रमण के दौरान अष्टभुजा निरीक्षण गृह सभागार में जनपद मीरजापुर के अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों व कानून व्यवस्था के प्रगति की समीक्षा कर जानकारी ली।

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने जनपद के चतुर्मुखी विकास, प्रशासनिक कार्य प्रणाली, जनता की समस्याओं का निस्तारण व जन कल्याणकारी योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाने तथा कानून व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री द्वारा एसआईआर कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली गई। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा संचालित सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र/गरीब व्यक्तियों तक समय से पहुंचाए। उन्होंने हर घर नल से जल योजना में गति देने का भी निर्देश दिया। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कहा कि अवैध रूप से जमीनो, पोखरो आदि कब्जा धारको के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें।

- **विकास, कानून-व्यवस्था व एसआईआर की प्रगति की उप मुख्यमंत्री ने की व्यापक समीक्षा**

उन्होंने कहा कि महिला से सम्बन्धित अपराध करने वाले अपराधियों को कड़ी-कड़ी से सजा दी जाए ताकि पुनः महिलाओं के साथ अपराध करने की हिम्मत न हो सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव में मनरेगा के तहत कार्य करने वाले श्रमिको/मजदूरो का भुगतान समय से सुनिश्चित कर दिया जाए। ग्राम पंचायतो में लगने वाले ग्राम चौपालो में अधिकारियों द्वारा जन समस्याएं सुनी जाए तथा उसका त्वरित निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी गरीब व्यक्ति कच्चे मकान व झोपड़ी मे न रहने पाए पूरी पारदर्शिता के साथ चिन्हित करते हुए आवास उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि निराश्रित महिलाओं (विधवा), दिव्यांग जन जो पात्र हो, उन्हें प्राथमिकता पर आवास उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्रीआवास योजना व मुख्यमंत्री आवास योजना में आवंटन व अन्य विकास कार्यों में जनप्रतिनिधिगण से भी वार्ता कर जानकारी ली जाए तथा बताए गए कार्यों पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एनआरएलएम समूह की महिलाओ को पोषाहार प्लांट लगाने हेतु प्रेरित किया जाए इसके अतिरिक्त भी यदि कोई छोटे-छोटे प्लांट/यूनिट लगाया गया हो या लगाना चाहता है तो उन्हें सोलर पैनल से आच्छादित किया जाए, इस योजना में उनके लिए सोलर पैनल लगवाने हेतु 90 प्रतिशत की छूट दी गई। उन्होंने जनपद में बनाए गए अमृत सरोवरो के बारे में जानकारी प्राप्त की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इन्जन सरकार मे देश व प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति/नागरिक मतदाता सूची से छूटने न पाए। पूरी पारदर्शिता के साथ शुद्ध मतदाता सूची तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो चुकी है, शिफ्टेड मतदाता अथवा अपात्र का नाम मतदाता सूची से हटाया जाए। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित करे कि कोई भी घुसपैठिया किसी भी हाल में मतदाता सूची मे शामिल न हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि कोई भी बीएलओ/कर्मचारी को किसी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु मार्ग निर्देशन मांगा जाता है, तो उनकी भी सम्मानजनक रूप से समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध मतदाता सूची तैयार होना महत्वपूर्ण है ताकि पात्र नागरिक मतदाता को अपने मतदान का अधिकारी मिल सके। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील, ब्लाक, थाना सहित अन्य विभागो में यदि कोई जनप्रतिनिधि किसी कार्य हेतु जाता है, तो सम्मानपूर्वक उसकी बातो को प्राथमिकता पर सुना जाए तथा यदि कार्य जायज हो तो ससमय समाधान कर उन्हें अवगत भी कराया जाए, यदि कार्य नियमानुसार समाधान करने योग्य नहीं है तो उन्हें कारण सहित अवगत करा दिया जाए। बैठक में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने एसआईआर प्रगति की जानकारी लेते हुए बताया कि जनपद में 98.2 प्रतिशत कार्य पूर्ण करा लिया गया है, शेष कार्य भी समय रहते पूर्ण करा लिया जाएगा। जनपद में वरिष्ठ अधिकारियों को लगाया गया है तो बीएलओ से भी मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान भी करा रहे है तथा एसआईआर कार्य में प्रगति के लिए गांव/मोहल्लो में लोगो को फार्म करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

# यूपी में इनक्यूबेशन सेंटर बने विकास के अग्रदूत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने पिछले आठ वर्षों में इनक्यूबेशन आधारित नवाचार को नई पहचान दी है। आज प्रदेश में कुल 76 इनक्यूबेशन सेंटर सक्रिय हैं। ये केंद्र विद्यार्थियों और युवाओं को विचार से उद्योग तक पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया में सहयोग देते हैं। सरकार का उद्देश्य हर जिले में ऐसा माहौल तैयार करना है जहां युवा सुरक्षित और संगठित तरीके से उद्यम शुरू कर सकें।

इसी लक्ष्य के तहत वित्तीय सहायता तकनीकी मार्गदर्शन और विशेषज्ञ नेटवर्क उपलब्ध कराया जा रहा है।

इनक्यूबेशन सेंटर वह स्थान है, जहां नए आइडिया को विकसित कर सफल कारोबार में बदलने के लिए सभी आवश्यक संसाधन एक ही स्थान पर उपलब्ध कराए जाते हैं। यह ऐसा केंद्र है जो स्टार्टअप को उसके जन्म से लेकर उसके पांव जमाने तक मार्गदर्शन, सहायता और सुविधाएं प्रदान करता है। इनक्यूबेशन सेंटर की स्थापना से उद्यमियों की कई चुनौतियां सरल हो गई हैं। यहां शुरूआती चरण में

- **प्रदेश में 8 वर्षों में विकसित हुआ सशक्त इनक्यूबेशन इकोसिस्टम**

जरूरी प्रशिक्षण कानूनी सलाह बाजार से जुड़ी जानकारी तकनीकी मार्गदर्शन और निवेशकों से संपर्क जैसे सभी तत्व एक ही स्थान पर उपलब्ध होते हैं। इससे किसी भी स्टार्टअप की सफलता की संभावना बढ़ जाती है। इन केंद्रों ने युवाओं में उद्यमिता की भावना को मजबूत किया है और उन्हें जोखिम लेने का आत्मविश्वास दिया है। पिछले आठ वर्षों में इन केंद्रों से जुड़े हजारों युवाओं ने अपनी पहचान बनाई है। कृषि तकनीक शिक्षा स्वास्थ्य सेवा और डिजिटल सेवाओं जैसे क्षेत्रों में काम करने वाले कई स्टार्टअप प्रदेश के भीतर और बाहर अपनी उपयोगिता सिद्ध कर चुके हैं। इन स्टार्टअप ने रोजगार भी बढ़ाया है और स्थानीय समस्याओं के समाधान भी प्रदान किए हैं। इससे उत्तर प्रदेश के आर्थिक ढांचे को नई दिशा मिली है। स्टार्टअप विशेषज्ञ विनीत का कहना है कि उत्तर प्रदेश सरकार स्टार्टअप को बढ़ावा देने का ठोस प्रयास कर रही है। इन्क्युबेटर्स की स्थापना से स्टार्टअप्स को बड़ी मदद मिलती है। शुरूआत में स्टार्टअप्स को बहुत दिक्कतें आती है, ऐसे में इन्क्युबेटर्स बड़े सहायक होते हैं। योगी आदित्यनाथ सरकार का मानना है कि इनोवेशन और तकनीक आधारित उद्यम ही भविष्य की अर्थव्यवस्था का आधार तैयार करेंगे। इनक्यूबेशन सेंटर इसी सोच का विस्तार हैं।

## लोकदल अध्यक्ष ने एयरलाइन्स के किराये पर कसा तंज

**लखनऊ।** लोकदल के अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि सरकार की आपदा पैदा करो और फिर अवसर पैदा करो नीति एक बार फिर उजागर हो गई है। देश में कृत्रिम संकट खड़ा कर एयरलाइन्स किराये को आसमान पर पहुंचा दिया गया है। दिल्ली से मुंबई इकोनॉमी क्लास का किराया 80,000 रुपये और कोलकाता से मुंबई का किराया 90,000 रुपये है। क्या यही है वह अमृतकाल, जिसमें आम आदमी हवाई यात्रा तो दूर, ट्रेन की सामान्य यात्रा भी मुश्किल हो गई है? जब सरकार ही आपदा बन जाए, तब महंगाई को अवसर मानकर जनता से वसूली करना सामान्य हो जाता है।

## रोजगार मेले में 605 अभ्यर्थियों ने किया प्रतिभाग

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में ग्रे-सिम लर्निंग्स फाउण्डेशन एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के सहयोग से बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में कुल 33 प्रतिष्ठित कम्पनियों को प्रतिभाग के लिए आमंत्रित किया गया था। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि मेले में युवाओं को अधिकतम रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख कम्पनियों को शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि यह मेला प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम के क्रियान्वयन को गति देने और प्रशिक्षित युवाओं को उद्योगों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। ट्रेनिंग, काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी एमए खां ने जानकारी दी कि रोजगार मेले में कुल 605 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 476 अभ्यर्थियों का विभिन्न कम्पनियों द्वारा चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को 10,000 रुपये से 27,000 रुपये प्रतिमाह तक वेतन तथा अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

# वर्ष 2029-30 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनेगा उत्तर प्रदेश: योगी

**नई दिल्ली/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत विकसित भारत के विजन 2047 को साकार करने में उत्तर प्रदेश की भूमिका सबसे अहम है। शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित एक निजी समाचार पत्र के कॉन्क्लेव में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत को वर्ष 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प तभी पूरा हो सकता है जब देश की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य समान गति और संकल्प के साथ आगे बढ़े।

मुख्यमंत्री योगी के अनुसार, इसी उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार ने व्यापक विमर्श और जनभागीदारी के आधार पर राज्य का विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया है जिसमें जनप्रतिनिधियों तथा जनता दोनों के सुझाव शामिल किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अनुसार विकसित भारत के निर्माण में उत्तर प्रदेश को अपनी भूमिका मजबूत करनी होगी। इसके लिए विधानसभा में

- **प्रदेश में विजन 2047 को साकार करने के लिए 98 लाख सुझावों पर आधारित 12 सेक्टरों वाला विजन डॉक्यूमेंट हो रहा तैयार: मुख्यमंत्री**

27 घंटे तक लगातार चर्चा कराई गई, जिसमें सभी दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही जनता से भी व्यापक स्तर पर सुझाव मांगे गए और अब तक 98 लाख विचार प्राप्त हुए। इन सुझावों को आधार बनाकर राज्य के 12 प्रमुख सेक्टरों के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश का लक्ष्य वर्ष 2029-30 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का है और राज्य की वर्तमान प्रगति इस दिशा में उत्साहजनक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तर प्रदेश 'विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश' और 'आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' के संकल्प को पूरा करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निवेश के क्षेत्र में हुए बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रारंभिक दौर में कई उद्यमी उत्तर प्रदेश लौटने से हिचकिचाते थे और राज्य के प्रति नकारात्मक धारणा रखते थे। योगी ने कहा कि उन्होंने उद्योग जगत को भरोसा दिलाया कि नया उत्तर प्रदेश उन्हें अवश्य दिखाई देगा।

# किसान पाठशालाओं में हिस्सा लें किसान : शाही

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किसानों से अपील की है कि वे रबी सत्र 2025-26 के लिए आयोजित की जाने वाली किसान पाठशालाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें तथा कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचार को अपनाकर मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रखते हुए कम लागत में अधिक लाभ कमाएं।

कृषि विभाग द्वारा रबी सत्र 2025-26 में ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी/किसान पाठशालाओं के आयोजन के सम्बन्ध में समस्त जनपदीय उप कृषि निदेशकों को निर्देश जारी किए गए हैं। इन गोष्ठियों/पाठशालाओं का आयोजन गत वर्ष 2024-25 की भाँति ही योजनाओं के कन्वर्जन्स से प्रस्तावित है, जिसमें आरकेवीवाई (द मिलियन फार्मर्स स्कूल), दलहन विकास की नवीन योजना तथा तिलहन विकास की राज्य पोषित योजना के प्रसार सम्बन्धी मदों का उपयोग किया जाएगा। इस प्रस्तावित कार्यक्रम के अंतर्गत, सबसे पहले मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 08 दिसम्बर को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित होगा। इसके बाद, जनपद स्तरीय ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम 09 से 10 दिसम्बर के मध्य होगा, और ट्रेनर्स मूल्यांकन कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 11 दिसम्बर को

- **12 से 29 दिसम्बर तक आयोजित की जायेंगी ग्राम पंचायत स्तरीय किसान पाठशालाएं**
- **मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 8 दिसम्बर से**

सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक चलेगा। ग्राम पंचायत स्तर पर दो दिवसीय गोष्ठियों/पाठशालाओं का शुभारम्भ 12 दिसम्बर को होगा। ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठियों/पाठशालाओं का आयोजन 12 दिसम्बर से 29 दिसम्बर की अवधि में अपराह्न 2:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्राथमिकता के आधार पर पैक्स सोसायटी, किसान कल्याण केन्द्र, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं प्राथमिक विद्यालयों का चयन करने का निर्देश दिया गया है। इन गोष्ठियों में प्रति ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी/किसान पाठशाला में 80 से 100 कृषकों की सहभागिता सुनिश्चित कराई जाएगी। आयोजन से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण निर्देशों में रबी-2025-26 की कार्य योजना को दिए गए भौतिक लक्ष्यों के अनुसार तैयार कर मुख्यालय को 8 दिसंबर तक उपलब्ध कराना शामिल है। प्रत्येक विकास खण्ड में सर्वाधिक क्षेत्राच्छादन वाली चार प्रमुख फसलों का चयन किया जाएगा। पिछले तीन वर्षों की सर्वाधिक उत्पादकता प्राप्त करने वाले 5 प्रगतिशील कृषकों/कृषि सखियों का चयन किया जाएगा, जिनमें से नामित 02 प्रगतिशील कृषकों द्वारा प्रथम और द्वितीय दिवस में पहले आधा घंटा उद्बोधन कराया जाएगा।

# अखिलेश यादव ने शेख सलीम चिश्ती की दरगाह पर चढ़ायी चादर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने फतेहपुर सीकरी में शेख सलीम चिश्ती की दरगाह पर चादर चढ़ाकर देश की तरक्की, अमन-चैन, भाई-चारे के लिए दुआ मांगी। उन्होंने बुलंद दरवाजा समेत ऐतिहासिक इमारतों को देखा। इस अवसर पर मैनपुरी से सांसद डिम्पल यादव और राज्य सभा सांसद जया बच्चन मौजूद रही।

- **साथ में सांसद डिम्पल और राज्यसभा सांसद जया बच्चन रहीं मौजूद**
- **सपा अध्यक्ष ने की अपील, अपना वोट बनवाये और वोटर लिस्ट में जुड़वायें**



अखिलेश यादव ने कहा है कि आज हम सभी लोग बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को उनके परिनिर्वाण दिवस पर याद कर रहे हैं। बाबा साहब ने देश को संविधान दिया है। उसी संविधान की वजह से हक और अधिकार मिल रहा है। संविधान की किताब पीडीए के लिए किस्मत की किताब है। यह किस्मत की किताब न होती तो हम लोगों को न जाने किस-किस परिस्थिति का सामना करना पड़ता। सभी लोगों ने देखा है कि वर्चस्ववादी और ताकतवर लोगों ने कई बार पीडीए के लोगों का अपमान किया है। सुप्रीम कोर्ट में जूता तक फेक दिया गया। आगरा दौरे के दौरान शनिवार को मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि आज हर तरफ एसआईआर की चर्चा है। सभी लोगों को वोट बनवाना है। वोट कटने से बचाना है। वोट जोड़ना है। चुनाव आयोग का काम है ज्यादा से ज्यादा लोगों का वोट बने। वोट जुड़े लेकिन देखा जा रहा है एसआईआर के बहाने कुछ लोग वोट काटना चाहते है। पहली बार सुनने में आ रहा है कि संविधान से बनी हुई संस्था वोट बनवाने से ज्यादा वोट कटवाने की चिंता कर रही है।

उन्होंने कहा कि मेरी हर नागरिक से अपील है कि अपना वोट बनवाये और वोटर लिस्ट में जुडवाएं। उन्होंने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में आगरा समाजवादियों के पक्ष में ऐतिहासिक परिणाम देगा। आगरा के लोगों ने महसूस कर लिया है कि आगरा में मेट्रो समाजवादी सरकार की देन है। भाजपा सरकार में नदियों की स्थिति बेहद खराब हो गयी है। नदियों के सफाई को लेकर भाजपा सरकार के सारे दावे झूठे हैं। सपा की सरकार बनते ही आगरा में यमुना नदी पर लखनऊ के गोमती नदी जैसा रिवरफ्रंट बनाया जाएगा। यमुना नदी भी मथुरा से लेकर आगरा तक साफ बहेगी।

अखिलेश यादव ने कहा कि सपा ने भाजपा से समीकरण बनाना सीख लिया है। चुनाव में समीकरण बनाकर जो प्रत्याशी जनता की सेवा करता होगा उसे चुनाव में मौका देंगे। आगरा की पहचान पूरी दुनिया में ताजमहल और दरगाह की वजह से है। लोगों के हुनर की वजह से है। इसे आगे बढ़ाया जायेगा। उन्होंने कहा कि फतेहपुर सीकरी हमारी मिली-जुली संस्कृति की याद दिलाता है। हम लोग मिलजुल कर रहते रहे हैं। हमारे हिन्दुस्तान की यही पहचान है कि अलग-अलग जाति-धर्म के लोग मिलकर साथ रहते है। शेख सलीम चिश्ती की दरगाह की लोगों में बहुत आस्था है। इस दरगाह को पूरी दुनिया में बहुत सम्मान से देखा जाता है।

# बाबा साहब के विचार और भी ज्यादा प्रासंगिक हैं : प्रमोद तिवारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के मौके पर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर एक स्मृति सभा आयोजित हुई। जिसमें कांग्रेसजनों ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की। स्मृति सभा का संचालन वरिष्ठ नेता बिजेन्द्र सिंह ने किया।



कार्यक्रम की शुरूआत से पूर्व बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर राज्यसभा में उपनेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, सांसद तनुज पुनिया एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता, पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह ने पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेड़कर जी के परिनिर्वाण दिवस के मौके पर आयोजित स्मृति सभा में संबोधित करते हुए राज्यसभा में उपनेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी ने कहा कि बाबा साहब का जीवन हमें संविधान की मूल भावना-समता, स्वतंत्रता और बंधुता को मजबूत करने का संदेश देता है। आज के समय में उनके विचार और भी ज्यादा प्रासंगिक हैं, जब समाज में भाईचारा, संवैधानिक अधिकारों की रक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों को संजोने की आवश्यकता पहले से अधिक है। उनके संघर्ष, त्याग और दूरदर्शिता ने भारत को एक आधुनिक, न्यायपूर्ण और समानता पर आधारित राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। प्रमोद तिवारी ने कहा कि हम सभी को बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलते हुए उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना होगा तथा संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध होना होगा यही हम सभी की ओर से उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन, सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारत में दलितों के उत्थान, सम्मान, अधिकार और सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए ऐतिहासिक, बहुआयामी और क्रांतिकारी कार्य किए। उन्होंने न केवल सामाजिक आंदोलन खड़ा किया, बल्कि कानून, शिक्षा, राजनीति और संगठनात्मक प्रयासों से दलितों के जीवन को नई दिशा दी। सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन दलितों के उत्थान की गाथा है। उन्होंने सत्ता, समाज और संरचना तीनों स्तरों पर बदलाव की लड़ाई लड़ी। उनका योगदान भारत में दलितों को सम्मान, समान अधिकार, शिक्षा, राजनीतिक शक्ति और आत्मसम्मान दिलाने की नींव है। स्मृति सभा में सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर सिर्फ संविधान के शिल्पकार ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता, मानवाधिकार और शिक्षा के सबसे बड़े पुरोधा थे। उन्होंने भारत के कमजोर, वंचित और वंचित समुदायों को सम्मान, अधिकार और पहचान दिलाने के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। स्मृति सभा में राष्ट्रीय प्रवक्ता पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह, रिटायर्ड आईएएस अनीस अंसारी, पूर्व मंत्री राजबहादुर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. लालती देवी आदि ने भी संबोधित किया।

# यूपी के शहद को मिलेगा वैश्विक बाजार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** निदेशक उद्यान बीपी राम ने बताया कि एपीडा एवं न्यूजीलैंड के मध्य कृषि एवं शहद उत्पादकता साझेदारी कार्यक्रम के तहत न्यूजीलैंड कृषि मंत्रालय के मैनेजर ट्रेड प्लान इम्प्लीमेंटेशन एशन जयवर्धने तथा एपीडा के संदीप साहा ने उत्तर प्रदेश के बाराबंकी, लखनऊ तथा रायबरेली के प्रमुख शहद उत्पादक क्षेत्रों का दौरा किया।

- **एपीडा व न्यूजीलैंड प्रतिनिधिमण्डल ने लखनऊ, बाराबंकी एवं रायबरेली के शहद उत्पादक क्षेत्रों का किया भ्रमण**



दौरे के अंतर्गत प्रतिनिधिमण्डल ने बाराबंकी के देवा रोड स्थित फतेहपुर रजौली गांव में निमित सिंह द्वारा संचालित मधुमक्खी उत्पादन, प्रोसेसिंग एवं एक्सपोर्ट यूनिट का भी निरीक्षण किया। निमित सिंह एवं उनकी टीम द्वारा अनेक किसानों का एक समूह बनाकर उन्हें शहद के निर्यात से जोड़ने के प्रयासों की सराहना की गई। इसके साथ ही टीम द्वारा गोसाईगंज, लखनऊ के मधुमक्खी पालक बृजेश कुमार वर्मा की प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण किया गया। उनकी इकाई कई स्वयं सहायता समूहों एवं मधुमक्खी पालक कृषकों को जोड़कर शहर में शहद की प्रोसेसिंग और मार्केटिंग का सराहनीय कार्य कर रही है। इसी क्रम में प्रतिनिधिमण्डल ने राजकीय औद्यानिक प्रक्षेत्र, शिवगढ़ (रायबरेली) में निमार्णाधीन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर हनी का निरीक्षण किया। टीम ने प्रक्षेत्र की हाईटेक नर्सरी का भी निरीक्षण किया जहाँ उन्नत पौध उत्पादन की प्रक्रियाएं प्रदर्शित की गईं। निरीक्षण के बाद दल ने मधुमक्खी पालकों, संग्राहकों और निर्यातकों से संवाद स्थापित किया तथा शहद उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन की चुनौतियों व अवसरों पर विचार-विमर्श किया। प्रतिनिधिमण्डल ने तकनीकी सुधारों एवं निर्यात संवर्धन की संभावनाओं पर सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की।

संक्षेप

## आठ पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

**प्रतापगढ़।** मारपीट व धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे वीरबल गांव निवासी राघवराम यादव पुत्र रामफल यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि चार दिसंबर को दोपहर करीब ढ़ाई बजे उसके पिता घर के दरवाजे पर बैठे थे। पीड़ित का आरोप है कि इसी बीच गांव के राजकुमार यादव तथा उसके पुत्रगण अनुज, अंकित व नीरज तथा राजकुमार यादव के भाई रामकुमार यादव व तीन अज्ञात लोग वहां पहुंचे और पीड़ित के पिता को मारने पीटने लगे। बीचबचाव करने पहुंचे पीड़ित को भी आरोपियों ने मारापीटा व धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## वांछित गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** अपहरण के वांछित को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। कोतवाली के दरोगा बृजेश कुमार पुलिस फोर्स के साथ शनिवार की सुबह गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर अपहरण के मुकदमें में वांछित अमेठी जनपद के सकरावा गौरीगंज निवासी मंसूर पुत्र मकबूल को क्षेत्र के मेढावां मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किये गये वांछित को जेल भेज दिया गया है।

## आंबेडकर के विचार सदैव सामाजिक रहे

**लालगंज,रायबरेली।** लालगंज नगर के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय में आयोजित डॉक्टर अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर बोलते हुए जिला प्रचारक अजीत ने कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर एक महान नेता, समाज सुधारक और विचारक थे। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और समाज में व्याप्त अमानवीय कुप्रथाओं के खिलाफ संघर्ष किया। उनके विचारों में समानता, न्याय, और मानवाधिकारों का महत्व शामिल है। उन्होंने शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता, और सामाजिक न्याय पर बल दिया। उनके सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करते हैं। आंबेडकर के विचार हमें एक समृद्ध और समावेशी समाज बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर डॉक्टर अंबेडकर के चित्र पर पुष्पार्चन भी किया गया।

## बीएलओ को किया गया सम्मानित

महराजगंज, रायबरेली। नगर पंचायत के बूथ संख्या 260 की बीएलओ मीना सोनकर को शत-प्रतिशत एसआईआर सत्यापन कार्य पूरा करने पर सम्मानित किया गया है। शनिवार को नगर पंचायत सभागार में उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने उन्हें अंगवस्त्र और तीन हजार रुपये की चेक देकर सम्मानित किया। मीना सोनकर ने निर्धारित समय से पहले ही 1099 मतदाताओं का एसआईआर सत्यापन कार्य पूर्ण कर लिया। उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने बताया कि नगर पंचायत के कुल छह बूथों में से बूथ संख्या 260 का कार्य शत-प्रतिशत पूरा हो गया है। शेष पांच अन्य बूथों पर भी 90 प्रतिशत एसआईआर का काम पूरा हो चुका है, और अगले एक-दो दिन में उनका भी शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण हो जाएगा इस अवसर पर ईओ रामाशीष वर्मा, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, क्षेत्रीय लेखपाल संतोष पटेल, लिपिक रामचंद्र और जमुना प्रसाद सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# वकीलों का सुविधाओं के लिए सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

### जौनपुर में अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा को लेकर दिखी गर्मजोशी




**जौनपुर।** ऑल इण्डिया रूरल बार एसो. के बैनरतले अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की मांग को लेकर शनिवार को यहां अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा पहुंची। लखनऊ से निकली अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा सुल्तानपुर होते हुए दोपहर बाद जौनपुर दीवानी न्यायालय परिसर में मांगो के समर्थन में नारेबाजी के साथ पहुंची। एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ला व राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश की अगुवाई में पहुंची यात्रा के जरिए साथियों को मांगों के प्रति परिसर में जागरूक भी किया गया। वही पिछले कई वर्षो से अधिवक्ताओं की सुरक्षा की मुहिम में समर्थन देने वाले अधिवक्ताओं को यात्रा के दौरान सम्मानित भी किया गया। एसो. के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कहा संसद के शीतकालीन सत्र का पहला सप्ताह बीत गया। उन्होने कहा कि इस दौरान केन्द्र सरकार ने कई विधेयक प्रस्तुत किये पर उसे वकीलों की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर कानून बनाने की चिन्ता नही है। उन्होने कहा कि यदि सरकार ने अधिवक्ताओं के सुरक्षा व सम्मान को लेकर जल्द कदम नही उठाया तो अधिवक्ता नई दिल्ली कूच कर संसद भवन के सामने कड़ा विरोध दर्ज करायेंगे। एसोसिएसन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने कहा कि केंद्र को एसो. द्वारा ज्ञापनों के जरिए इस विधेयक के जरिये यह मसौदा दिया गया है कि वह बुजुर्ग अधिवक्ताओं के पेंशन और वकीलों के सामूहिक स्वास्थ्य बीमा सहित युवा अधिवक्ताओं के लिए पुस्तकालय प्रोत्साहन भत्ता को कानूनी मान्यता प्रदान करे। सुरक्षा यात्रा के दौरान दीवानी अधिवक्ता संघ के सामने एकजुट हुए वकीलों ने नारेबाजी के जरिए अपनी मांगो का शंखनाद किया। वहीं सुरक्षा यात्रा में शामिल एसोसिएसन के पदाधिकारियों ने दीवानी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुभाषचंद्र यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता इंद्रनाथ पाण्डेय, ओमप्रकाश दुबे, वीरेन्द्र नाथ मिश्र, प्रीती पाण्डेय, आशू यादव आदि अधिवक्ताओं को मान पत्र प्रदान कर सुरक्षा मुहिम में सहयोग के लिए सम्मानित भी किया। अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा का संयोजन एसोसिएसन के प्रान्तीय संयोजक विकास मिश्र ने किया। इस मौके पर हरेकृष्ण तिवारी, अनिल कुमार तिवारी, सुनील गुप्ता, निधि निगम, विपिन सिंह, लालमणि पाल, रीता सरोज, चंद्रसेन सिंह, प्रवीण आदि अधिवक्ता रहे।

## डेवलपिंग लाइब्रेरी इंटरनेशनल सेमिनार में डॉ. राजेश पांडेय ने रखे विचार

**सुलतानपुर (वीओएल)।** पुणे, महाराष्ट्र में डेवलपिंग लाइब्रेरी, नई दिल्ली द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में कमला नेहरू संस्थान की ओर से डॉ. राजेश पांडेय, उप-पुस्तकालयाध्यक्ष ने प्रतिभाग कर जिले का नाम रोशन किया। तीन दिवसीय ( 3 से 5 दिसंबर ) इस सेमिनार में देश-विदेश से आए विशेषज्ञों ने आधुनिक पुस्तकालय प्रबंधन, डिजिटलाइजेशन और पढ़ने की संस्कृति को गाँव तक पहुँचाने पर अपने विचार साझा किए। अपने प्रभावी वक्तव्य में डॉ. पांडेय ने कहा कि कमला नेहरू संस्थान मात्र एक शिक्षण केंद्र नहीं, बल्कि पूज्य बाबू केदारनाथ सिंह का साकार हुआ स्वप्न है, जिन्होंने 1972 में संस्थान की स्थापना हर हाथ को काम और हर युवा को उच्चस्तरीय शिक्षा के संकल्प के साथ की थी। उन्होंने कहा कि संस्थापक केवल स्वप्नदर्शी ही नहीं, बल्कि उन्हें पूर्ण करने वाले महान दूरदर्शी व्यक्ति थे। डॉ. पांडेय ने वर्तमान प्रबंधक एवं विधायक विनोद सिंह, संस्थान के प्राचार्य तथा संपूर्ण शिक्षक-कर्मचारी दल को धन्यवाद ज्ञापित किया, जिन्होंने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय मंच पर संस्थान का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने बताया कि सेमिनार में पुस्तकालय सेवाओं को अंतिम गाँव तक पहुँचाने और जनता में पढ़ने की रुचि बढ़ाने के लिए कई उपयोगी सुझाव मिले, जिन्हें संस्थान में लागू करने का प्रयास किया जाएगा। सेमिनार के दौरान 4 दिसंबर को आईआईटी पुणे की निदेशक एवं पुस्तकालय निदेशिका डॉ. अनीता देशपांडेय ने उन्हें पुस्तकालय भ्रमण हेतु आमंत्रित किया तथा पुस्तकालय उन्नयन पर विस्तृत चर्चा कर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के दीपक सैनी, ईटरनल यूनिवर्सिटी की मीनाक्षी बरुआ, केडीके कॉलेज नागपुर के जी.के. नारवर तथा आयुष विज्ञान विभाग के पुस्तकालय निदेशक डॉ. हाशमी सहित कई आदि उपस्थित रहे।

## मारपीट और धमकी का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे नीर लोका गांव की संतोषा देवी पत्नी लालता सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चार दिसंबर की शाम करीब सात बजे रंजिश को लेकर गांव के अभय पुत्र राजेश सिंह ने उसे तथा उसके पति को मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इधर दूसरे पक्ष की कमलेश देवी पत्नी राजेश सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर संतोषा देवी आदि पर मारपीट का आरोप लगाया है।

## आंबेडकर के बताये रास्ते पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि



**प्रतापगढ़।** विकासखण्ड सांगीपुर की ग्राम पंचायत मंगापुर में शनिवार को बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख रामकृपाल पासी ने कहा कि बाबा साहब का सामाजिक न्याय और समानता के अधिकार का संघर्ष आज भी प्रेरणास्पद है। कार्यक्रम में अध्यक्षता करते हुए वीरेन्द्र कुमार सरोज ने कहा कि बाबा साहब के बताये रास्ते पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। कार्यक्रम का संचालन पिछड़ा वर्ग के ब्लाक अध्यक्ष शिवकुमार साहू ने किया। इस मौके सुरेश सरोज, जगजीवन कोरी, गयादीन चौधरी, सुरेन्द्र सरोज, विन्देश्वरी प्रसाद, अरविंद यादव, नन्हें गौतम आदि ने अपने विचार रखे।

## बारात में मारपीट, अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** बारात में डांस के दौरान हुई मारपीट की घटना में ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर गैरइरादतन हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के उप निरीक्षक राजेन्द्रराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पूरे चोप सिंह गांव क्षेत्र में गश्त के दौरान ग्रामीणों से सूचना मिली कि गांव निवासी शिवशंकर पाण्डेय पुत्र स्व0 लालता प्रसाद पाण्डेय के यहां बीती उन्तीस नवंबर को आयी बारात में डांस के दौरान डीजे पर गाना बजाने को लेकर नशे की हालत में लोगों ने मारपीट की। जिसमें शैलेन्द्र कुमार सोनी व विवेक कुमार सोनी गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना जांच में सही पाए जाने पर दरोगा की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गैरइरादतन हत्या के प्रयास समेत कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## बारात में हुई मारपीट में तीन पर केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने बारात में हुई मारपीट की घटना पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के दर्रा गांव निवासी राहुल सिंह पुत्र मनोज सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चार दिसंबर की रात करीब दस बजे सांगीपुर में बारात गये उसके भाई आदर्श सिंह को मारापीटा। आरोपीगण नौवानार निवासी अभिषेक सिंह व लखहरा निवासी प्रांशू सिंह व प्रियांशू सिंह ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। एसओ राजेन्द्र त्रिपाठी का कहना है कि जांच के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## सामूहिक विवाह 17 को, बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद कार्यक्रम में मिलेगा पात्र जोड़ों को प्रवेश

**अमेठी।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत जिले में सामूहिक विवाह की तिथि 17 दिसम्बर निर्धारित की गई है। सामूहिक विवाह के लिए साढ़े पांच सौ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। सामूहिक विवाह के लिए आवेदन करने वाले जोड़ों की पात्रता की जांच के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों से स्थलीय और भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। पिछले वर्ष सामूहिक विवाह योजना में भ्रष्टाचार को लेकर उत्तर प्रदेश के कई जिलों से खबरें अखबारों में प्रकाशित हुई थी। सामूहिक विवाह योजना का लाभ लेने वाले तमाम जोड़े ऐसे थे जो पहले शादी कर चुके थे और सरकार की योजना का लाभ समाज कल्याण विभाग के ब्लाक स्तरीय अधिकारियों और दलालों की मिलीभगत से लिया था। इस बार शासन की ओर से योजना के क्रियान्वयन को लेकर सख्ती दिखाई जा रही है। कार्यक्रम का आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय, गौरीगंज में किया जाएगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के गरीब परिवारों की पुत्रियों के विवाह हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रति जोड़ा 1,00,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसमें 60,000 कन्या के बैंक खाते में दाम्पत्य जीवन में सहयोग हेतु, 25,000 वैवाहिक उपहार सामग्री हेतु तथा 15,000 कार्यक्रम आयोजन मद में व्यय किए जाने का प्रावधान है। जिले को इस योजना के लिए 308 जोड़ों का लक्ष्य आवंटित किया गया है। निर्धारित तिथि को सभी आवेदित पात्र जोड़ों का बायोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन सुबह 7 बजे से कार्यक्रम स्थल पर किया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने सभी पंजीकृत पात्र जोड़ों से अनुरोध किया है कि वे समय से पहुंचकर बायोमैट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण कराएँ, जिससे योजना का लाभ सुचारू रूप से प्रदान किया जा सके।

## बीइओने विद्यालय का किया निरीक्षण

**तिलोई, अमेठी।** बीइ ओ सिंहपुर हरिओम तिवारी ने शनिवार को संत पथिक इंटर कॉलेज महेशपुर का औचक निरीक्षण किया। बीइओ ने विद्यालय के अभिलेखों का रखरखाव क्लासों में साफ- सफाई देखा और अध्यनरत बच्चों से कई प्रश्न किए जिसका बच्चों ने भी बखूबी जवाब दिया। विद्यालय की गुणवत्तायुक्त शिक्षा व्यवस्था देखकर बीइ ओ हरिओम तिवारी काफी प्रभावित हुए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्रीकांत त्रिपाठी, प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस में आयीं 102 शिकायतें 7 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान तहसील दिवस में फरियादियों की उम्मीदों को झटका लगा। कुल 102 शिकायतों में से अधिकारियों ने मौके पर सिर्फ 7 मामलों का ही निस्तारण कर पाया। बाकी मामलों को संबंधित विभागों को अग्रसारित कर दिया गया इन दिनों एसआईआर प्रक्रिया बड़े स्तर पर चलने के कारण अफसर व विभागीय कर्मचारी गांव-गांव जाकर फील्ड कार्यों में व्यस्त हैं। इसका सीधा असर तहसील दिवस पर देखने को मिला, जहां ज्यादातर विभागीय अधिकारी समय से मौजूद तो रहे, लेकिन शिकायतों के समाधान में गति नहीं दिखा सके। एसडीएम जयसिंहपुर प्रभात सिंह और क्षेत्राधिकारी रामकृष्ण चतुवेर्दी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। मौके पर सिर्फ कुछ ही मामलों का समाधान होने पर शेष फरियादी मायूस होकर लौट गए। एसडीएम प्रभात सिंह ने बताया कि लंबित सभी शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

## बिजली बिल राहत कैम्प से उपभोक्ताओं को मिल रही सहूलियत

भेटुआ ,अमेठी। नौगिरवा विद्युत उपकेंद्र के द्वारा हारीपुर बाजार मे शनिवार प्रातः साढ़े नौ बजे से साढ़े पांच बजे तक बिजली बिल राहत योजना के अंतर्गत एक कैम्प लगाया गया। इस कैप का उद्देश्य बिजली के बकाया दारों को प्रोत्साहित करना है इस कैम्प मे लम्बे समय से बिजली बिल न जमा करने वालो को पचास प्रतिशत तक की छुट प्रदान की गयी। बिजली बिल राहत के लिए तीन चरण बनाये गये है। पहला चरण एक दिसम्बर से एक तीस दिसम्बर तक इसमे सौ प्रतिशत व मूल मे पच्चीस प्रतिशत तक छूट मिलेगी। दूसरे चरण मे एक जनवरी से इकतीस जनवरी छब्बीस तक ब्याज मे सौ प्रतिशत व मूल मे बीस प्रतिशत व तीसरे चरण मे एक फरवरी से 31 फरवरी दो हजार छब्बीस तक ब्याज मे सौ प्रतिशत व मूल मे 18 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

## छियासी शिकायतों में पांच का हुआ निस्तारण

**प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील सभागार में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। एएसपी पश्चिमी व एसडीएम ने फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई की। समाधान दिवस पर कुल छियासी शिकायतें आयी। जिनमें से पांच का शिकायतों का अफसरो ने मौके पर निस्तारण कराया। सर्वाधिक शिकायते राजस्व विभाग से जुडी सैतालिस व पुलिस की तेईस रही। एएसपी पश्चिमी ने थानाध्यक्षों को फरियादियों की शिकायतों पर तत्परता से कार्रवाई करने के निर्देश दिये। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने मातहतों को लम्बित शिकायतों के पारदर्शितापूर्ण निस्तारण की बात कही। सीओ आशुतोष मिश्र ने भी पुलिस से जुड़ी समस्याओं का निस्तारण किया। इस मौके पर पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ल, एसडीओ विद्युत आशुतोष कुमार, राजस्व निरीक्षक रामचंद्र त्रिपाठी, लेखपाल संघ अध्यक्ष केके सरोज आदि रहे।

## आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज रविवार को रामपुरखास के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी दोपहर बारह बजे भागवतदत्त महाविद्यालय अझारा में आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद अपरान्ह दो बजे क्षेत्रीय विधायक व नेता कांग्रेस विधानमण्डल दल आराधना मिश्रा मोना के लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे एवं कार्यकताओं से मुलाकात भी करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जारी विज्ञप्ति के जरिए दी है।

## भिनगा में तहसील समाधान दिवस आयोजित



**श्रावस्ती।** डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय एवं एसपीराहुल भाटी की अध्यक्षता में तहसील भिनगा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने समाधान दिवस में पहुँची शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए सम्बन्धित विभागों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान डीएम एवं एसपीने कुल 04 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया। तहसील भिनगा में कुल 15 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 4 का तत्क्षण निस्तारण किया गया, जबकि शेष आवेदनों को समयबद्ध ढंग से निपटाने हेतु संबंधित विभागों को सौंपा गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस जमुनहा में 18 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं तहसील इकौना में प्राप्त 10 शिकायतों में से 02 शिकायतें तत्काल समाधान की गईं। इस अवसर पर एसडीएम भिनगा आशीष भारद्वाज, पुलिस क्षेत्राधिकारी भिनगा सतीश कुमार शर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता सरयू नहर खण्ड 6, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अजीत कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल एवं फरियादी उपस्थित रहे।

# रूसी राष्ट्रपति के सम्मान में हुए भोज में नेता प्रतिपक्ष को आमंत्रित न करना परम्पराओं का उल्लंघन

जिला संवाददाता (vol)

- राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने भाजपा सरकार के कार्यकाल में नगर विमानन आर्थिक घोटाले की उच्चस्तरीय समिति के जरिये जांच पर दिया जोर

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सोवियत रूस के राष्ट्रपति पुतिन के भारत दौरे में दिये गये सम्मान भोज में लोकसभा एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष को आमंत्रित नही किये जाने को लेकर मोदी सरकार की तगडी घेराबंदी की है। उन्होने कहा कि सोवियत रूस के राष्ट्रपति के सम्मान में हुए भोज में कांग्रेस संसदीय दल के सदस्य को आमंत्रित किया गया पर राजनैतिक कुंठा के चलते मोदी सरकार ने उसी राजनैतिक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष को नही आमंत्रित किया। सांसद प्रमोद तिवारी ने इसे मोदी सरकार की अर्न्तराष्ट्रीय कूटनैतिक भूल ठहराते हुए शर्मनाक करार दिया है। उन्होने कहा कि सोवियत रूस के राष्ट्रपति के भारत दौरे आने पर लोकसभा एवं राज्यसभा के दोनों नेता प्रतिपक्ष से उनसे मिलने का समय निर्धारित नही किया जाना मान्य परम्पराओं के विपरीत है। उन्होने कहा कि यह मोदी राज में कूटनैतिक यात्रा के राजनैतिक गिरावट की हद है। उन्होने कहा कि सर्वविदित है कि भारत सोवियत मैत्री के जनक के रूप में पं0 जवाहर लाल नेहरू ने इसकी नींव रखी थी। उन्होने यह भी कहा कि दोनों राष्ट्रों के मध्य मैत्री को ऊंचाई तथा गहराई तक पहुंचाने में पं0 नेहरू के साथ इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के द्वारा सशक्त सम्बन्ध स्थापित किया गया।

सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि राजनैतिक हताशा से जूझ रही मोदी सरकार उन्हीं के परिवार के सदस्य और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को आमंत्रित नही किया।



राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब पूरे देश में बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर का निर्वाण दिवस मनाया जा रहा है तब सभी मान्य परम्पराओं का उल्लंघन करके आम्बेडकर के प्रबल अनुयायी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भी इसलिए नही बुलाया गया क्योंकि खड़गे बाबा साहब आम्बेडकर के प्रबल अनुयायी हैं। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार ने भारत सोवियत की राजकीय यात्रा को राजनैतिक विद्वेष और हीनभावना से ग्रस्त होकर एक व्यक्तिगत राजनैतिक यात्रा बना दिया। वहीं उन्होनें सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रहे वी0आर0 गवई की तरफ भरी अदालत में एक वकील द्वारा जूता फेंके जाने की घटना को लेकर भी मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होने कहा कि पूर्व मुख्य न्यायाधीश गवई का अपमान किया गया और मोदी सरकार ने इस अपमान पर सजा देने के बजाय आरोपी का महिमामण्डन होने दिया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि इस समय भारत के विमानन बाजार में इण्डिगो की लगभग चौसठ प्रतिशत हिस्सेदारी है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार के आंकड़े खुद यह बता रहे है कि विमानों की संख्या को ध्यान में रखते हुए इण्डिगो को एकाधिकार दिया गया है। उन्होने कहा कि यह गंभीर भ्रष्टाचार है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में यह सबसे बड़ा नगर विमानन आर्थिक घोटाला है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि इण्डिगो को सभी नियम व कायदे तोड़कर उसकी हिस्सेदारी चौसठ प्रतिशत बढ़ा दी गयी। उन्होने कहा कि इस प्रकरण की जब भी गंभीरता से जांच होगी तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि कैसे मित्र पूंजीपतियों को लाभ के लिए लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया गया है। उन्होने यह भी मांग उठाई है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में शताब्दी के इस भयंकरतम नगर विमानन आर्थिक घोटाले की जांच सर्वोच्च न्यायालय की देखरेख में एक उच्चस्तरीय समिति गठित कर करायी जाय। उन्होने कहा कि देश के सामने यह सच्चाई सामने आना चाहिए कि नए हवाई अडडे और हवाई रूट पर भाजपा के साढ़े ग्यारह साल के कार्यकाल में आखिरकार ज्यादातर रूट इण्डिगो को ही क्यों दिये गये हैं। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी का बयान शनिवार को मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

# तहसील सैफई में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील सैफई में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

उन्होंने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का



मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। तहसील सैफई में विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 20 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 4 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उक्त अवसर पर उपजिलाधिकारी सैफई, क्षेत्राधिकारी सैफई, डा. शिवचरण हैंब्रम सहित अन्य समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।


## लखनऊ विकास प्राधिकरण
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 - 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र) वेबसाईट : "http://www.ldalucknow.co.in"

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट–ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामांकरण किए जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है:–

| क्र.स. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्ति कर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | स्व. शैलेन्द्र कुमार | भवन/भूखण्ड सं. डी–1/155 | वास्तु खण्ड, गोमती नगर योजना | 27.04.2023 | श्री संजय कुमार | वसीयतनामा | भतीजा |
| 2 | स्व. श्रीमती उर्मिला देवी | भूखण्ड सं. D-13 | ट्रांसपोर्ट नगर योजना फेज–II | 19.01.2017 | 1 श्री अंशु कुमार | 2. श्री छोटे लाल | पुत्र–32 (वर्ष) पति–60 (वर्ष) |
| 3 | स्व. आलोक सिन्हा (मृतक) | भवन संख्या– एच.आई.जी. –107 | सेक्टर–ई, अलीगंज योजना, लखनऊ | 23.03.2015 | श्रीमती मीना सिन्हा श्री अंशुमान सिन्हा एवं श्रीमती नंदिता सिन्हा | | पत्नी पुत्र पुत्री |
| 4 | श्री आर. ए. चार्ल्स एवं श्रीमती पी. चार्ल्स | भवन संख्या– जे–4/4 | पाण्डेय का तालाब ऐशबाग | 02.03.2009 10.11.2018 | 1. श्री बॉबी चार्ल्स | 1 श्रीमती पामेला सिंह | पुत्र विवाहित पुत्री |
| 5 | श्रीमती स्व. नीरजा भूटानी पत्नी श्री राजन भूटानी | फ्लैट सं.–बी.–15/22/06 सुलभ आवास योजना गोमती नगर विस्तार से.–6 लखनऊ | गोमती नगर विस्तार योजना | मृत्यु दिनांक 28.07.2024 | 1.श्री राजन भूटानी (पति) 2. यश भूटानी (पुत्र) | – | – |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम–6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

संक्षेप

## भक्ति का प्रथम सूत्र मौन : कथा व्यास

**मेरठ/ गाजियाबाद ।** राजनगर सेक्टर 7 स्थित रॉयल किड्स स्कूल में पांच दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा महोत्सव के चतुर्थ दिवस शनिवार को व्यास पीठ से पूज्य व्यास श्री कमल नयन शास्त्री जी ने शिव भक्ति का गुणगान करते हुए कहा की भक्ति का प्रथम सूत्र मौन हो जाना है' सब आश्रमों में गृहस्थ आश्रम को सबसे बड़ा बताते हुए उन्होंने कहा की गृहस्थ पालन के साथ-साथ सब कुछ होते हुए भी भगवान की भक्ति में रम जाना ईश्वर की कृपा पाने का सुंदर मार्ग है'मां पार्वती के हिमाचल के हृदय तथा पार्वती के नामकरण और विद्या अध्ययन और नारद जी का हिमाचल के यहां जाकर पार्वती जी का हाथ देखकर भविष्य फल बताना और चिंतित हुए हिमाचल को आश्वासन देकर पार्वती का विवाह शिव जी के साथ करने को कहना उनके संदेह का निवारण करने की कथा को सुनाया तथा भगवान शिव की आज्ञा से सप्त ऋषियों का पार्वती के आश्रम पर जाकर उनके शिव के प्रति अनुराग की परीक्षा करना और भगवान को सब बात बताकर स्वर्ग को जाने की कथा भी सुनायी। आज की कथा में सुप्रसिद्ध समाजसेवी प्रेमचंद गुप्ता ने भी भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## आयोजित किये जा रहे स्वावलंबन कैंप

**इटावा।** मिशन शक्ति के अन्तर्गत विकास खंड स्तर पर स्वावलंबन कैम्प आयोजित किये जा रहे है। जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से अपने-अपने स्टाल लगाये जाने है। उक्त निर्देशों के अनुपालन में 6 दिसम्बर को विकास खंड सैफई इटावा में स्वावलंबन कैम्प का आयोजन विनय कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी इटावा की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें सम्बन्धित विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित स्टाल लगाये गये तथा उपस्थित आम जनमानस को उ.प्र. सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुये कहा कि लाभार्थी अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ प्राप्त कर लाभान्वित हो। उक्त कैम्प में जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, चिकित्सा विभाग की टीम के साथ-साथ अन्य विभागीय आधिकारी, कार्मिक उपस्थित रहे।

## सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन आज

**भरथना, इटावा।** उ.प्र. हिन्दी प्रेरणा संस्थान भरथना के तत्वाधान्न में 36वां अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह 7 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से अवध गार्डन में आयोजित किया जायेगा। जिसमें श्रृंगार, वीर व हास्य रस के कवियों द्वारा अपनी-अपनी रचनाओं की प्रस्तुति के साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित भी किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी संस्थान के अध्यक्ष अशोक यादव व महासचिव मनोज यादव बंटी ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया कि समाजसेवी स्व. रमेश दत्त दीक्षित की पुण्यतिथि व डा. ईश पांडेय, अवध नारायण सिंह यादव, वीरेन्द्र सिंह यादव की स्मृति में कस्बा के जवाहर रोड स्थित अवध गार्डन में 7 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से आयोजित होने वाले अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह के दौरान कविगण चन्दन राय, कुंवर जावेद, हेमन्त पांडेय, डा. राजीव राज, पदम अलबेला, सतीश मधुप, भूमिका जैन आदि काव्यपाठ करेगें। साथ ही विभिन्न समाजसेवियों को सम्मानित भी किया जायेगा।

## पेट्रोल पंप व धर्मकांटा का निरीक्षण

**इटावा।** प्रणिता तिवारी सहायक नियंत्रक विधिक माप विज्ञान कानपुर संभाग के निर्देशन में धान क्रय केन्द्रों, पेट्रोल पंपों, धर्म कांटों आदि का किया गया निरीक्षण, जिसमें पांच प्रतिष्ठानों पर घटतौली की शिकायत मिली,इनको नोटिस दिया गया है, जिला विधिक बांट माप अधिकारी नरेश चंद्र ने बताया कि धान क्रय केंद्रों पर उपस्थित किसानों से भी वार्ता की गई जिसमें उन्होंने धान की तौल को सही बताया है।

**सूचना**

मेरी दुकान का मूल बैनामा जिसकी बही संख्या-1, जिल्द संख्या-7130 पृष्ठ सं.-305 से 342 पर क्रमांक- 11608 पर दिनांक 19.12.2007 में कार्यालय उपनिबंधक द्वितीय लखनऊ में पंजीकृत है कहीं खो गया है। **अब्दुल वाहिद पुत्र स्व. हाजी अब्दुल सत्तार निवासी-110/54, नया गांव, ईस्ट, लखनऊ।**

# जन समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

## कमिश्नर व डीआईजी ने समाधान दिवस का किया औचक निरीक्षण



**सहजनवां, गोरखपुर।** सहजनवा तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में गोरखपुर के कमिश्नर अनिल ढींगरा और डीआईजी एस. चन्नप्पा के औचक निरीक्षण से हड़कंप मच गया। कमिश्नर ने इस दौरान दर्जनभर से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। और अनुपस्थित अधिकारियों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही हेतु पत्र भेजने का निर्देश दिया गया तथा आज का वेतन बाधित करने का भी निर्देश दिया गया।

कमिश्नर अनिल ढींगरा ने सर्वप्रथम उपस्थित रजिस्टर का गहनता से जायजा लिया, जहाँ उन्हें सीओ चकबन्दी, सहजनवां, सहायक अभियन्ता, लोनिवि, बाल विकास परियोजना अधिकारी, सहजनवां, सहायक विकास अधिकारी पिपरौली, श्रम निरीक्षक, मत्स्य निरीक्षक, सहायक अभियन्ता, सिचांई, बाढ़ खण्ड-2 समेत विभिन्न विभागों के दर्जनभर से अधिक अधिकारी और कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए, उन्होंने तुरंत सभी अनुपस्थितों से एक सप्ताह में स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया। इतना ही नहीं, कमिश्नर ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के रजिस्टर का अवलोकन किया, जिससे पता चला कि कुल 41 मामले दर्ज किए गए थे, जिनमें से मौके पर केवल सात मामलों का ही निस्तारण हो सका। निस्तारण की यह धीमी गति देखकर कमिश्नर ने असंतोष व्यक्त किया और संबंधित विभागों को तीन दिन के भीतर दर्ज शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कमिश्नर ने समाधान दिवस में उपस्थित आम जनता की फरियादें भी सुनीं। सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने मौके पर ही कई शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए और अनुपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों के संबंध में कमिश्नर ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इन शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें और फरियादी को न्याय मिले। समाधान दिवस में एसडीएम केशरी नंदन तिवारी, सीओ गीडा कमलेश प्रताप सिंह, ईओ सूर्यकांत, एसओ सहजनवा महेश चौबे, गीडा एसओ अश्वनी पांडेय, सीएचसी अधीक्षक डा. सतीश सिंह, डा. व्यास कुशवाहा, एडीओ एजी ध्रुव कुशवाहा सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## एसआईआर अभियान में लोगों से फार्म जमा करने की बीएलओ कर रहे अपील

**मझगांवा,गोरखपुर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (रक्फ़) अभियान को लेकर गगहा ब्लॉक के ग्राम पंचायत अतायर में लोगों में जागरूकता की पहल करते हुए रक्फ़ फार्म जमा करने की अपील कर रहे है। शनिवार को बीएलओ की टीम ग्राम पंचायत अतायर में माइक साउंड के जरिए लोगों को रक्फ़्फ़ का महत्व बता रहे है। वहीं दूसरी ओर रक्फ़ जागरूकता अभियान चलाते हुए लोगों से अपना स्वयं फॉर्म भरने के साथ जमा करने की अपील कर रहे हैं। बीएलओ घर-घर जाकर पात्र नागरिकों से गणना प्रपत्र भरवा रहे हैं। बीएलओ रामनारायन मौर्या ने बताया कि कई लोग अभी भी रक्फ़ को लेकर असमंजस में हैं और प्रपत्र भरवाने में हिचक दिखाते हैं। इसी समस्या को दूर करने के लिए अभिभावकों तक संदेश भेजा जा रहा है कि बीएलओ के पहुंचने पर प्रपत्र अवश्य भरें। युवाओं और ग्रामीणों का सहयोग भी अभियान में लगातार बढ़ रहा है, जिससे अब लोग स्वयं आगे आकर प्रपत्र भर रहे हैं।

इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि रामभरोस यादव अध्यापक राजीव निगम, प्रीति राय, अब्दुल मोबिन अन्सारी,लालचन्द,सुनील, पवन राय,सहित लोग मौजूद रहे।

## अनियंत्रित टेलर ने कार में टक्कर मार रेलिंग तोड़ कर घर से टकरायी

**मझगांवा, गोरखपुर।** गगहा थाना क्षेत्र के हाटा बाजार बड़गो मोड़ के पास गोरखपुर से बड़हलगंज की तरफ जा रही टेलर अनियंत्रित हो गयी और आगे आगे चल रही कार में टक्कर मारते हुए सर्विस रोड व हाइवे के बीच बनी रेलिंग को तोडते हुए सर्विस रोड पर चली गयी और एक मकान से जाकर सट गयी मौका मिलते ही टेलर चालक मौके से फरार हो गया लेकिन संयोग अच्छा रहा किसी को गम्भीर चोटे नहीं आयी. हाटाबाजार निवासी विकास गुप्ता व शिबू अपनी कार से लखनऊ जा रहे थे कार ड्राइवर चला रहा था जैसे ही हाटा मिश्रौली मोड़ से पहले पहुंचे अनियंत्रित टेलर कार में ठोकर मारते हुए हाइवे से रेलिंग तोड़ सर्विस रोड पर आ गयी सर्विस रोड के किनारे बनी मकान में सट गयी गनीमत रही की कार या घर पर मौजूद लोगों को कोई गम्भीर चोटे नहीं आयी.टक्कर लगते ही कार का एअर बैग खुल गया जिससे कार में बैठे लोग सुरक्षित बच गये. सुचना मिलते ही गगहा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों गाड़ियों को सड़क से किनारे कर आवागमन बहाल की।

## कांग्रेस ने भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनायी



**इटावा।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि परिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाई गई इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने कहा परिनिर्वाण शब्द बौद्ध परंपराओं से जुड़ा है यह उस व्यक्ति को संदर्भित करता है जिसने अपने जीवन काल में और मृत्यु के बाद परिनिर्वाण प्राप्त किया है। गोष्ठी को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद ने कहा ने कहा 6 दिसंबर को समाज में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की उपलब्धियां के लिए उनके अथाह योगदान की स्मृति में मनाया जाता है। कार्यक्रम को पूर्व जिलाअध्यक्ष मलखान सिंह यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, पी.सी.सी सदस्य कोमल सिंह कुशवाहा, मैनपुरी प्रभारी करण सिंह राजपूत, ललित दुबे, कृपाराम राजपूत, एडवोकेट आलोक दुबे, आसिफ जादरान, प्रदीप द्विवेदी आदि वक्ताओं ने संबोधित किया। इस मौके पर कानपुर प्रभारी मखलू पांडेय, पी.सी.सी. अरुण यादव, महिला जिलाध्यक्ष सुनीता कुशवाहा, मालवती, शहर अध्यक्ष सरला जाटव, मो. इकबाल, पुष्पा देवी, अमिका, अंसार अहमद, कृष्णा देवी, शिवदीप, श्याम, रामसुंदर दुबे, लक्ष्मी कुशवाहा, प्रेमकांत यादव, महेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## सपा ने अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया

**इटावा।** पार्टी कार्यालय पर संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के मौके पर सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण किया एवं कार्यकताओं द्वारा पुष्प अर्पित किए गए, इसके बाद अंबेडकर चैराहा पर पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, इसके बाद पार्टी कार्यालय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने बाबा साहब के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला, उपस्थित पदाधिकारियों को बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया। गोष्ठी में सांसद जितेंद्र दोहरे, जिलामहासचिव वीरू भदौरिया, एसआईआर प्रभारी उदयभान सिंह यादव, लाखन सिंह जाटव, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, जिला कोषाध्यक्ष बृजेंद्र यादव, जिलाउपाध्यक्ष अनवार हुसैन, प्रवक्ता विकास गुप्ता विक्की, विधानसभा अध्यक्ष उमेश राजपूत डुल्ले ने विचार रखे। विचार गोष्ठी में नम्रता सिंह दोहरे, संगीता राजपूत, संतोष कुमार राजपूत, पंकज यादव पिंटू सदस्य जिला पंचायत, पूर्व नगर अध्यक्ष नफीसुल हसन अंसारी, किशन यादव, छात्रसभा जिलाध्यक्ष रवी यादव विधायक, जिलासचिव प्रवीण कुशवाहा, साजिद अली अशरफी, राजकुमार यादव, मनोज राणा, कमलेश चंद यादव, ज्वाला कठेरिया, राकेश यादव, जसकरन सिंह कठेरिया, अजय वीर, राजेंद्र निराला, कमलेश यादव, राजेंद्र यादव, सुनील यादव, रविन्द्र यादव, नितिन यादव, सुभाष चंद्र यादव, कार्यालय प्रभारी जयचंद्र यादव, अंकुर यादव, राजेश यादव, रेशू चैधरी, मोहम्मद आसिफ राइन, राशिद अली अशरफी, लालू यादव, सोनू परिहार, धर्मेद्र चैहान, पंकज दोहरे शामिल हुए।

## बाबा साहब ने दलितों और वंचितों को दिलाया समान अधिकार : महेश उमर

**गोरखपुर।** नगर पंचायत बड़हलगंज चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने कहा कि बाबा साहब डा भीम राव अम्बेडकर ने समाज के दलितों व पिछड़ों को समाज मुख्यधारा में शामिल करने का संघर्ष किया और उन्हें बराबरी का सामान अवसर दिलाया। श्री उमर नगर पंचायत बड़हलगंज के विश्वनाथ उमर सभागार में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उक्त उदगार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों और अन्य वंचित तबके को उनका वैधानिक अधिकार दिलाने हेतु आजीवन संघर्ष किया। अंबेडकर का मिशन था गरीब बच्चों को शिक्षा देकर आगे बढ़ाना। बाबा साहब के इस मिशन को केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार आगे बढ़ा रही है। सरकार बिना भेदभाव के गरीब को अनाज, मकान और इलाज दे रही है। इस अवसर पर बीईओ गोला उदयभान राय, बीईओ बड़हलगंज मनोजीत राव, जनसेवा महामंत्री सन्तोष जायसवाल, सभासद राकेश राय, दीपक शर्मा, दीपक गौड़, सभासद प्रतिनिधि खुर्शीद अहमद, रामदास मद्धेशिया, संजय सोनकर, भाजपा नेता अनूप जायसवाल, गणेश जायसवाल, राधेश्याम जायसवाल, संजय कसेरा, मनमोहन पटवा, दिलीप निगम, दिनेश मद्धेशिया, अभिषेक, रविन्द्र कुमार, अभय यादव आदि मौजूद रहे

## इलेक्ट्रॉनिक दूकान के सामने खड़ी बाइक चोरी

**सरहरी, गोरखपुर।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के सरहरी चौकी अन्तर्गत महराजगंज चौराहे पर स्थित इलेक्ट्रॉनिक दूकान के सामने से शुक्रवार को देर शाम बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने सरहरी चौकी पुलिस को लिखित तहरीर देकर घटना से अकात करा दिया है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। सरहरी चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा सरहरी निवासी विनय रावत ने सरहरी चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह शुक्रवार की शाम महराजगंज चौराहे पर स्थित देशी शराब के दुकान के सामने इलेक्ट्रॉनिक दूकान के बाहर बाइक खड़ी कर दूकान मे बिजली का सामान लेने गया था। कुछ देर बाद वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी।

# रोड निर्माण में भ्रष्टाचार को लेकर ओबीसी पार्टी ने किया प्रदर्शन



**चौरीचौरा, गोरखपुर।** विधानसभा चौरी-चौरा के विकास खंड ब्रम्हपुर के ग्राम पंचायत जयरामकोल जयरामकोल के ग्रामीणों ने निम्न गुणवत्ता पूर्ण हो रहे सड़क निर्माण तथा उसमें व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर ओबीसी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कालीशंकर यदुवंशी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया।तथा तत्काल जांच करा कर गुणवत्तापूर्ण सड़क बनाने की मांग किया।.काली शंकर ने कहा कि सड़क निर्माण की निम्न स्तरीय गुणवत्ता देखकर साफ पता चल रहा है कि इसमें बड़ा भ्रष्टाचार है। जिसमें अधिकारियों की पूरी तरीके से मिली भगत दिख रही है। उन्होंने कहा कि खुलेआम हो रहे इस तरीके के भ्रष्टाचार और निम्न गुणवत्ता के कामों पर यहां के जनप्रतिनिधि आंख मूंदे हुए हैं। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों से तत्काल सड़क की जांच कर भ्रष्टाचार को रोकने तथा गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने की मांग किया है। उक्त अवसर पर ओबीसी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर संजय कुमार जायसवाल, प्रदेश संगठन मंत्री अजीत शर्मा, प्रिंस कुमार, अभिषेक यादव, एडवोकेट रंजीत बाघ, रामप्रीत पासवान, विनोद निषाद. अंगद कुमार, लालमन मौर्य, चंदन पटेल, विनय कुमार, श्याम देव, रघुनाथ, लोरिक चौहान, राम चौहान, बृजभूषण, समीर,वीरेंद्र भारती, अभिषेक निषाद ,उपेन्द्र प्रजापति अर्जुन, पप्पू चौहान, मनीष सरबजीत, अशोक , मोनू लालबचन सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

**आंबेडकर के महापरिनिर्वाण पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित**

चरगांवा, गोरखपुर। संत गाडगे पुर्वांचल सेवा समिति उ० प्र० के तत्वावधान में बाबा साहब डॉ०भीम राव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर डा० अम्बेडकर पार्क हडहवा फाटक गोरखपुर में बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

## ग्वालियर बना ओवर ऑल चैम्पियन

**इटावा।** एकलव्य शूटर अकेडमी इटावा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय आठवीं एकलव्य ओपन शूटिंग चैंपियनशिप में प्रदेश और आसपास के क्षेत्र के 100 से अधिक निशानेबाजों ने हिस्सा लिया इनमें कानपुर, लखनऊ, ग्वालियर, औरैया, फरूर्खाबाद, आगरा व इटावा सहित कई जनपद के खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य डॉक्टर कैलाश चंद्र यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पदक और ट्रॉफियां प्रदान की उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता युवा निशानेबाजों के लिए बड़ा मंच साबित हो रही है, और भविष्य की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रही है। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी संजीव जैन राघवेंद्र चैहान



राष्ट्रीय कवि अवनीश त्रिपाठी, अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज अनिल कुमार पाल तथा एकलव्य शूटर अकादमी के संचालक एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल तोमर विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों के उत्साह और आयोजन की उत्कृष्ट व्यवस्था की सराहना की। प्रतियोगिता के परिणाम में ग्वालियर की टीम में सर्वाधिक पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया वहीं वही कानपुर की टीम दूसरे स्थान पर रही लखनऊ की टीम तीसरे स्थान पर रही। एकलव्य शूटर अकादमी द्वारा आयोजित चैंपियनशिप प्रदेश में निशानेबाजी खेल को नई दिशा देने ,युवा प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने के लिए खेल भावना को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से अत्यंत सफल सिद्धहुई।

# सीसीएसयू की कुलपति ने आंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**मेरठ ।** चौ.चरण सिंह विवि में आज डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनके योगदान को नमन करते हुए कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने विश्वविद्यालय परिसर स्थित अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर विविपरिवार ने बाबा साहेब के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल संविधान निमार्ता ही नहीं थे, बल्कि वे आधुनिक भारत की आत्मा और लोकतांत्रिक चेतना के सबसे बड़े शिल्पकार थे। उन्होंने भारतीय समाज को समानता, न्याय और बंधुत्व के सिद्धांतों पर खड़ा करने का जो सपना देखा, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। बाबा साहेब ने सामाजिक विषमताओं के उन्मूलन, कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा और शिक्षा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए जिस दृष्टि के साथ कार्य किया, वह हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। विवि परिवार उनके सपनों का भारत बनाने में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि छात्र-छात्राएँ न केवल गुणवत्ता-पूर्ण शिक्षा प्राप्त करें, बल्कि सामाजिक न्याय, संवैधानिक मूल्यों और मानवाधिकारों के महत्व को भी समझें। उनका जीवन संघर्ष, दृढ़ संकल्प और ज्ञान के प्रति उनकी लगन हमें याद दिलाती है कि किसी भी व्यक्ति की प्रगति का रास्ता शिक्षा और समान अवसरों से होकर गुजरता है। विश्वविद्यालय उनकी शिक्षाओं को अपने शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवहार में उतारने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। कार्यक्रम में साहित्यिक-सांस्कृतिक परिषद की अध्यक्ष प्रो.नीलू जैन गुप्ता, प्रो.राकेश कुमार शर्मा, प्रो. जमाल अहमद सिद्दीकी, प्रो. दिनेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक वीरेंद्र कुमार मौर्य, डॉ. विवेक कुमार त्यागी, डॉ. योगेंद्र गौतम, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. वैशाली पाटिल, मीडिया सेल सदस्य मितेंद्र कुमार गुप्ता अन्य शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वाहन की टक्कर से महिला सहित दो युवक घायल

**जसवंतनगर, इटावा।** शुक्रवार की रात राष्ट्रीय राजमार्ग पर जोनई चैकी के पास सड़क हादसा हो गया, जब अज्ञात वाहन ने एक मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला सहित दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। अचानक हुई इस दुर्घटना से राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई और सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

जोनई चैकी इंचार्ज आशीष कुमार ने बताया कि 19वर्षीय श्रीकांत पुत्र राजेश निवासी नगला राधे थाना नसीरपुर, जिला फिरोजाबाद,18वर्षीय सत्येंद्र पुत्र सोनवीर निवासी बदिकपुर थाना नसीरपुर, जिला फिरोजाबाद तथा 20वषीर्या श्रीमती पांचो पत्नी आलोक निवासी नगला हीरा थाना बकेवर, जिला इटावा एक मोटरसाइकिल से मीठेपुर की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे जोनई चैकी के निकट पहुंचे, पीछे से आए एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे तीनों राजमार्ग की सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक आशीष कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तत्काल एनएचएआई एंबुलेंस को बुलाया। एंबुलेंस पायलट बसंत कुमार और ईएमटी रजनीश कुमार ने घायलों को प्राथमिक उपचार देते हुए सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।सीएचसी के डॉक्टर वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि दोनों युवकों के पैर टूट गए हैं, जबकि महिला को भी कई गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## संविधान लोकतंत्र की प्राणवायु : सपा प्रमुख

**इटावा।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने संविधान को लोकतंत्र की प्राणवायु बताया है। उन्होंने कहा कि इसे बचाने के लिए एक और करो या मरो आंदोलन की आवश्यकता है। संविधान बचेगा तो न्याय बचेगा और जब न्याय बचेगा तभी सभी को बराबर मान-सम्मान और बराबर के अवसर मिलेंगे, भेदभाव भी मिटेगा और भेद का भाव भी। ठीक इसी वजह से उनके अनुसार संविधान की रक्षा के लिए एक और करो या मरो आंदोलन की जरूरत है। सबको स्थान-सबको सम्मान। I अखिलेश यादव शुक्रवार देर रात अपने पैतृक गांव सैफई पहुंचे। शनिवार सुबह करीब 11 बजे वे किसी कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए। सैफई रवाना होने से पहले अखिलेश यादव ने अंबेडकर परिनिर्वाण दिवस पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा कर देश के मौजूदा राजनीतिक और संवैधानिक माहौल पर कड़ा संदेश दिया।

# डीएम ने सुनी जनता की फरियाद

- समाधान दिवस पर डीएम के पहुंचने की सूचना पर भारी संख्या में उमड़े फरियादी

जिला संवाददाता (vol)

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा तहसील मुख्यालय पर संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी गोरखपुर दीपक मीणा की अध्यक्षता में किया गया।163फरियायादियों की फरियाद जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सुनी। मौके पर दस मामलों का निस्तारण किया गया।शेष मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों के पास प्रेषित कर दिया गया। शनिवार को तहसील मुख्यालय चौरीचौरा पर आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी गोरखपुर के आने की सूचना पर भारी संख्या में फरियादी इंतजार करते देखे गए। जिलाधिकारी के पहुंचते ही भारी



भरकम भीड़ अपनी अपनी फरियाद लिए पहुंच गए। जिलाधिकारी ने 163 मामलों की सुनवाई की।मौके पर मात्र10 मामलों का ही निस्तारण हो सका। शिकायत पर जिलाधिकारी ने नगर के एम आर एफ सेंटर का निरीक्षण किया। तथा खामियां पाने पर ईओ को कड़ी फटकार लगाई।

उक्त अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शास्वत त्रिपुरारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर, मुख्य चिकित्साधिकारी गोरखपुर राजेश कुमार,उपजिलाधिकारी चौरीचौरा कुंवर सचिन सिंह, तहसीलदार चौरीचौरा सत्यप्रकाश गुप्ता, चकबंदी अधिकारी चौरीचौरा शिवशंकर सिंह, नायब तहसीलदार संजय सिंह , क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा मनीष शर्मा, थाना प्रभारी चौरीचौरा वेदप्रकाश शर्मा सहित तमाम विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने ईओ को फटकारा

**चौरीचौरा,गोरखपुर।** संपूर्ण समाधान दिवस पर शिकायत मिलते ही जिलाधिकारी दीपक मीणा ने ग्राम सभा चौरी स्थित मैटेरियल रिकवरी फैसलिटी (एम आर एफ सेंटर) नगर पंचायत चौरीचौरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई अनियमिततायें पाई गई।जिसको लेकर जिलाधिकारी दीपक मीणा ने अधिशासी अधिकारी चौरीचौरा आशीष कुमार को फटकार लगाते हुए शिघ्रातिशिघ्र एम आर एफ सेंटर तक चौड़ी आरसीसी रोड बनवाने की हिदायत दी। इसके बाद शहीद स्मारक जाने वाली सड़क का भी निरीक्षण किया। ओवरब्रिज निर्माण कार्य में हो रहे विलंब पर नाराजगी जताते हुए प्रोजेक्ट मैनेजर ए के सिंह को फटकार लगाते हुए उक्त ओवरब्रिज निर्माण कार्य को शहीद स्मारक तक शिघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया।

## सड़क पर फैली सिल्ट से बढ़ी धूल

**जसवंतनगर, इटावा।** बलरई से जसवंतनगर को जोड़ने वाले मार्ग पर इन दिनों सिल्ट और धूल का संकट गहराता जा रहा है। बम्बा और नहर की सफाई के दौरान निकाली गई भारी मात्रा में सिल्ट को विभागीय लापरवाही के चलते सड़क किनारे ही डाल दिया गया है। इसके बाद नहर विभाग के अधिकारी जेसीबी व पोकलेन मशीनों से इस सिल्ट को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और डंफरों में भरकर परिवहन करा रहे हैं, लेकिन सड़क पर बिखर रही सिल्ट ने राह चलना मुश्किल कर दिया है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं०: 1. ई-निविदा सूचना सं० एवं निविदा कार्य का विवरणः** टेण्डर नं.- ''35-जीकेपी-एमडब्लूएस-2025-26'' ''सप्लाई, रिमुवल एण्ड एप्लीकेशन ऑफ विनाइल ग्राफिक फिल्म ऑन एक्सटीरिअर ऑफ एलएचबी कोचेज फॉर 24 मन्थ्स इन मेकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर'', **अनुमानित लागत (रू० में):** 24716331.48, **धरोहर राशि (रू० में):** 273600.00, **निविदा समापन की तिथि एवं अवधिः** 27.12.2025 11.00 बजे, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः-** रु० शून्य, **संविदा की अवधिः-** 24 माह, उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या **http://www.ireps.gov.in** पर देखे।

उप मुख्य यांत्रिक इंजी./कार्य यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर
मुजाधि/यांत्रिक-100

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

उप-मुख्य अभियन्ता/नि0-अयोध्या/उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहर बन्द **ई-निविदाएँ दो पैकेट** में आमंत्रित की जाती हैं

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे पर लखनऊ मंडल पर उप-मुख्य अभियन्ता/नि0-अयोध्या/ उत्तर रेलवे, लखनऊ के अधीन अयोध्या में होलिडे होमस, अधिकारी विश्राम गृह (ORH) और पर्यवेक्षक विश्राम गृह का निर्माण कार्य। | | | | | |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह | कार्य की अनुमानित लागत | ₹ 1550.12 लाख | धरोहर राशि | ₹ 9,25,100.00 | |
| ई निविदा जमा करने की तारीख/ समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनांक **05.01.2026** को. **11:30** बजे तक आई.आर.ई.पी. एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनाँक **05.01.2026** को समय **11:30** बजे खोली जाएगी। | | | | | |
| विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक **15.12.2025** से आई.आर. ई.पी.एस. के. वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगें व दिनांक **22.12.2025** से **05.01.2026** तक ई-निविदा अपलोड की जा सकती है | | | | | |

**संख्या: 253-टेण्डर/उप-मुख्य अभियन्ता/नि0-अयोध्या/लखनऊ** **दिनांक: 06.12.2025**
3793/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

## निर्माणाधीन स्कूल का छज्जा गिरने से मजदूर घायल

लखीमपुर खीरी। बेहजम क्षेत्र के पैला गांव में निर्माणाधीन मॉडल स्कूल का छज्जा शनिवार की सुबह गिर गया, छज्जा दो मजदूर घायल हो गए। मजदूरों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों ने निर्माण व्यवस्था और स्थानीय प्रशासन की अनदेखी पर चिंता जताई है। ग्राम प्रधान ने बताया कि ठेकेदार ने गिरा छज्जा हटा दिया है।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर पालिका परिषद सभागार में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बाबासाहब के भारतीय समाज और संविधान निर्माण में दिए गए ऐतिहासिक योगदान को स्मरण किया गया। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि बाबासाहब ने जीवनभर ऐसे समाज की स्थापना की बात की जहाँ जाति, धर्म और वर्ग के भेदभाव से ऊपर उठकर सभी को समान अधिकार मिले। उन्होंने कहा कि सामाजिक असमानता के खिलाफ डॉ. अंबेडकर का संघर्ष आज भी सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनका मार्गदर्शन राष्ट्र निर्माण की दिशा में सदैव प्रकाशमान रहेगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनोंने बाबा साहब के विचारों पर चलते हुए समाज में ळ्ळसमानता, शिक्षा और सामाजिक जागरूकताळ्ळ को बढ़ावा देने का संकल्प लिया और कहा कि डॉ. अंबेडकर की शिक्षाएँ आज भी सामाजिक परिवर्तन की सबसे बड़ी प्रेरणा हैं। कार्यक्रम में सभासद धर्मेंद्र तिवारी, एसआई संदीप वर्मा, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, लेखाकार मोहित अवस्थी, जेई अनिल कुमार यादव, मंडल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार, धीरज बाजपेयी, राजीव वर्मा, विनोद वर्मा, शिवम गुप्ता, सुरेंद्र वर्मा, काके सहगल, रेखा मिश्रा, गीता विश्वकर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : डीएम



जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील सदर के लोक सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एसपी संकल्प शर्मा, एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह व अधिकारियों के संग फरियादियों की समस्याएं सुनीं। निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

डीएम ने समाधान दिवस में आए फरियादियों से समस्याओं की सुनवाई की। डीएम ने कई मामलों में समस्या निस्तारण को पुलिस व राजस्व टीमें भेजी। डीएम ने मामलों के समाधान को सम्बन्धित अफसरों को जरूरी हिदायतें दीं। जनसमस्याओं का निस्तारण मुख्यमंत्री व शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनसमस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें। आने वाले फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवायी कर उसका समयबद्धता से निस्तारण सुनिश्चित कराये ताकि फरियादी को अनावश्यक रूप से भाग-दौड़ न करनी पड़े। समस्याओं के निस्तारण की कार्यवाही पर इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाय कि निस्तारण की कार्यवाही से फरियादी भी संतुष्ट दिखे। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 49 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 21, पुलिस 14, विकास 04, नगर निकाय 04, पूर्ति निरीक्षक 03, विद्युत 02, कृषि 01 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, तहसीलदार मुकेश कुमार, बीडीओ सुमित कुमार सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, संगीता यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## धान क्रय केंद्रों पर एडीएम का औचक निरीक्षण लापरवाही पर नोटिस; किसानों को दिलाया भरोसा

लखीमपुर खीरी । तहसील सदर क्षेत्र के धान क्रय केंद्रों का गुरुवार को एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने औचक निरीक्षण किया। बी पैक्स बसहा व एसएस बसहा मुरादनगर गोदाम में संचालित धान क्रय केंद्रों पर अचानक पहुंचे एडीएम को देखकर केंद्रों पर मौजूद कर्मचारियों में खामोशी और तेजी दोनों दिखाई दी।

- धीमी खरीद व अव्यवस्था पर केंद्र प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस
- चार केंद्र प्रभारियों को एडीएम ने तत्काल प्रभाव से किया निलंबित



इस दौरान डिप्टी आरएमओ नमन पांडेय भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने खरीद प्रगति, तौल व्यवस्था और किसानों को दी जा रही सुविधाओं की पड़ताल की। इस दौरान कुछ केंद्रों पर खरीद में लापरवाही और प्रक्रिया में ढिलाई सामने आई। एडीएम ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित केंद्र प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने चार केंद्र प्रभारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। उन्होंने कहा कि धान खरीद में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या किसानों को परेशान करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उपस्थित किसानों से एडीएम ने बातचीत कर उनकी समस्याएँ सुनीं और उन्हें पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से धान बेचने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक किसान को समय पर और बिना किसी परेशानी के धान खरीद की सुविधा उपलब्ध हो।

## मैजिकल दीपावली ऑफर में धौरहरा की महिला प्रदेश में टॉप

धौरहरा खीरी। टीवीएस क्रेडिट फाइनेंस कंपनी द्वारा मोबाइल फोन को फाइनेसं में देने को लेकर करीब तीन माह तक मैजिकल दीपावली आफर चलाया गया जिसमें धौरहरा क्षेत्र की घरेलू महिला को उत्तर प्रदेश में लकी विनर के चुना गया जिसमें कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा महिला को 75000 रुपए का सिल्वर क्वीन का इनाम रविवार को जायसवाल मोबाइल शाप पर आयोजित सादे समारोह में सौपा। जानकारी के मुताबिक टी वी एस फाइनेंस कंपनी ने मोबाइल फोन खरीदने के लिए करीब तीन माह के लिए केर्डिट 2025 योजना लागू की थी। इसके लिए जायसवाल मोबाइल शाप धौरहरा से मोबाइल खरीदने वाली महिला दीपादेवी पत्नी रमाकांत निवासी ग्राम नरैनाबाबा कोतवाली व तहसील धौरहरा को लकी विनर घोषित करते हुए 75000 रुपए का सिल्वर क्वीन का इनाम रविवार को आयोजित एक सादे समारोह में कंपनी के अधिकारियों ने सौंपा इस अवसर पर टीवीएस फाइनेंस कंपनी के एरिया मैनेजर शुभम सिंह, टी एम जय प्रकाश यादव, वीवो लखीमपुर के डिस्टीब्यूटर सुनील अग्रवाल, जायसवाल मोबाइल शाप धौरहरा के चेयरमैन पवन जायसवाल सहित अन्य लोगों की मौजूदगी रही।




## विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

मड़िहान, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र ग्राम सभा देवरी कला में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में नट बस्ती में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। शिविर में बस्ती के लोगों को सरकार द्वारा संचालित निःशुल्क सभी योजनाओं के बारे में पीएलवी पंकज कुमार द्वारा विस्तृत जानकारी दिया गया। इस दौरान लोक अदालत में होने वाले लाभ के पंपलेट व पोस्टर को वितरण करके उसके बारे में जानकारी दिया गया तथा लोगों को जागरूक किया गया।

## दिवंगत श्रमिक पृथ्वीपाल के परिवार को 12.93 लाख की सहायता

लखीमपुर खीरी। गोविंद शुगर मिल ऐरा में 27 दिसंबर को हुई दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए संविदा श्रमिक पृथ्वीपाल की 13 जनवरी 2025 को उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। प्रशासन की सक्रिय पहल पर उनके परिजनों को आर्थिक संबल मिला है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के हस्तक्षेप के बाद कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 के अंतर्गत मिल प्रबंधन ने आश्रितों को 12 लाख 93 हजार 900 रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई।

शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सहायक श्रमायुक्त मयंक सिंह के साथ प्रभावित परिवार को 12 लाख 93 हजार 900 की धनराशि का चेक, सीएसआर राहत किट और शाल प्रदान किया। डीएम ने कहा कि श्रमिक परिवारों के अधिकारों की रक्षा और सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने मिल प्रबंधन को भविष्य में सुरक्षा मानकों को और कड़ा करने के निर्देश भी दिए। बताते चले कि डीबीटी के माध्यम से 5,93,900 रुपये सीधे खाते में भेजे गए, जबकि 7 लाख रुपये की सावधि जमा (एफडी) परिवार के नाम से कराई गई है, ताकि भविष्य में उनका आर्थिक संबल बना रहे।

## समाधान दिवस में 32 शिकायतें दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शनिवार को उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से कुल 32 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से एक शिकायत का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि 31 लंबित प्रार्थना पत्रों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को भेजा गया। राजस्व एवं आपदा विभाग से 14, पुलिस विभाग 11, संयुक्त जांच हेतु 3, खाद एवं रसद विभाग 2, बेसिक शिक्षा और चकबंदी विभाग से एक-एक प्रकरण प्राप्त हुआ। उपजिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित मामलों का समयबद्ध और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

## सुरक्षा की मांग को लेकर मोहम्मदी में पत्रकारों का प्रदर्शन

पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। मोहम्मदी में पत्रकार संगठनों ने अवैध खनन पर रोक, पत्रकार सुरक्षा और उत्पीड़न के विरोध में संयुक्त रूप से



आवाज उठाई। पत्रकारों ने मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी चलुवराजु आर को सौंपा। ज्ञापन सौंपने से पहले सभी मीडिया कर्मी भीमराव अंबेडकर चौराहे पर एकत्र हुए, जहां से मोटरसाइकिल रैली निकालते हुए उन्होंने पत्रकार एकता जिंदाबाद और अवैध खनन बंद हो के नारे लगाए।

तहसील पहुंचकर पत्रकारों ने बताया कि मोहम्मदी क्षेत्र में दिन-रात अवैध खनन जारी है, जिसे तत्काल प्रभाव से रोका जाना आवश्यक है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि पत्रकार राहुल राठौर के साथ जिस तरह बदसलूकी और उत्पीड़न किया गया, वह अत्यंत निंदनीय है और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। पत्रकारों ने मांग की कि कवरेज के दौरान किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न न किया जाए और प्रशासन सुरक्षा की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित करे। पत्रकार संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो जनपद के वरिष्ठ पत्रकारों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक तहसीलदार अरुण कुमार सिंह मामले में स्पष्ट माफी नहीं मांगते और अपनी गलती स्वीकार नहीं करते, तब तक आंदोलन जारी रखने पर विचार किया जाएगा। इस प्रदर्शन में वरिष्ठ पत्रकार अब्बास नकवी, देवरंजन मिश्रा, शिवम राठौर, आसाराम सैनी, हरबंस सिंह, गौरव कुमार, शिबू सिद्दीकी, संजय राठौर, अतुल मिश्रा, मोहम्मद इलियास, शाहनवाज खान, सिराकत मंसूरी, अश्वनी राजपूत, प्रेमजीत भार्गव, गोपाल गिरी, शमशाद खान, रामकुमार कश्यप सहित सैकड़ों पत्रकार मौजूद रहे।

## गन्ना भुगतान में देरी पर किसानों ने सिर मुड़ाकर किया प्रदर्शन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। बजाज चीनी मिल द्वारा गन्ना भुगतान में लगातार की जा रही देरी और तौल केंद्रों पर बढ़ती मनमानी को लेकर किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने आरोप लगाया कि पिछले पेराई सत्र का एक अरब रुपये से अधिक गन्ना मूल्य अभी तक बकाया है। इसके साथ ही चालू पेराई सत्र 2025-26 में भी किसानों के कई करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। संगठन का कहना है कि लगातार बढ़ते बकायों के कारण किसान खाद, बुआई और अन्य कृषि कार्य समय पर नहीं कर पा रहे। संगठन ने मिल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि तौल केंद्रों पर किसानों के गन्ने को जानबूझकर दो से ढाई फीट तक काट दिया जाता है, यह कहकर कि उसमें रिकवरी कम है। वहीं दूसरी ओर यही कटा हुआ गन्ना मिल कर्मचारी अपने कैरियर में लादकर सीधे पेराई में भेज देते हैं, जिससे किसानों को प्रति क्विंटल कई रुपये का नुकसान होता है। संगठन ने इसे किसानों के साथ खुला शोषण बताते हुए कहा कि इस प्रकार की



कार्रवाई न केवल गलत है बल्कि किसानों की मेहनत और उपज का अपमान भी है। किसानों की इन्हीं समस्याओं और बढ़ते शोषण के विरोध में राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के पदाधिकारियों एवं किसानों ने 6 दिसंबर, शनिवार को सहकारी गन्ना विकास समिति में सिर मुंडन कर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने कहा कि जब तक लंबित भुगतान नहीं किया जाता और तौल केंद्रों पर हो रही कटौती की मनमानी पर रोक नहीं लगाई जाती, आंदोलन और भी तेज किया जाएगा। संगठन के पदाधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रशासन इस मुद्दे पर तत्काल हस्तक्षेप नहीं करता, तो किसान जिले भर में बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। किसानों ने मांग की कि तौल केंद्रों की जांच कर दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए तथा सभी बकाये भुगतान तत्काल किए जाएं, ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति सामान्य हो सके।

## सिल्वर सिटी अकादमी के खेल समारोह में छात्रों की प्रतिभा चमकी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सिल्वर सिटी अकादमी कोटवारा रोड में आयोजित वार्षिक खेलकूद समारोह का समापन रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल में पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर हरमोहन सिंह खुराना ने की।

अंतिम दिवस की प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बेहतरीन खेल कौशल का परिचय दिया। क्रिकेट सीनियर व जूनियर वर्ग में रेड हाउस और ग्रीन हाउस विजेता रहे। फुटबॉल प्रतियोगिता में भी रेडह्रग्रीन हाउस की संयुक्त टीम विजेता बनी। खो-खो बालिका वर्ग में ब्लू हाउस ने जीत दर्ज की, जबकि जूनियर बॉयज खो-खो में ग्रीन हाउस विजेता रहा। अन्य प्रतियोगिताओं में म्यूजिकल चेयर में स्वीटी प्रथम, दित्या द्वितीय, गौरी तृतीय रहीं। फ्रॉग रेस में प्रतिज्ञा प्रथम, अभय द्वितीय और मोह. शाद तृतीय रहे। वॉलीबॉल में रेड हाउस विजयी रहा। बलून बर्स्टिंग में जितेश, खुशी और अपिल क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। बिंदी पेस्टिंग में प्रतिज्ञा प्रथम, आकुसा द्वितीय और खुशी तृतीय रहीं। बैडमिंटन डबल्स में हरमीत कौर और रौनक सिंह की जोड़ी विजेता रही। पुरस्कार वितरण करते हुए मुख्य अतिथि विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम हैं और ऐसे आयोजन बच्चों में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। एमडी हरमोहन सिंह खुराना और प्रधानाचार्य एस.के. शुक्ला ने सफल आयोजन पर विद्यालय परिवार को बधाई दी।

## विश्व मृदा दिवस पर छात्रों ने कविता व पौधरोपण से दिया संदेश

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कैंपस कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद में विश्व मृदा दिवस के अवसर पर विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्रों ने मृदा विज्ञान प्रश्नोत्तरी, पौधरोपण और कविता पाठ जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत पौधरोपण और मृदा विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के साथ हुई। इस अवसर पर प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. अनिल कुमार सिंह ने स्वस्थ मृदा, स्वस्थ शहर विषय पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि मृदा ही संपूर्ण जीवन की आधारशिला है। एक चम्मच मृदा में पृथ्वी पर मौजूद सभी जीवों के बराबर सूक्ष्म जीव रहते हैं, जो मृदा की उर्वरता और पर्यावरणीय संतुलन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। डॉ. सिंह ने बताया कि मनुष्य को मिलने वाले लगभग सभी पोषक तत्व भोजन के माध्यम से मृदा से ही प्राप्त होते हैं, इसलिए मृदा का स्वस्थ रहना अनिवार्य है। उन्होंने बढ़ते शहरीकरण, हरियाली में कमी और पर्यावरणीय चुनौतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए शहरों में अधिकाधिक वृक्षारोपण की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में छात्र अंकुर वर्मा और अनुज ने मृदा के महत्व पर अपनी स्वरचित कविताएँ प्रस्तुत कीं।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मोहम्मदी-खीरी

पत्रांक/लेखा. /वि.म.क्षे.वि.नि./निविदा सूचना/2025-2026/ दिनांक : 06.12.2025

**ई-टेण्डर /निविदा आमंत्रण**

विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजना के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों पर विकास खण्ड-मोहम्मदी द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु पी.डब्लू.डी.की दरो पर पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित ठेकेदारी/फर्मो से विकास खण्ड मोहम्मदी के अन्तर्गत ठेकेदारो से 10 लाख रू. से अधिक के कार्यों पर ई-निविदा बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 06.12.2025 को प्रातः 11.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक 19.12.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है, तथा 10 लाख रू. से कम के कार्यों पर निविदा प्रपत्र विकास खण्ड से कार्यालय कार्य दिवस में दिनांक 06.12.2025 प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 19.12.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी जो दिनांक 20.12.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक विकास खण्ड के सील्ड टेण्डर बाक्स में डाली जा सकती है। समस्त निविदाओं को दिनांक 20.12.2025 को अपरान्ह 02.00 बजे गठित निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की आगणन धनराशि | जमानत (5%) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत गदमापुर के मजरा सदियापुर में राम प्रताप सिंह के मकान से रामशंकर पासी के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य 180मी., (इण्टरलाकिंग 180मी. x 3.00 मी. औसत कुल 540.00 वर्गमी व नाली एक तरफ 180मी.) | 12,39,000.00 | 61,950.00 | 1,120.00 | 3 माह |
| 2 | ग्राम दिलावलपुर में पालीटेक्निक कालेज के पास विद्युत से प्रकाशित 4वें सेमी हाईमास्ट स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन कार्य 1 नग। | 1,28,600.00 | 6,430 | 590.00 | 3 माह |
| 3 | ग्राम सहिजना में अम्बेडकर पार्क के पास विद्युत से प्रकाशित 4वें सेमी हाईमास्ट स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन कार्य 1 नग। | 1,28,600.00 | 6,430 | 590.00 | 3 माह |
| 4 | ग्राम पंचायत साहबगंज ग्रन्ट के ग्राम शिवपुरी में गुरूद्वारा हरगोविन्द साहब जी के पास विद्युत से प्रकाशित 4वें सेमी हाईमास्ट स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन कार्य 1 नग। | 1,28,600.00 | 6,430 | 590.00 | 3 माह |
| 5 | ग्राम पंचायत साहबगंज ग्रन्ट के ग्राम शिवपुरी में गुरूद्वारा बाबा फतेह सिंह जी के पास विद्युत से प्रकाशित 4वें सेमी हाईमास्ट स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन कार्य 1 नग। | 1,28,600.00 | 6,430 | 590.00 | 3 माह |
| 6 | ग्राम पंचायत साहबगंज ग्रन्ट के ग्राम रहेरिया में गुरूद्वारा रेहरिया के पास विद्युत से प्रकाशित 4वें सेमी हाईमास्ट स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन कार्य 1 नग। | 1,28,600.00 | 6,430 | 590.00 | 3 माह |
| 7 | ग्राम पोखनापुर में गुरूद्वारा के पास विद्युत से प्रकाशित 4वें सेमी हाईमास्ट स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन कार्य 1 नग। | 1,28,600.00 | 6,430 | 590.00 | 3 माह |

**नियम व शर्तेः -**

1 निविदाफार्म व उससे सम्बन्धित निर्देश क्रय किये जाने हेतु खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी के कार्यालय में दिनांक 06.12.2025 से 19.12.2025 को अपरान्ह 12. 00 बजे तक कार्यालय दिवस मे 1120.00 रू./590 रू. नकद धनराशि श्री सुशील कुमार कैशियर/भण्डार लिपिक के पास जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं।

2 निविदा प्रपत्र भरकर उसके साथ घरोहर की धनराशि मूल्य का 5 प्रतिशत राष्ट्रीय बैंक का एफ.डी.आर./एन.एस.सी. खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी के पक्ष में समस्त अभिलेख मोहर बन्द लिफाफ में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर दिनांक 20.12.2025 तक दोपहर 12.00 तक खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी के कार्यालय में सील बन्द टेण्डर बाक्स में डाले जायेंगे/डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते हैं, निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

3 कार्यआदेश निर्गत की तिथि से कार्यपूर्ण करने की अवधि तीन माह निर्धारित की जाती है।

4 प्राप्त टेण्डर को खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी खीरी के द्वारा गठित समिति के समक्ष 20.12. 2025 को समय 2.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।

5 भुगतान हेतु प्राप्त बिलों पर नियमानुसार 2 प्रतिशत आयकर, 2 प्रतिशत जी.एस.टी. 1 प्रतिशत लेबर सेस 5 प्रतिशत जमानत तथा रायल्टी की कटौती करने बाद 16 प्रतिशत जी.एस.टी. बिल की धनराशि के साथ भुगतान की जायेगी।

6 निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में कोई मूल्य परिवर्तन मान्य नही होगा ।

7 किसी भी एक निविदा को स्वीकार्य करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी खण्ड विकास अधिकारी में निहित होगा।

8 किसी भी विवाद की दशा में जनपद न्यायालय खीरी ही मान्य होगा।

9 निविदा भरते समय निविदा की दरे अको के साथ-साथ शब्दों में भी उल्लिखित की जायें।

10 निविदा प्रपत्र के साथ सीलबन्द लिफाफे में फर्म रजिस्ट्रेशन, आयकर जी.एस.टी. तथा जमानत धनराशि का एफ.डी.आर. एवं आयकर रिटर्न की प्रति जिस पर ठेकेदार/फर्म स्वामी के हस्ताक्षर हो साथ में संलग्न किया जाये।

11 कार्य स्थल पर सेमी हाईमास्ट अधिष्ठापन के उपरान्त 02 वर्ष तक यदि कोई कमी/फ्यूज/अर्थिंग आदि की समस्या आती है तो पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित फर्म का होगा तथा स्वयं के सशाधन/व्यय से सही कराना होगा।

12 सेमी हाईमास्ट लाईट हैविल्स, सिसका, बजजा एवं क्राप्टन कम्पनी की ही होनी चाहिए निरीक्षण के समय यदि नहीं पाई जाती है तो सम्बन्धित फर्म से वसूली की जायेगी।

**(अश्वनी कुमार सिंह)**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**मोहम्मदी-खीरी**

संक्षेप

## विधायक ने बूथों का निरीक्षण कर जाना हाल

मड़िहान, मीरजापुर। विकास खंड राजगढ़ क्षेत्र के तीन बूथों का मड़िहान विधायक ने औचक निरीक्षण कर एसआईआर का बीएलओ से मिलकर हाल जाना। मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र के तीन बूथों पर एसआईआर (एसआईआर) फॉर्म भरवाने के कार्य की प्रगति का विस्तृत समीक्षा हेतु राजगढ़ के बूथ सख्या,145, 146, 147 भावां, डड़िया, रामपुर33 गांव पहुंचे, जहां उन्होंने बीएलओ, बीएलए के साथ बैठकर मतदाता सूची अद्यतन कार्य की जानकारी ली। इस दौरान संबंधित बीएलओ द्वारा बताया गया कि सभी बूथो पर लगभग 99% कार्य पूरा हो चुका है। विधायक ने अपने सामने भी एसआईआर फॉर्म भरवाया। उपस्थित लोगों से अपील करते हुए ओटर लिस्ट पुनरीक्षण के कार्य में खुल कर सहयोग करने की बात के साथ अपना अपना समय से फार्म जमा करने की बात कही। मौके पर बीएलओ राजकुमार सिंह, हृदय नरायन सिंह, राकेश कुमार सिंह, बीएलओ जितेंद्र कुमार सिंह, जीऊत राम, चंद्रशेखर सिंह, शिवचंद्र आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मड़िहान तहसील परिसर में बनेगा संग्रहालय

मड़िहान, मीरजापुर। उच्च न्यायालय के आदेश पर ग्राम न्यायालय के लिए संग्रहालय के लिए को विशेष केविन (कंटेनर) निर्माण की स्वीकृति दी गई है। बताया गया कि न्यायालय में जगह के अभाव में कठिनाई होती है। फाइलों को सुरक्षित रखने के लिए बीस फिट बाई पच्चीस फीट का मॉड्यूल दिया गया है। तहसील परिसर के अंदर मुख्य गेट के बगल खाली जगह पर स्थापित किया जाएगा। इस सम्बन्ध में ग्राम न्यायालय की न्यायाधीश प्रीति द्वितीय ने बताया कि छोटे से कक्ष में कोर्ट की फाइलों की रख रखाव करने कठिनाई होती है। केबिन के लिए उच्च न्यायालय से अनुरोध किया गया था। उप जिलाधिकारी अनेग सिंह ने कहा कि तहसील के मुख्य गेट के पास ग्राम न्यायालय केविन के लिए जमीन चिन्हित किया गया है। जल्द ही केविन स्थापित किया जाएगा। अधिवक्ता संघ ने कहा कि केविन की स्थापना से वादी एवं वकील को सुविधा होगी।

## बालक से दुष्कर्म के आरोपी को 25 वर्ष की कैद

जौनपुर। अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) उमेश कुमार की अदालत ने आठ माह पूर्व नौ वर्षीय बालक के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को 25 वर्ष के सश्रम कारावास व 50हजार अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार खेतासराय थाना क्षेत्र निवासी वादिनी ने स्थानीय थाने में अभियोग पंजीकृत करवाया कि दिनांक 9 अप्रैल 2025 को उसके गांव का ही रहने वाला युवक खालिद पुत्र लतीफ उसके 9 वर्षीय पुत्र को गांव की गली में ले जाकर उसके साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म व अश्लील कृत्य किया। पुलिस ने विवेचना करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। शासकीय अधिवक्ता राजेश कुमार उपाध्याय व कमलेश राय के द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने बच्चे से अप्राकृतिक दुष्कर्म के आरोपी युवक खालिद को दोषसिद्ध पाते हुए पाक्सो ऐक्ट के अंतर्गत 25 वर्ष के कारावास व 50 हजार अर्थदंड से दंडित किया।

## शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें

जौनपुर। जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील मछलीशहर के सभागार में मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी ने जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पैमाइश, पथरगड्डी, पेंशन सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। कई प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

# रैन बसेरे में आई कार्ड के साथ कर्मचारी ड्यूटी पर रहें उपस्थित



जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। डीएम रविंद्र कुमार ने शनिवार को आदर्श नगर पंचायत जीयनपुर में ठंड से बचाव हेतु बनाए गए रैन बसेरा स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत जीयनपुर को निर्देश दिया कि बेडशीट साफ एवं सूती कपड़े का रखें। उन्होंने कहा कि तकिया, कंबल, गद्दे की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिया कि तत्काल कोटेशन लेकर आवश्यक सामानों की खरीदारी सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने कहा कि वित्तीय नियमों का शत प्रतिशत अनुपालन खरीदारी में सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिया कि रैन बसेरे में गर्म पानी एवं अलाव की भी व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि रैन बसेरे में एक कर्मचारी की तैनाती सुनिश्चित करें, जो अपनी आई कार्ड के साथ ड्यूटी पर उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यदि कोई केयरटेकर रखा जाता है तो वह भी अपने आई कार्ड के साथ रेन बसेरा स्थल पर उपस्थित रहे। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत जीयनपुर ने जिलाधिकारी को आश्वासत किया कि दो से तीन दिन के अंदर जो भी आवश्यक व्यवस्थाएं हैं, उसको पूर्ण कर लिया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार, उप जिला अधिकारी सगड़ी, तहसीलदार, बीडीओ आदि उपस्थित रहे।

लाइट खराब होने से छाया अंधेरा

आजमगढ़। नगर पंचायत जहानागंज बाजार इस समय अंधकार में डूबा हुआ है। सुरक्षा और सौंदर्याकरण के नाम पर लाखों रुपये खर्च कर लगाई गई तिरंगा लाइटें एक माह से बंद पड़ी हैं। करीब छह महीने से यह समस्या बनी हुई है। मुख्य मार्ग आजमगढ़-गाजीपुर रोड से लेकर सठियांव-जहानागंज मार्ग से धरवारा मार्ग तक अंधेरा फैल रहता है। सड़क किनारे लगी लाइटों की जब ऐसी दुर्दशा है तो गलियों, मोहल्लों और अंदरूनी बाजारों की कल्पना ही की जा सकती है। लाइटों में खराबी आने के बाद लगातार छह महीने से स्थानीय लोग शिकायतें दर्ज करा रहे हैं। त्योहारों पर भी लोगों ने नगर पंचायत अध्यक्ष और ईओ को कई बार सूचना दी, लेकिन नहीं मरम्मत हुई, न ही कोई कार्रवाई। इसी रास्ते से जनपद के जनप्रतिनिधि और कई वरिष्ठ अधिकारी रोजाना गुजरते हैं, फिर भी किसी की नजर कस्बे के अंधेरे पर नहीं पड़ रही। सुबह टहलने वालों, रात में साइकिल चालकों और पैदल यात्रियों को अंधेरे में सफर करते हैं। कई जगहों पर छोटी हाई स्ट्रीट लाइटें भी खराब पड़ी हैं।

## समाधान दिवस पर पंचायत में अनियमितता का छाया रहा मुद्दा

लालगंज, मीरजापुर। संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार में एडीएम डीपी सिंह व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल 57 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें तीन प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया शेष बचे हुए प्रार्थना पत्रो के निस्तारण हतु राजस्व एवं पुलिस टीम गठित कर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। वह समाधान दिवस में गोडर खुर्द निवासी मोहन पुत्र लल्लू ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया की गांव महुलार के नया गांव घमहवा में वन विभाग द्वारा हम गरीबों का फसल व छप्पर नष्ट किया जा रहा है। ग्राम पंचायत नौगांव निवासी बैसाखू ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि ग्राम पंचायत नौगवा में सचिव एवं पंचायत सहायक द्वारा घोर अनियमितया की जा रही है वीडियो हलिया को निर्देशित किया गया। मटिहरा निवासी श्री राम ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि ग्राम पंचायत मटिहरा में छूटे हुए विद्युतीकरण कराया जाए। समाधान दिवस के अंत में एडीएम डीपी सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित करते यह कहा कि फरियादी की समस्या मौके पर जाकर एक स्टाफ मेमो के समझ फरियादी की गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करते ही रिपोर्ट समय से प्रस्तुत करें। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह ने कहा कि शासन की मंशा है कि फरियादी को बार-बार अपनी समस्या लेकर चक्कर न लगाना पड़े जिससे आप लोग गुणवत्ता पूर्वक फरियादी की समस्या निस्तारण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगा इस अवसर पर तहसीलदार दीक्षा पांडे, नायब तहसीलदार प्रताप नारायण ओझा, वन क्षेत्राधिकारी केके सिंह संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी राजस्व निरिक्षक लेखपाल मौजूद रहे।

## अंतर्जनपदीय गिरोह के चार टप्पेबाज गिरफ्तार

आजमगढ़। जिले के फूलपुर थाना पुलिस और स्वाट टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अंतरजनपदीय टप्पेबाज गिरोह के चार शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया है। ये ठग विशेष रूप से महिलाओं को झाड़-फूंक, तंत्र-मंत्र और बीमारी ठीक करने का झांसा देकर सोने-चांदी के गहने और नकदी ठग लेते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से लगभग 4 लाख रुपये के सोने के आभूषण, 2 लाख 90 हजार रुपये नकद, एक अवैध तमंचा 315 बोर सहित जिंदा कारतूस, तीन लग्जरी कारें और चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रायबरेली जिले के बछरावां थाना क्षेत्र निवासी मोहम्मद सलीम उर्फ बब्लू, उसकी पत्नी रुकसाना, मोहम्मद कलीम और असगर अली के रूप में हुई है। ये सभी एक ही परिवार और मोहल्ले के रहने वाले हैं। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे आजमगढ़, बलिया, मऊ, बस्ती, हरदोई, लखनऊ सहित कई जिलों में दर्जनों ठगी की वारदातें कर चुके हैं। मुख्य आरोपी सलीम उर्फ बब्लू और असगर अली का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। दोनों के खिलाफ ठगी, धोखाधड़ी और रिसीविंग स्टोलन प्रॉपर्टी के 10-10 से अधिक मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक बीते 20 नवंबर को फूलपुर कस्बा निवासी आशा देवी को ठगों ने झांसे में लेकर उनका मंगलसूत्र, सोने की चेन, झुमका आदि गहने और 15-20 हजार रुपये ठग लिए थे। इसी केस की पड़ताल के दौरान पुलिस को गैंग के ठिकाने का पता चला और आज सुबह 4:05 बजे खानजहांपुर पुलिस बूथ के पास बिलारमऊ-चिरैया मोड़ पर घेराबंदी कर चारों को दबोच लिया गया। आरोपियों ने बताया कि ठगी में महिलाओं को फंसाने में दिक्कत होने पर रुकसाना आगे आकर विश्वास जीतती थी और बाकी सदस्य मौका पाकर गहने नकदी लेकर फरार हो जाते थे। ये लोग हर वारदात के लिए गाड़ियां बदलते थे ताकि पुलिस को शक न हो। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने पूरी टीम को नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

## मासूम छात्रा के साथ गलत काम रोते हुए घर पहुंची

जौनपुर। नगर क्षेत्र के एक परिषदीय स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा एक की छात्रा रोते हुए घर पहुंची। अपनी मां और पिता को बताया कि उसने मेरे साथ गलत काम किया है। बच्ची आरोपी का नाम नहीं बता पा रही है। बेटी की हालत देख पिता ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पिता ने स्कूल के ही एक छात्र पर आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रथम दृष्टया पॉक्सो एक्ट के तहत अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। बच्ची को मेडिकल जांच के लिए भेजा है। शहर के एक मोहल्ला निवासी बच्ची घर से करीब 800 मीटर दूर परिषदीय विद्यालय में पढ़ती है। पिता ने बताया कि रोज की तरह बेटी सुबह 9 बजे स्कूल गई थी। करीब दो घंटे बाद वह रोते हुए घर पहुंची। बच्ची ने अपनी मां को बताया कि उसके साथ उसने गलत काम किया है। बच्ची से आरोपी का नाम पूछा तो उसने इशारे से बताया कि आरोपी भी उसी स्कूल में पढ़ता है, लेकिन वह नाम नहीं बता पाई। इसके बाद वह बेटी को लेकर कोतवाली गए। आरोपी छात्र के खिलाफ छेड़खानी और गलत काम करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी छात्र से घटना के बारे में पूछताछ की। इसके बाद उसे घर भेज दिया। वहीं, पुलिस ने बच्ची को मेडिकल जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। सीएचसी प्रभारी अमरनाथ यादव ने बताया कि अस्पताल में महिला चिकित्सक न होने के कारण बच्ची को जिला अस्पताल भेजा गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष होरीलाल यादव ने बताया कि मेडिकल जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गौशाला की क्षमता में वृद्धि कर अधिक पशुओं को करें संरक्षित



- डीएम तहसील सगड़ी स्थित आदर्श नगर पंचायत जीयनपुर के गौ आश्रय स्थल का किया आकस्मिक निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। डीएम रविंद्र कुमार ने शनिवार को तहसील सगड़ी स्थित आदर्श नगर पंचायत जीयनपुर के गौ आश्रय स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि गौ आश्रय स्थल में जमीन की पर्याप्त उपलब्धता है, इसलिए इसकी क्षमता में वृद्धि की जाए तथा कम से कम 50 अतिरिक्त गोवंश के संरक्षण की व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि ठंड को देखते हुए पशुओं के लिए अतिरिक्त टीन शेड सेट बनाया जाए तथा तिरपाल से उसको कवर्ड भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गौ आश्रय स्थलों पर अलाव जलाने की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा अलाव जलाते समय केयर टेकर या अन्य कोई कर्मचारी की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। जिला अधिकारी ने भूसा भंडार कक्ष का भी निरीक्षण किया, जिसमें पर्याप्त मात्रा में भूसे की उपलब्धता पाई गई। गौ आश्रय परिसर का निरीक्षण करने के दौरान जिलाधिकारी ने वहां पर रखे गए निष्प्रयोज्य सामानों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस समय यहां पर 14 गोवंश संरक्षित हैं, जिस पर जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि इसकी क्षमता की वृद्धि करते हुए कम से कम 50 गोवंश के संरक्षण के लिए व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने कहा कि गौ आश्रय स्थल में पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा एवं पानी की व्यवस्था उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हरे चारे की बुवाई भी समय से सुनिश्चित कर लिया जाए। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## वाहन मकान की दीवार तोड़कर घर में घुसा



ड्रमंडगंज, मीरजापुर। लालगंज थाना क्षेत्र के बरौंधा चौकी अन्तर्गत नेशनल हाई-वे नैड़ी कठारी में शुक्रवार की देर रात औरंगाबाद से सीधी मध्य-प्रदेश के लिए जा रहा बल्कर नैड़ी कठारी सड़क पर मवेशी बचाने के दौरान असंतुलित होकर जय कृष्ण मौर्या के घर में जा घुसा। संयोग ठीक रहा कि पूरा परिवार बगल के कमरे से सोया हुआ था। जो बाल बाल सुरक्षित बच गए। घटना के पश्चात स्थानीय लोगों की भीड़ इकठ्ठा हो गई।

सूचना मिलते ही बरौंधा चौकी इंचार्ज संजय कुमार हेड कांस्टेबल रमा शंकर मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य में जुट गए। बल्कर के चालक राम जी पटेल 55 निवासी चोरहट सीधी ने बताया कि शुक्रवार की देर रात बल्कर वाहन को लेकर सीधी मध्य-प्रदेश के लिए जा रहा था कि नैड़ी कठारी सड़क पर अचानक मवेशी आ गये। जिसे बचाने में वाहन असंतुलित होकर डिवाइडर से टकराते हुए मकान की दीवार तोड़ कर घर में जा घुसा। घटना की जानकारी होते ही स्थानीय ग्रामीण राहत कार्य में जुट गए। वही एक अन्य घटना के अनुसार बांबे से वाराणसी मंडी के लिए पपीता लादकर जा रहा पीकप असंतुलित होकर पलट गया। जिससे वाहन छतिग्रस्त हो गया। इस दौरान चालक सित्तार खां निवासी चंदौली घायल हो गया।

## जलेबी दौड़ में नमन, मेंढक दौड़ में आसिफ प्रथम



जौनपुर। विश्व दिव्यांग दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम के अन्तर्गत शनिवार को रचना विशेष विद्यालय में खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के दिव्यांग बच्चों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायंस क्लब जौनपुर सूरज के अध्यक्ष आशीष त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम संयोजक व पूर्व अध्यक्ष एमजेएफ संतोष साहू बच्चा तथा आनंद स्वरूप व राजेन्द्र खत्री उपस्थित थे। खेलकूद प्रतियोगिता में चम्मच दौड़ में नैतिक गौतम, सुई-धागा में माही, मेढ़क दौड़ में आसिफ, जलेबी दौड़ में नमन प्रजापति, टाफी दौड़ में मजाहिर, केला दौड़ में आदित्य व गुब्बारा दौड़ में जहरा फातिमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मेडल और अध्ययन सामग्री देकर पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि आशीष त्रिपाठी ने सभी बच्चों के उज्जवल एवं सफल भविष्य की कामना करते हुए इनके अन्दर छिपी हुई रचनात्मक कला को बाहर लाने के लिए संस्था द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। प्रधानाचार्य गौतम चन्द, समन्वयक सचिन यादव, वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. संतोष कुमार सिंह, विशेष शिक्षकगण रविरंजन, जितेन्द्र, नीरज तिवारी, बबिता सिंह, दामिनी यादव, नीतू यादव, होरेन्द्र मौर्या, लाल साहब यादव, रश्मि पाण्डेय व पत्रकार सै. गुलाम अब्बास जैदी, का सहयोग सराहनीय रहा। संचालन नसीम अख्तर ने किया।

## स्वच्छ प्रतिस्पर्धा को जन्म देती है खेल प्रतियोगिता



जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के उमानाथ स्कूल महरुपुर में सात दिवसीय नवरंग कल्चर एक्टिविटी व खेलकूद का कार्यक्रम शनिवार को सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में लोवर केजी से इंटर के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। इनमें से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के बच्चों को प्रबन्धक शिवेंद्र प्रताप सिंह ने मेडल देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व स्कूल के छात्राओं सौम्या ग्रुप, ध्रुवी एवम वत्सला ग्रुप, अदिति ग्रुप, इशिका ग्रुप, स्नेहा ग्रुप, आस्था ग्रुप ने आज के बदलते माहौल को लेकर विभिन्न नाटक प्रस्तुत कर मौजूद लोगों को जागरूक किया। ऊनी प्रस्तुति से मौजूद लोगों की तालियां बटोरी। प्रबन्धक शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेलकूद बच्चों के अंदर स्फूर्ति, मजबूती के अलावा एक स्वच्छ प्रतिस्पर्धा को जन्म देती है। बच्चो को मानसिक मजबूती भी मिलती है। इसके साथ ही आज के दौर में सामाजिक कुरीतियों को नाटक के माध्यम से प्रस्तुत कर बच्चियों ने अच्छा संदेश दिया। डी नाजरेथ, उप प्रधानाचार्य कृष्णा यादव, सुश्री अनुमेहा, सूर्यकांत त्रिपाठी, वेदप्रकाश, राकेश सिंह, एस एस मिश्र, आरपी पाठक, निखिल मिश्र आदि मौजूद रहे।

## दो दिवसीय बाल योग संस्कारशाला का समापन



मीरजापुर। पतंजलि युवा भारत एवं विंध्य योग सेवा धाम के संयुक्त तत्वावधान में नगर के डंगहर स्थित अमर ग्लोबल स्कूल में दो दिवसीय निशुल्क बाल योग संस्कारशाला का भव्य समापन हुआ जहां दूसरे दिन समापन अवसर पर योग गुरु राष्ट्रीय योगासन जज योगी ज्वाला सिंह ने स्कूल के बच्चों को खड़े होकर करने वाले आसनों का अभ्यास कराते हुए, ताड़ासन ऊर्ध्वताड़ासन त्रिकोणासन कोणासन वृक्षासन के साथ साथ हास्यासन जैसे आदि आसनों का अभ्यास कराते हुए उनसे होने वाले लाभ के बारे में विस्तारपूर्क जानकारी दी उन्होंने कहा कि सब रोगों की एक दवाई हंस लो मेरे प्यारे भाई। इस अवसर पर योग गुरु योगी ज्वाला सिंह ने कहा कि इन नन्हें नन्हें बच्चों को अगर बाल्यकाल से ही योग प्राणायाम का अभ्यास कराया जाए तो इनका जीवन ही शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक रूप से पूर्ण स्वस्थ रहे और ये सदैव हर रोग और व्याधियों बचें रहेंगे।

आज बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कारों के समावेश से सिंचित किया जाए तो यही बच्चें भारत के भविष्य में बड़ी भूमिका निभा सकेंगे। इस अवसर पर संस्थापिका शशि कला उपाध्याय ने कहा कि जीवन को स्वस्थ और सुखी बनाना है तो योग ही एकमात्र साधन हैं। दूसरा कोई उपाय नहीं इसलिए बच्चों के साथ अगर इनके माता पिता और परिवार भी नियमित योग करें तो जीवन स्वर्ग हो जाएगा। समापन अवसर पर योग गुरु ने बच्चों को योग के साथ संस्कार से सम्बंधित विषयों को बताते हुए कहा कि, बच्चे प्रातः काल धरती माता को प्रणाम करें, एवं माता-पिता को प्रणाम कर स्नान आदि से निवृत होकर सूर्य को अर्ध जरूर दे, जिससे जीवन में विद्या बुद्धि और बल की प्राप्ति करें।

## देशी शराब के साथ किया गिरफ्तार

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के किरतापुर बालेमऊ मार्ग पर पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसारमुखबिर से मिली सूचना पर एस आई अनिल यादव मय हमराहियों के ऊक्त स्थान पर पहुंच गए। वहां पर एक व्यक्ति को एक झोले में 20 शीशी अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार मर लिया। पकड़ा गया व्यक्ति शिवपूजन पुत्र स्वर्गीय भगवानदास निवासी विझवार थाना गौराबादशाहपुर का निवासी है। थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल ने बताया कि चोरी अवैध शराब का कारोबार करता है।

# चोरी की 10 मोटरसाइकिल बरामद, आठ गिरफ्तार



जौनपुर। थाना गौराबादशाहपुर पुलिस द्वारा आठ लोगों को गिरफ्तार करते हुए इनके कब्जे से चोरी की दस मोटर साइकिलें बरामद की है।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि वादी प्रिंस पाण्डेय पुत्र विरेन्द्र पाण्डेय ग्राम नैपुरा थाना गौराबादशाहपुर जनपद द्वारा तहरीर दिया गया कि चोर के द्वारा वादी की मोटरसाइकिल स्पलेण्डर चोरी कर लिया गया पुलिस ने धारा 303(2) बी0एन0एस0 बनाम अज्ञात के पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही तेज की गई। उन्होने बताया कि थााने के एसआई मंशा राम गुप्ता व प्रदीप सिंह चेकिंग अभियान के दौरान 08 लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही से चोरी की 10 मोटरसाइकिलें कुरेथु तिराहा के पास से बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में शिवम यादव उर्फ बड्डू पुत्र शंकर यादव निवासी ग्राम इमली थाना जफराबाद, सोनू यादव पुत्र राजनरायन यादव निवासी बालेमऊ थाना गौराबादशाहपुर, सिकन्दर यादव पुत्र जवाहिर यादव निवासी कबीरूद्दीनपुर थाना गौराबादशाहपुर, शशिकान्त यादव पुत्र रामकेश यादव निवासी मोलापुर थाना केराकत, रतन सागर उर्फ छोटू यादव पुत्र सोमारू यादव निवासी उदियासन थाना केराकत, हेमन्त यादव पुत्र दिनेश यादव निवासी कौवापार थाना गौराबादशाहपुर, सत्यम पाल पुत्र स्व0 पन्नालाल पाल निवासी गजना थाना गौराबादशाहपुर, अभिषेक यादव पुत्र कल्लू निवासी करमौना थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुरने बताया कि हम सभी लोग मिलकर जौनपुर व अन्य गैर जनपदो से बाइक चोरी करके उसका नम्बर प्लेट बदलकर प्रयोग मे लाते है तथा उसको बेच कर उससे अर्जित पैसो को आपस मे बांटकर लेते है।

## कैंडल मार्च की सफलता के लिए बनायी रणनीति

जौनपुर। 7 दिसंबर को होने वाले पेंशन शहीद डॉ0 रामाशीष सिंह की शहादत दिवस पर बीआरपी इंटर कॉलेज से कलेक्ट्रेट तक कैंडल मार्च में अधिक से अधिक संख्या में शिक्षकों की उपस्थिति का आह्वान करने के लिए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (नवीन) के प्रांतीय अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने जिला इकाई के पदाधिकारियों के साथ बदलापुर तहसील के विभिन्न विद्यालयों संत परमहंस इंटर कॉलेज औका, यादवेश इंटर कॉलेज नौपेड़वां, सल्तनत बहादुर इंटर कॉलेज बदलापुर, बजरंग बहादुर इंटर कॉलेज घनश्यामपुर, श्री कृष्ण इंटर कॉलज गजेन्द्रपुर में शिक्षक एवं शिक्षिका बहनों से मुलाकात कर पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर संघर्ष करते हुए शहीद हुए कैंडल मार्च को सफल बनाने के लिए एक शाम, डॉ रामाशीष सिंह के नाम करने के लिए अपील किया जिला इकाई जौनपुर बीआरपी इंटर कॉलेज मैं एक संक्षिप्त श्रद्धांजलि सभा कर तत्पश्चात रोडवेज तिराहा होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित क्रांति स्तंभ तक कैंडल मार्च करेगा।

# देश के विकास में जरूरी है शिक्षाः परीक्षा नियंत्रक



जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर शनिवार को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से जुड़े शिक्षक विद्यार्थी, कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि बाबा साहब ने हमारे संविधान में न केवल अधिकारों को समाहित किया है, बल्कि कर्तव्यों का भी उल्लेख किया है। हमारा संविधान विश्व के सबसे सुंदर और प्रभावी दस्तावेजों में से एक है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहब को श्रद्धांजलि तभी दी जा सकती है जब विद्यार्थी शिक्षित बनेंगे और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होंगे, तभी सही मायने में देश का विकास संभव हो सकेगा। विधि विभाग के निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि बाबा साहब ने सामाजिक न्याय और समानता के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका जीवन हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझने और निभाने का संदेश देता है। जनसंचार विभाग के डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि मीडिया की भूमिका लोकतंत्र में बेहद महत्वपूर्ण है। बाबा साहब के आदर्शों को सतत जन-जन तक पहुँचाना जनसंचार का परम कर्तव्य है। हमें उनकी सोच को समकालीन संदर्भ में प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वहीं दहाडेगा। रज्जू भैया संस्थान के डॉक्टर नितेश जायसवाल ने कहा कि आज के युवाओं को बाबा साहब के सिद्धांतों को अपनाकर जीवन में न्याय, समानता और स्वाभिमान के मार्ग पर चलना चाहिए। यह दिवस हमें उनके संघर्षों को स्मरण करा कर जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का अवसर देता है।

विधि विभाग के डॉ. अनुराग मिश्रा, फामेर्सी विभाग के डॉ. राजीव कुमार, डॉ. राजित राम सोनकर कहा कि समाज में सौहार्द, संवेदनशीलता, और मानवता की भावना को मजबूत करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विद्यार्थियों ने अक्षय प्रताप, अंकुल सोनकर, गौरव कुंद्रा ने परीक्षा नियंत्रक को बाबा साहेब का चित्र भेंट किया। संचालन गौरव कुंद्रा और धन्यवाद ज्ञापन अजीत राव ने किया।

संक्षेप

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**कुशीनगर।** जिले में हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार दुर्घटना शुक्रवार रात लगभग 11 बजे जिले के नेबुआ-पनियहवा राजमार्ग पर हुई जब रामनगर के निवासी रंजन (35) और दिनकर (30) मोटरसाइकिल से पनियहवा की ओर जा रहे थे छितौनी कस्बे में पेट्रोलपंप के मोड़ के निकट पहुंचने पर तेज रफ्तार वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर के कारण मोटरसाइकिल सवार दिनकर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि रंजन गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों से सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से तुर्कहा में स्थित सामूहिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया और शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुट गई है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। हनुमानगंज के थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और तहरीर मिलने पर कार्वाई की जाएगी।

## रास्ते में रोककर युवक से मारपीट

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम मिदरवाहा मजरा लक्ष्मनपुरा निवासी दिनेश पुत्र मठू अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 30 नवम्बर को शाम करीब 7 बजे वह अपनी मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 एन. 0341 से अपने घर जा रहा था। वह संदीप की दुकान के पास पहुंचा ही था कि तभी पहले से मौजूद छोटू पुत्र मनोहरलाल कुशवाहा, हेमन्त पुत्र रामफल, काशी पुत्र मुलु कुशवाहा, रचपाल पुत्र कुशवाहा गांव के हैं। छोटू बीच रास्ते में लाठी लिये खड़ा था, उससे अलग हटने को कहा तो उसने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित किया और गालियां दीं। आरोप है कि इनमें से किसी ने गाड़ी की चाबी निकाल ली, जिसके बारे में पूछने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी।

# सामाजिक परिवर्तन के महानायक थे बाबा साहब : चंद्रभूषण

जिला संवाददाता

**देवरिया ।** बाबा साहब डा आंबेडकर ने उच्च शिक्षा ग्रहण करने के बाद सामाजिक अपमान को झेलते हुए देश की विशाल आबादी को सामाजिक न्याय दिलाने हेतु अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया,उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित परिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि डा आंबेडकर बीसवीं सदी के सामाजिक परिवर्तन के महानायक थे। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि बाबा साहब डा आंबेडकर ने समाज की कुरीतियों, भ्रांतियों, अंधविश्वासों, कुपरम्पराओं और अपमानजनक कार्यवृत्तियों का प्रतिकार करते हुए देश की शोषित - पीड़ित जमात को समतावादी राह दिखाया।देश के उपेक्षित समाज को शिक्षा, सम्मान, सत्ता और संपत्ति के अधिकार प्राप्ति का मार्ग प्रदान करने हेतु डा आंबेडकर के अतुलनीय और अविस्मरणीय योगदान को देश का वंचित समाज सदियों तक याद करता रहेगा ।आज हम बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें कोटिशः नमन करते हैं। बाबा साहब डा आंबेडकर को उनके परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में व्यास यादव,रामप्यारे यादव, सुरेश नारायण सिंह,नाजिर अंसारी, बेलभद्र गोंड, अभिषेक गुड्डू गोंड,शंकर गोंड, राम नगीना यादव,उत्तिम यादव, रामअधार यादव,संतोष मद्धेशिया, जिबोध चौहान,अयोध्या वर्मा ,अनिरुद्ध यादव , अमला यादव आदि के नाम शामिल हैं।

## कांग्रेसियो ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धपूर्वक याद किया

**देवरिया ।** जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' टाउन हॉल परिसर कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस नेताओं ने संविधान निमार्ता को पुष्पांजलि अर्पित की सामाजिक न्याय और समानता के लिए उनके योगदान को याद करते हुए, जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने महापरिनिर्वाण दिवस पर कहा कि भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान और सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते है। उन्होंने आगे कहा कि बाबासाहेब ने अपना पूरा जीवन स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और न्याय के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। उनके आदर्शों और विचारों की रक्षा, संरक्षण और सुरक्षा करना हम सभी की सबसे बड़ी जरूरत है। साथ ही राष्ट्र के लिए उनके बेहतरीन योगदान भारत के संविधान की भी रक्षा करना हम सभी भारतीय नागरिकों की जिम्मेदारी है। अरविन्द शाही,भरत मणि त्रिपाठी,अब्दुल जब्बार, संजीव कुमार मिश्रा,जुलेखा खातून, धर्मेंद्र पांडेय,मनोज मणि ,निर्मला वर्मा,रीता देवी,शिवशंकर सिंह,उत्तेज मिश्रा,मिर्जा खुर्शीद,विनोद तिवारी,विनोद दुबे,जवाहर बरनवाल,पन्नालाल पाठक,रजनीश प्रसाद,आलोक त्रिपाठी,सत्यप्रकाश मणि,संजय गुप्ता सहित पुष्पांजलि अर्पित किया।

## डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया नमन

**कसया, कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नंबर 20 शहीद भगत सिंह नगर (खेदनी) में भारत रत्न और संविधान



निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर उन्हें नमन किया गया।शनिवार को डॉ भीमराव अंबेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस पर पूर्व प्रधान लक्ष्मण यादव, विश्वनाथ ठाकुर, राहुल शर्मा, खजांची प्रसाद सहित वार्ड वासियों ने उनकी प्रतिमा की साफ सफाई की और माल्यार्पण किया। पूर्व प्रधान श्री यादव ने कहा कि डॉ अंबेडकर ने संविधान की रचना कर हर नागरिक को अधिकार संपन्न बनाया। इसी क्रम में श्री विश्वनाथ ने कहा कि बाबा साहब ने दलित, पिछड़ों और शोषित समाज के उत्थान के साथ सभी को समानता, बंधुता, सम्मान का अधिकार दिया। संचालन करते हुए राम छबीला ठाकुर ने कहा कि डॉ अंबेडकर द्वारा लिखित संविधान में मिले अधिकारों को हमें जानना होगा तभी हम उन अधिकारों को ले पाएंगे। इस दौरान मंगलम, चंदन प्रसाद, कमलावती देवी, कलावती, लक्ष्मीना देवी, खूबलाल, भोलू प्रसाद, अमरीका, राम बच्चन, निर्मल आदि मौजूद रहे।

# एसआईआरराज्य की सुरक्षा और विकास का महत्वपूर्ण दस्तावेजः शशांक मणि



**देवरिया ।** सदर सांसद शशांकमणि ने रामपुर कारखाना विधान सभा क्षेत्र के बिंदवलिया में तथा पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र के महुआडीह के बरपार गांव में बूथ संख्या 88, 89, और 90 पर बैठक कर पार्टी कार्यकताओं से एसआईआरपूरा करने का आह्वान किया साथ ही मौजूद लोगों के फॉर्म भी भरवाए। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक फॉर्म नहीं, बल्कि राज्य की सुरक्षा और विकास का महत्वपूर्ण दस्तावेज है।श्री मणि ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ एस ?आई ?आर ?की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी गांवों में वोटरों से सीधे संपर्क कर फॉर्म भरवाने पर जोर दिया और डा भीमराव अंबेडकर के परिनिवार्ण दिवस पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने स्वस्थ लोकतंत्र, सामाजिक समानता और न्याय के लिए संविधान का निर्माण इसलिए किया ताकि इसके माध्यम से सभी के अधिकारों की सुरक्षा हो सके । यह कार्य राज्य की सुरक्षा और विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है ।उन्होंने बताया कि विपक्ष ने बिहार में हार के बाद एस ?आई ?आर ?पर फिर से हंगामा किया है, जबकि यह प्रक्रिया लोकतंत्र को मजबूत बनाती है ? ।वहीं देवरिया नगर के बसियवाँ में बूथ संख्या 243, 244 और 245 पर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने निरीक्षण किया तथा वहाँ उपस्थित लोगों के शिकायत करने पर कि किसी व्यक्ति विशेष के घर इछड साहब बैठ रहे हैं उनके घर हम लोग नहीं जाते हैं जिलाध्यक्ष ने उन्हें तुरन्त फोन कर बूथ पर उपस्थित होकर रक्फ्का काम कर जनमानस की सुविधानुसार जल्द पूरा करने को कहा। साथ ही उन्होंने कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि इस राष्ट्रीय कार्य में पूरी ऊर्जा लगानी चाहिए, ताकि मतदाता सूची शुद्ध और पूर्ण रहे। उन्होंने बताया कि बूथ स्तर पर एस ?आई ?आर ?फॉर्म भरवाने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर योग्य नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवा सके और आगामी चुनावों में अपने अधिकार का उपयोग कर सके ।बैठक के दौरान मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष विजय पांडे, विजय श्रीवास्तव, राकेश कुमार त्रिपाठी, बी एल ओ विश्वमोहन

# विधान परिषद संसदीय अध्ययन समिति ने की विभागवार समीक्षा

जिला संवाददाता

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति ने विकास भवन के गांधी सभागार में जनपद के विभागाध्यक्षों के साथ बैठक कर विभिन्न विभागीय योजनाओं, प्रगति एवं आवेदनों के निस्तारण की विस्तृत समीक्षा की। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति किरण पाल कश्यप ने की।

बैठक की शुरूआत अधिकारियों से परिचय के साथ हुई। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने सभापति श्री कश्यप का पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। बैठक में सरकार के गठन से अब तक जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रेषित पत्रों पर विभागवार की गई कार्रवाई की गहन समीक्षा की गई पुलिस, राजस्व, चिकित्सा, पंचायती राज, सिंचाई, बेसिक शिक्षा, विद्युत, कृषि, पूर्ति, पशुपालन, चकबंदी सहित विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों के निस्तारण की स्थिति पर विस्तृत चर्चा हुई सभापति श्री कश्यप ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि आवेदनों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करें तथा इसकी जानकारी माननीय सदस्यों को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि अगली बैठक में सभी विभाग वर्ष 2022 से 2025 की अवधि में प्राप्त जनप्रतिनिधियों के पत्रों की संख्या, उनके निस्तारण की प्रगति तथा सदस्यों को अवगत कराने की स्थिति—इन सभी बिंदुओं पर पूर्ण तैयारी के साथ उपस्थित हों इस अवसर पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने समिति को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए सभी निदेर्शों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाएगा बैठक में विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन, मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष सचिव एवं समिति अधिकारी विनोद कुमार यादव, समीक्षा अधिकारी सौरभ दीक्षित, प्रतिवेदन अधिकारी राम प्रकाश पाल, अपर निजी सचिव अमितेश पाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## दोष सिद्ध होने के बाद महिला ने किया विषाक्त पदार्थ का सेवन

**ललितपुर।** न्यायालय में एक हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने के बाद एक महिला आरोपी ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। उसकी हालत गंभीर होने पर उसे तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां से उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। यह घटना अपर जिला सत्र न्यायालय (एससीएसटी एक्ट स्पेशल न्यायालय) में हुई। न्यायालय ने महिला के बेटे, बेटी सहित चार अन्य आरोपियों को भी जेल भेज दिया है। यह मामला 2 साल पहले 17 सितंबर को कोतवाली सदर क्षेत्र के नेहरू नगर मोहल्ले में युवक किशन की हत्या से संबंधित है। इस मामले में गेंदा बाई (60), उसकी बेटी अशर्फी, बेटा बबलू, सुरेंद्र और द्रोपाल आरोपी थे। सुनवाई के दौरान जब आरोपियों पर दोष सिद्ध हो गया और न्यायालय ने उन्हें हिरासत में लेने के निर्देश दिए, तभी आरोपी महिला गेंदा बाई ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। आरोपी पक्ष के अधिवक्ता बृजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि हत्या के मामले में सुनवाई के दौरान आरोप सिद्ध होने पर महिला सहित सभी पांचों आरोपियों को कस्टडी में लेने के निर्देश दिए गए थे। इसी दौरान गेंदा बाई ने किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। महिला गेंदा बाई ने स्वयं बताया कि वह न्यायालय में सल्फास की गोलियां ले गई थी और उसने उन्हीं गोलियों का सेवन किया है। बता दें दो साल पहले कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला नेहरू नगर नेन्सी गार्डन के पीछे निवासी किशन (22) पुत्र पन्नालाल अहिरवार के साथ 17 सितम्बर 2023 की रात 9 बजे की है। मोहल्ले के ही निवासी दो महिलाओं सहित 6 से अधिक लोगों ने उसके साथ बेरहमी से लाठी डंडों से मारपीट की थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था, लोगों ने उसे घायल पड़ा देखा तो 108 एम्बुलेंस बुलाकर अस्पताल भेजा था। जहां देर रात उसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

## महिला से अभद्रता के आरोप में पूर्व विधायक पर केस दर्ज

**देवरिया।** जिले में पुलिस ने एक महिला के घर में घुसकर उसके साथ छेड़खानी, अभद्रता और हत्या के प्रयास के आरोप में बरहज के पूर्व विधायक सुरेश तिवारी समेत छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार महिला का आरोप है कि तीन दिसंबर की शाम करीब पांच बजे राकेश कोहार, अमिता व अनुष्का कोहार, उषा मल्ल और प्रेमलता समेत कई लोग जबरन उसके घर में घुस आए। सभी ने मिलकर मारपीट की, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। तहरीर में आरोप है कि राकेश कोहार ने महिला की इज्जत पर हाथ डालते हुए उसका कपड़ा फाड़ दिया। इसी दौरान उसके पांच वर्षीय बेटे का गला दबाकर मारने की कोशिश भी की गई। प्रार्थनी का कहना है कि झगड़े का वीडियो उसके पास मौजूद है। तहरीर में पीड़िता ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने पूर्व विधायक सुरेश तिवारी के कहने पर यह हमला किया। हालांकि अभी मामले में पूर्व विधायक तिवारी की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इस संबंध में कोतवाली थाना रुद्रपुर के प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह सागर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## खाद्यान्न और चीनी वितरण 10 से होगा

**देवरिया ।** जिला पूर्ति अधिकारी संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत माह दिसम्बर का आवंटित खाद्यान्न तथा अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास ( अक्टूबर से दिसम्बर 2025 ) की चीनी का वितरण 10 दिसम्बर से 28 दिसम्बर के बीच किया जाएगा। इस संबंध में निर्देश आयुक्त, खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया किअन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 35 किलोग्राम खाद्यान्न ( गेहूं 14 किग्रा एवं चावल 21 किग्रा ) निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त 3 किलोग्राम चीनी प्रति कार्ड ?18 प्रति किलोग्राम की दर से वितरित की जाएगी।

पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को कार्ड में दर्ज प्रत्येक यूनिट ( व्यक्ति ) के आधार पर 5 किलोग्राम खाद्यान्न ( गेहूं 2 किग्रा एवं चावल 3 किग्रा ) निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

## छात्र-छात्राओं से प्रत्यावेदनों के निस्तारण के लिए निर्देश जारी

**कुशीनगर।** जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्ता ने अवगत कराया है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण के क्रम में छात्रों/अभिभावकों एवं प्रधानाचार्यों की ओर से प्राप्त प्रत्यावेदन एवं आपत्तियों के निस्तारण को लेकर शासन द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त हुए हैं।

उक्त शासनादेश के क्रम में सभी प्रधानाचार्यों/प्रबंधकों को निर्देशित किया गया है कि 04 दिसम्बर 2025 तक ऑनलाइन प्राप्त सभी प्रत्यावेदनों का परीक्षण करते हुए उनका निस्तारण सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त जिन मामलों का निस्तारण विद्यालय स्तर पर संभव नहीं है, उनके संदर्भ में समस्त आवश्यक अभिलेखों सहित 09 दिसम्बर 2025 को दोपहर 1:00 बजे तक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, कलेक्ट्रेट सभागार, कुशीनगर में प्रस्तुत होना अनिवार्य है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है और किसी भी स्थिति में विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। समस्त संस्था प्रधान यह सुनिश्चित करें कि हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा से संबंधित किसी भी विद्यार्थी का अभिलेख त्रुटिरहित रूप से निस्तारित हो जाए।

# विधान परिषद संसदीय अध्ययन समिति ने की जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा




**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति ने विकास भवन के गांधी सभागार (देवरिया) में जनपद देवरिया एवं कुशीनगर के विभागाध्यक्षों के साथ अलग -अलग बैठक कर विभिन्न विभागीय योजनाओं, प्रगति एवं आवेदनों के निस्तारण की विस्तृत समीक्षा की।बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति किरण पाल कश्यप ने की। बैठक की कार्यवाही अधिकारियों के परिचय के साथ हुई। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर एवं देवरिया दिव्या मित्तल द्वारा सभापति श्री कश्यप का पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। बैठक में सरकार के गठन से अब तक जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रेषित पत्रों पर विभागवार की गई कार्रवाई की गहन समीक्षा की गई। पुलिस, राजस्व, चिकित्सा, पंचायती राज, सिंचाई, बेसिक शिक्षा, विद्युत, कृषि, पूर्ति, पशुपालन, चकबंदी सहित विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों के निस्तारण की स्थिति पर विस्तृत चर्चा हुई। सभापति श्री कश्यप ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि आवेदनों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करें तथा इसकी जानकारी माननीय सदस्यों को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि अगली बैठक में सभी विभाग वर्ष 2022 से 2025 की अवधि में प्राप्त जनप्रतिनिधियों के पत्रों की संख्या, उनके निस्तारण की प्रगति तथा सदस्यों को अवगत कराने की स्थिति आदि का सभी बिंदुओं पर पूर्ण तैयारी के साथ उपस्थित हों। इस अवसर पर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने समिति को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए सभी निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में समिति के सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी कुमार यादव, समीक्षा अधिकारी अधिकारी राम प्रकाश पाल, अपर निजी सचिव अमितेश पाल सहित दोनो जनपदों के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में सांसद विधायक खेल स्पर्धा आयोजित




**देवरिया ।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में विधान सभा पथरदेवा के राजेश्वरी देवी रामसुभग सिंह महाविद्यालय कुर्मी पट्टी पथरदेवा में सांसद/विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया , जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि माननीय कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही जी द्वारा फीता काटकर किया गया और कार्यक्रम का समापन खंड विकास अधिकारी पथरदेवा द्वारा किया गया 100 मीटर दौड़ बालक सब जुनियर में किताबुदिन प्रथम 100 मी जुनियर में सुदर्सन प्रथम 800मीटर दौड़ बालिका में प्रथम आतिया 800 मीटर जुनियर बालक किताबुदिन प्रथम वॉलीबॉल में अकटहीया विजेता व साहपुर भिखम उपविजेता सीनियर वर्ग में बालीका में एम पी आई सी विजेता व रामचन्द्र इंटर कॉलेज उपविजेता400 मीटर बालक वर्ग में कुलदीप प्रथम 400 मी बालिका वर्ग में प्रियंका प्रथम लांग जम्प में नितेश प्रथम और सीनियर में करन प्रथमफुटबाल में एम पी आई सी विजेता व कुर्मी पट्टी उपविजेता प्रतियोगिता के समापन परकार्यक्रम का संचालन शिवम पाण्डेय ने किया माननीय मंत्री जी द्वारा प्रतिभागियों को मेडल, सर्टिफिकेट, ट्रॉफी एवं प्रथम स्थान प्राप्त करने वालो को टी शर्ट देकर उनका उत्साह वर्धन तथा उज्जवल भविष्य की कामना की।प्रतियोगिता में मौजूद रहे जिला अध्यक्ष किशान मोर्चा देवरिया पवन मिश्रा,जिला पंचायत सदस्य सुजीत प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष जीपु शाही,खंड विकास अधिकारी पथरदेवा, जिला कृषि अधिकारी देवरिया,क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी निखिल, संतोष, आशीष ,नीरज,अर्जुन शिवम पाण्डेय, मंगल दल अध्यक्ष राहुल मल्ल ,फुटबॉल कोच जय कुमार राव मौजूद रहे।

## एक दिवसीय कृषि निवेश मेला/गोष्ठी आयोजीत

**भटनी(देवरिया)** ।स्थानीय विकास खण्ड के प्राँगण में कृषि उत्पादन में वृद्धि हेतु कृषि सूचना तन्त्र एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि निवेश मेला/गोष्ठी का आयोजन किया गया ।मेले में कृषि निवेश मेला,सूचना तन्त्र में सुधार करने एवं कृषि संबंधी सूचनाओं के प्रति किसानों को जागरूक करने पर गोष्ठी के दौरान चर्चा की गई ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रामेश्वर पाण्डेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है ।उत्तर भारत मे लगभग 70 प्रतिशत आबादी कृषि उत्पादकों पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि किसानों के हित मे इस मेले का आयोजन किया गया है ।इस मेले का मूल उद्देश्य किसानों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की बिभिन्न योजनाओं का लाभ पहुचाना है। कार्यक्रम के दौरान सहायक विकास कृषि अधिकारी आशीष कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कृषि ऋण, पीएम किसान सम्मान निधि,फसल बीमा योजना की जानकारी किसानों तक पहुंचाने व बीज एवं भूमि शोधन केन्द्र की स्थापना पर बल दिया ।गोष्ठी को सुरेश चन्द्र वर्मा, फूलचंद्र निषाद, शिव शरण मिश्रा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार मिश्रा ने किया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से वकील यादव संतोष कुमार सैनी, भास्कर चौहान, अभिषेक चौहान रामदयाल सहित आदि किसान मौजूद रहे।

# सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के लिए पूर्व सैनिकों ने भेंट की




**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि सैनिक किसी भी देश भक्ति की सबसे बडी पूंजी होती है, वे राष्ट्र के प्रहरी है, जो नागरिकों की सुरक्षा के लिए अपने परिवार, आराम और निजी जीवन का त्याग कर देते है। देश इन वीरों और शहीदों का सदैव ऋणी रहेगा।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शनिवार को सशस्त्र सेवा झंडा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का मुख्य उददेश्य युद्ध में घायल सैनिकों, वीर नारियों और शहीद परिवारों के पुनर्वास सहायता और कल्याण के लिए योगदान एकत्रित करना है। वर्ष 1949 से प्रति वर्ष 07 दिसम्बर को मनाये जाने वाला यह दिवस वीर सैनिकों और शहीदों को समर्पित है, जो राष्ट्र की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर किये है तथा जो आज भी सीमाओं पर डटे हुए है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी तथा पूर्व सैनिकों ने शनिवार को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस बडे सम्मान और देश भक्ति की भावना के साथ आयोजित होने वाले कार्यक्रम के अन्तर्गत ई0एस0एम0, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी और एस0डी0एम0 बिजनौर से भी भेंट की। उन्होंने अधिकारियों को झण्डे पिन कराए और सभी अधिकारियों ने इस पुण्य कार्य के लिए स्वैच्छिक दान देकर सैनिक कल्याण के प्रति अपना सहयोग प्रदर्शित किया। चांदपुर और नजीबाबाद में भी एनसीसी कैडिटों ने पूर्व सैनिकों के साथ मिलकर नागरिकों से दान एकत्रित किया और आर्मड फोर्सेस फ्लेग डे फण्ड के झण्डे वितरित किये। कैडिटों ने पूरे उत्साह, उर्जा और देश भक्ति के साथ इस अभियान में भाग लिया, जिसने कार्यक्रम को और अधिक प्रेरणादायक बना दिया। जिले के नागरिकों ने बढ़-चढ़ कर भागीदारी की और स्वैच्छिक दान देकर राष्ट्र के वीर जवानों के प्रति कृतज्ञता वयक्त की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ए0के सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी पूर्व सैनिक एवं कैडेट्स मौजूद थे।

# गुणवत्तापरक शिक्षा देकर ही देश को विश्व गुरु की श्रेणी में लाया जा सकता हैः घ्रुव कुमार त्रिपाठी

**भटनी(देवरिया)** ।जनता इण्टरमीडिएट कालेज पुरैनी परसिया के संस्थापक प्रधानाचार्य स्व श्यामसुंदर सिंह की -34वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कालेज के संरक्षक नरेन्द्र सिंह के निर्देशन मे कालेज परिवार द्वारा एक समारोह आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया ।इस अवसर पर कक्षा 6से लेकर कक्षा 12तक के उन छात्र छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया जो अपने अपने कक्षाओं के वार्षिक परीक्षा में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया था ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोरखपुर-फैजाबाद क्षेत्र के शिक्षक विधायक घ्रुव कुमार त्रिपाठी ने संस्थापक प्रधानाचार्य स्व श्यामसुन्दर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल में 1965 मे ईस कालेज की स्थापना कर एक पूनीत कार्य किया ।इस कालेज से शिक्षा ग्रहण कर नेक इंन्सान बनकर समाज के विभिन्न क्षेत्रो मे समाज की सेवा कर रहे है ।गुणवत्तापरक शिक्षा बच्चों को देकर ही देश को विश्व गुरु बनाया जा सकता है ।यह कार्य कोई दुसरा नही कर सकता केवल इस पूनीत कार्य को शिक्षक ही कर सकता है ।

विधायक ने कहा कि ईश्वर के बाद इस क्षेत्र को शिक्षा में पहचान बनाने का कार्य स्व श्यामसुंदर सहि ने किया ।

विशिष्ट अतिथि बरहज विधायक दीपक मिश्र शाका ने कहा कि व्यक्ति का आना सौभाग्य जाना काल चक्र इसके बाद जनता के बीच में रहना बडी बात है ।श्री राम को संस्कार आदर्श और आचरण से जाना जाता है ।श्रीराम संस्कार और सनातन धर्म का पालन करते हुए पिता के आदेश को मानते हुए वन चले गये ।वन मे जटायु शबरी सुग्रीव से मिलकर एक आदर्श के साथ पुरुषोत्तम बनकर अयोध्या वापस आये ।विधायक ने कहा कि स्व श्यामसुंदर सिंह ने इस ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की ज्योति जलाकर अज्ञानता के अन्धकार को प्रकाश मे बदले का कार्य किया ।

इससे पूर्व मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि सहित क्षेत्र के अन्य कालेजों से आये प्रधानाचार्यो को माल्यार्पण व अंगवस्त्र देकर कालेज के संरक्षक नरेन्द्र सिंह प्रधानाचार्य रामबली राम अछैवर तिवारी के अलावे कालेज शिक्षकों ने सम्मान्ति किया ।इससे पहले कालेज के छात्राओं द्वारा नशाखोरी देश भक्ति सहित एक दर्जन से अधिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये ।कार्यक्रम के प्रस्तुति पर ग्रुप नृत्य ट्रीपल नृत्य पर खुब तालियां बटोरी ।दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये ।

इस अवसर पर बारीपुर के महन्थ गोपाल जी दास महराज अछैवर तिवारी रेयाज अहमद श्यामसूरत सिंह पटेल प्रधानाचार्य शम्भु नाथ सिंह अभय द्विवेदी माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार त्रिपाठी मंत्री विजय भारत सहि विमुलेन्द्र दीक्षित प्रमुख रुप से उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह ने किया ।

अन्त में कालेज के संरक्षक नरेन्द्र सिंह ने सभी आगतो के प्रति आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा किया।

## विश्व मृदा दिवस पर धरती माता को बचाने का आह्वान

**कुशीनगर।** उप कृषि निदेशक अतिंद्र कुमार ने बताया कि कृषि भवन रामपुर हरका के सभागार में विश्व मृदा दिवस के अवसर पर कृषि विभाग द्वारा जनपद के सभी किसानों को मिट्टी की उवर्रता के संरक्षण और सतत कृषि को बढ़ावा देने के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया ।यह कार्यकम उ०प्र० कृषि उन्नति के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मृदा दिवस की थीम 'मृदा स्वास्थ एवं प्रबन्धन' पर केन्द्रित है। जिसका मुख्य उद्देश्य मिट्टी की गुणवत्ता बनाये रखने पर आधारित है।

कार्यक्रम में सरगटिया के वैज्ञानिक डॉ अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि जनपदीय भूमि परीक्षण प्रयोगशाला में, कृषि विज्ञान केन्द्रों एवं इफको के कुछ केन्द्रो से मिट्टी की जाँच कराकर संस्तुति के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग करें। जो आपके अच्छे उत्पादन का आधार ही नहीं बल्कि खाद्य सुरक्षा जल संरक्षण कार्बन संवहन पर्यावरण संतुलन का आधार है। जिला कृषि अधिकारी द्वारा कृषकों को प्राकृतिक खेती की तरफ अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। उर्वरकों के अन्धाधुन्ध के प्रयोग से मृदा की उर्वरा क्षमता कम हो जाती है। प्राकतिक खेती से भी अधिकतम उत्पादन लेना सम्भव है कीट एवं रोगों के रोकथाम हेतु जीवामृत, घन जीवामृत एव नीमास्त्र का प्रयोग कर सकते है जिससे मृदा स्वस्थ होगी तथा मृट्टी में जीवांश की मात्रा में वृद्धि होगी।

उपकृषि निदेशक कुशीनगर द्वारा अवगत कराया की भारत के बढ़ती जनसंख्या के दृष्टिगत सभी को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना एक चुनौती है। लगभग 95 प्रतिशत लोगों का जीवन यापन का संसाधन हमारी धरती माता से प्राप्त होती है।

संक्षेप

## हादसे में पति-पत्नी की मौत, बच्चा घायल

सीतापुर। ससुराल से घर जा रहे दंपती की बाइक ई रिक्सा से टकरा गई। जिससे बाइक पर सवार पति पत्नी व बच्चा चोटिल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। गंभीर पति व बच्चे को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ में पति की मौत हो गई। बच्चे का इलाज जारी है। धर्मेंद्र कुमार 28 निवासी न्यादर पुर अपनी पत्नी फूलमती 25 व बच्चे आयुष 5 के साथ बाइक से अपनी ससुराल हथिया को गये थे। शुक्रवार रात में वह खाना खाकर परिवार सहित बाइक से अपने गांव को निकल लिये। जैसे ही धर्मेंद्र शारदा सहायक नहर खीरी ब्रांच पर नसीर पुर पुल के पास पहुचे सामने से विना लाइट जलाए आ रहे ई रिक्सा से उनकी टक्कर हो गई। थाना प्रभारी आशुतोष मिश्रा ने बताया फूलमती की मौत जिला अस्पताल व धर्मेंद्र की मौत लखनऊ में हो गई। आयुष का पैर फ्रेक्चर हो गया है। जिसका इलाज लखनऊ में चल रहा है। वाहन को कब्जे में लेकर पुलिस कारवाई कर रही है।

## आग से घरेलू सामान जलकर खाक

महोली/सीतापुर। कोतवाली इलाके के महाराणा प्रताप नगर वार्ड में अज्ञात कारणों के चलते अचानक आग लग गई। इस आगजनी से ग्रहस्थ को काफी छति हुई और घर का घरेलू सारा सामान जल गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी देर तक आग बुझाने का प्रयास किया और जांच शुरू कर दी। शनिवार को नगर के महसुनिया गंज, महाराणा प्रताप नगर वार्ड के निवासी छोटे यादव के घर पर अचानक आग लग गई। जिससे घर का घरेलू सामान जल गया। छोटे यादव काफी गरीब हैं जो दूध बेचकर तथा मजदूरी करके अपना जीवन यापन करते हैं। आगजनी के वक्त वह जानवर चराने गए थे। जब वह वापस लौटे तब उन्होंने अपने घर से धुआं निकलता हुआ देखा। घर के कमरे में गृहस्थी का सामान रखा हुआ था और उनकी पत्नी आवश्यक कार्य से बाजार गई हुई थी। उनके दो बेटे तारा बाबू और राखी लाल मेहनत मजदूरी करने गए हुए थे। घर में आग लगी हुई देखकर छोटे ने आसपास के लोगों से मदद मांगी और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस के कस्बा इंचार्ज अशोक सिंह ने फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाया। जिससे आग पर काबू पाया जा सका। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह तथा लेखपाल संजीव शुक्ला ने छोटे यादव को मदद का भरोसा दिलाकर आगजनी के कारणों की पड़ताल शुरू कर दी है।

## गैर विभागीय कार्यो को लेकर विरोध प्रदर्शन

जौनपुर। ग्राम पंचायत अधिकारी /ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति ऑनलाइन उपस्थिति एवं सचिवों से लिए जा रहे गैर विभागीय कार्यो को लेकर विरोध में किया प्रदर्शन और आलोक सिंह प्रभारी खंड विकास अधिकारी एम.आई.को सौंपा ज्ञापन ।ज्ञापन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रो के सर्वांगीण विकास में पंचायती राज एवं ग्राम्य विकास विभाग की समस्त फ्लैगशिप एवं जन कल्याणकारी योजनाओं को मूर्त रूप देने में विभागीय ग्राम सचिव रीढ की भूमिका के रूप में अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करता है।

# सीएचसी मछरेहटा का डीएम ने किया निरीक्षण



सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछरेहटा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एक्सरे कक्ष, फार्मासिस्ट कक्ष, ड्रेसिंग रूम, लेबर रूम, औषधि कक्ष, मातृ सुरक्षा केंद्र, एन0एस0एल0, पी0एन0सी0 वार्ड सहित विभिन्न वार्डों को देखा।

जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर साफ सफाई होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए की कोई भी चिकित्सक प्रतिदिन मुख्यालय न छोड़े। अपने मुख्यालय पर ही निवास करें और अपने कार्यों का भली भाँति निर्वहन करें। फार्मासिस्ट से वार्ता करते हुए दवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली एवं औषधि कक्ष पहुंचकर दवाओं की एक्सपायरी को चेक किया। मातृ सुरक्षा केंद्र बंद मिलने पर नाराजगी व्यक्त की एवं मातृ सुरक्षा केंद्र में तैनात महिला कर्मचारी को निर्देश दिए कि मानक के अनुरूप प्रसव सुनिश्चित किया जाए एवं आशा, एएनएम से वार्ता अवश्य करें। ई-कवच पोर्टल को देखा एवं डेटा सही भरे न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि ई-कवच पर भरे जाने वाला डाटा शुद्धता के साथ भरा जाए। जिलाधिकारी ने लेबर रूम रजिस्टर, रेफर रजिस्टर, एच0पी0 रजिस्टर का भी अवलोकन किया एवं संबंधित को निर्देश दिये कि सभी रजिस्टर अद्यतन रखे जाएं। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए की यदि आशा बहू सही ढंग से कार्य न करें तो उनके खिलाफ नोटिस जारी की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि आशा, ए0एन0एम0 एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां घर-घर जाकर संस्थागत प्रसव हेतु लोगों को जागरूक करें एवं मरीज को बेहतर स्वास्थ्य उपलब्ध करायें। साथ ही उन्होंने रेफर किए गए एक मरीज से दूरभाष के माध्यम से वार्ता की। बी0पी0एम0 से वार्ता करते हुए मरीज को दिए जाने वाले भोजन के विषय में जानकारी लेते हुए निर्देश दिये कि बेडशीट को कलर कोडिंग के अनुसार बिछाया जाए एवं पी0एन0सी0 वार्ड में पहुंचकर मरीज से वार्ता करते हुए उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ड्यूटी से नदारद रहते एक्स-रे टेक्नीशियन, लग रही हाजिरी

उन्नाव। जिला अस्पताल में एक बार फिर जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वैसे तो जिला अस्पताल में रोज एक न एक लापरवाही, भ्रष्टाचार जैसे मामले सामने आते हैं। लेकिन इस बार ऐसा मामला सामने आया है कि अटेंडेंस रजिस्टर से छेड़छाड़ हो रही है। और जिम्मेदार जानबूझकर अंजान बने हुए हैं।

एक्स-रे टेक्नीशियन वीरेंद्र सिंह यादव ड्यूटी पर नहीं आ रहे हैं लेकिन अटेंडेंस रजिस्टर में हाजिरी लग रही है। वीरेंद्र सिंह यादव ट्रामा सेंटर में एक्स-रे टेक्नीशियन पद पर तैनात हैं लेकिन वर्तमान में डिजिटल एक्स-रे में कार्यरत हैं इधर जिला अस्पताल का अटेंडेंस रजिस्टर स्वास्थ्य विभाग के भ्रष्टाचार की पोल खोल रहा है। बिना ड्यूटी आए एक्स-रे टेक्नीशियन घर बैठे तनख्वाह लेना चाह रहे हैं। ऐसी चर्चाएं अस्पताल में सुनी गई हैं। पहले भी कई मामलों में एक्स-रे टेक्निशियन चर्चा में रह चुके हैं। वीरेंद्र सिंह की शिकायत पूर्व में भी एक व्यक्ति द्वारा लिखे गए पत्र में की जा चुकी है लेकिन उसके बाद में कोई सुधार नहीं हुआ। इन सब खेलों में शायद जिला अस्पताल के जिम्मेदार अधिकारी अंजान बने हुए हैं। या फिर जानबूझकर अंजान हैं। इस भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में आखिर कौन कौन शामिल है, यह भी कहीं न कहीं जांच का विषय बना है।

### क्या बोले सीएमएस

इस मामले में जब सीएमएस डॉ राजीव गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आपने बताया है मामला संज्ञान में लेंगे। देखते हैं बात करते हैं।

## 11 को होगा तकिया मेला का शुभारंभ

पाटन उन्नाव। हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल वाले तकिया मेला का शुभारंभ 11 दिसंबर पौष माह के प्रथम बृहस्पति पर से होगा। मेले का शुभारंभ परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी जिलाधिकारी द्वारा मोहब्बत सा बाबा की मजार पर चादरपोशी तथा साहस से लिंगेश्वर महादेव मंदिर में विधि विधान से पूंजा अर्चना के साथ किया जाएगा। दोनों धार्मिक स्थलों पर एक साथ होने वाली यह परंपरा वर्षों से गंगा जमुनी तहजीब और सांप्रदायिक सौहार्द की अनूठी पहचान बनी हुई है। मेले की



तैयारियां जोरों पर चल रही हैं, तहसील प्रशासन की ओर से मंदिर व मजार सहित मुख्य द्वार की रंगाई पुताई कराई जाती रही है किंतु इस वर्ष बाबा मोहब्बत की मजार और उनके गेट की मात्र पुताई कराई गई है वही मंदिर व बाबा मोहम्मद शाह के बाउंड्री वॉल तथा मुख्य द्वार की रंगाई पुताई व रंग रोशन नहीं कराया गया है। जबकि गेट की सुंदरता मेले की भव्यता बढ़ते हुए आगंतुक के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बिंदु है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बाबा मोहब्बत शाह तकिया मेला के गादीधार गुलाम हुसैन साहब बताते हैं कि मंदिर व बाबा की दरगाह का रंग रोशन करने की नैतिक जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होती है और उसी के द्वारा कराई जाती है किंतु इस वर्ष रंगाई पुताई के नाम पर मात्र औपचारिकता निभाई गई है। वहीं स्थानीय दुकानदारों व लोगों का आरोप है कि रंगाई पुताई के नाम पर खाना पूरी किया जाना प्रशासनिक लापरवाही को दशार्ता है। श्रद्धालुओं का कहना है कि, जबकि तकिया मेंला दोनों समुदाय की एकता और परंपरा का दर्पण है, तो मुख्य द्वार सहित मंदिर व बाउंड्री वाल की पुताई न कराना सांस्कृतिक गरिमा के विपरीत है। स्थानी लोगों ने जिला प्रशासन से मुख्य गेट सहित सहस्त्र लिंगेश्वर महादेव मंदिर व बाबा मोहब्बत शाह की बाउंड्री वॉल सहित मुख्य गेट की रंगाई पुताई व रंग रोशन कराने और उसे आकर्षक रूप देने की मांग की है, ताकि मेंले की पारंपरिक पहचान और संस्कृति की चमक बरकरार रह सके। मेंले का शुभारंभ नजदीक होने के बाद भी उम्मीद की जा रही है कि प्रशासन गेट सहित मंदिर तथा बाउंड्री वॉल की रंगाई पुताई करने की कार्यवाही करेगा ताकि आगंतुकों को बेहतर व्यवस्था और सुव्यवस्थित माहौल मिल सके।

## 128 शिकायत दर्ज 27 का मौके पर निस्तारण



फतेहपुर। जिले के तहसील सदर में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिले की प्रशासनिक मंशा को मजबूती प्रदान करता है, जिसका उद्देश्य आम जनता की विभिन्न समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है।

जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार इस विशेष दिवस पर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विभिन्न विभागों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।सम्पूर्ण समाधान दिवस में श्रम विभाग ने 6, जिला पूर्ति विभाग ने 10 राशन कार्डों के नए आवेदन और यूनिट बढ़ाने के मामले, आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा विभाग ने 110 लोगों को औषधि वितरित की, वहीं राजकीय होम्योपैथिक विभाग ने 70 लाभार्थियों को दवा उपलब्ध कराई। विद्युत विभाग ने 6 बिल संशोधनों और स्मार्ट मीटर से जुड़ी शिकायतों का समाधान किया। महिला कल्याण विभाग ने निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना तथा बाल सेवा योजना के तहत 10 स्टॉल लगाकर संबंधित योजनाओं की जानकारी दी।इस अवसर पर राजस्व, पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग, निराश्रित महिला पेंशन, कृषि, माध्यमिक शिक्षा, सिंचाई, नलकूप, मनरेगा, उद्यान, चकबंदी, जिला पूर्ति, श्रम विभाग, बाल विकास एवं अन्य विभागों से संबंधित कुल 128 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने 27 शिकायतों का त्वरित समाधान किया जबकि शेष प्रार्थना पत्र संबंधित विभागों को हस्तांतरित कर निस्तारण की समय सीमा निर्धारित की गई।जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाये। उन्होंने कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ हर गरीब और पात्र व्यक्ति तक पहुँचाया जाये तथा कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे।

इस महत्वपूर्ण आयोजन में उप जिलाधिकारी सदर, मुख्य चिकित्साधिकारी, तहसीलदार, पुलिस क्षेत्राधिकारी, नायब तहसीलदार, जिला विकास अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, खंड विकास अधिकारी एवं राजस्व तथा पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने मिलकर शासन-प्रशासन की जनता हितैषी नीतियों को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान किया।यह सम्पूर्ण समाधान दिवस फतेहपुर जिले में प्रशासन द्वारा जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण की प्रतिबद्धता को दशार्ता है तथा जन कल्याणकारी योजनाओं के व्यापक लाभ सुनिश्चित करने में कारगर साबित होगा।

## बिना अनुमति प्राप्त किये कोई भी मुख्यालय न छोड़े :डीएम

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में शुक्रवार को जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुयी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों, योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की गहनतापूर्वक समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न इंडीकेटर्स पर जनपद की प्रगति को देखा तथा धीमी प्रगति वाली योजनाओं में सुधार के निर्देश दिये। उन्होंने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बिना जिला कार्यक्रम अधिकारी से अनुमति प्राप्त किये कोई भी मुख्यालय न छोड़े। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों को कुपोषण मुक्त किये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये। सभी केन्द्रों पर आवश्यक उपकरणों इन्फेंटो मीटर, स्टीडियो मीटर, वजन मशीन आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये तथा बच्चों की लम्बाई, माप आदि का त्रुटिरहित विवरण पोषण ट्रैकर पर अपलोड किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि वीएचएसएनडी सत्रों को व्यापक रूप से आयोजित कराया जाये। वीएचएसएनडी के सभी सत्रों में समस्त तैनात कार्मिक समय से निर्धारित उपकरणों एवं दवाओं के साथ प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। सभी सत्रों का निर्धारित सुपरवाइजरी विजिट भी सुनिश्चित किया जाये। वीएचएसएनडी सत्रों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार भी कराया जाये। मातृ मृत्यु दर को कम किये जाने पर विशेष ध्यान दिया जाये। वीएचएसएनडी सत्रों के दौरान गोद भरायी एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम मा0 जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति में कराया जाये। वीएचएसएनडी सत्रों को मेले के रूप में आयोजित कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। वीएचएसएनडी सत्रों के आयोजन से पूर्व सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की बैठक अवश्य आयोजित की जाये तथा इसमें सभी की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि गर्भवती महिलाओं का भी रजिस्टर अद्यतन रखा जाये तथा इसमें आवश्यक सूचनाएं शुद्धता के साथ भरी जाये। इसके लिये सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आवश्यक प्रशिक्षण एक सप्ताह के भीतर देते हुये इसका प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये।

## बाबरी विध्वंस बरसी पर रहा हाई अलर्ट, पुलिस ने संभाली कमान

फतेहपुर ।1992 को हुए बाबरी विध्वंस की बरसी को लेकर फतेहपुर पुलिस पूरा दिन हाई अलर्ट मोड में रही। जिले में किसी भी प्रकार की अफवाह, तनाव या अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को बेहद चाक-चौबंद कर दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त फोर्स की तैनाती की गई है, ताकि हालात पर लगातार नजर रखी जा सके ।खुफिया विभाग भी पूरी तरह अलर्ट मोड में है। सुरक्षा एजेंसियों को संवेदनशील स्थानों, धार्मिक स्थलों और मस्जिदों के आसपास विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। सुबह से ही पुलिस टीमों ने विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च किया ताकि लोगों में सुरक्षा की भावना बनी रहे और असामाजिक तत्वों पर संदेश जाए कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।पुलिस लाइन से लेकर शहर के अंदरूनी मोहल्लों तक हर जगह फोर्स सक्रिय दिखाई दी। खासकर पीरनपुर, चक, आशियाना, चौक, पटेलनगर, बिंदकी मोड़, राधानगर और शान्तिनगर जैसे इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ाई गई है। मस्जिदों के आसपास ड्रोन से निगरानी सहित पुलिस बल की तैनाती से सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत की गई है ।सोशल मीडिया पर भी पुलिस की पैनी नजर है। साइबर सेल को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी तरह की भड़काऊ टिप्पणी, फर्जी फोटो, विवादित पोस्ट या अफवाह फैलाने वाली सामग्री पर तुरंत कार्रवाई की जाए। स्कूलों, कोचिंग संस्थानों और बाजारों में भी एहतियातन पेट्रोलिंग जारी है ।वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिलेभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लोगों से अपील की गई है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखने में सहयोग करें ।दिनभर की कड़ी निगरानी और सतर्कता के चलते जिले में हालात पूरी तरह शांतिपूर्ण बने हुए हैं। पुलिस प्रशासन की तत्परता और सख्त चौकसी के कारण शहर में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में है।

## औषधि विक्रेता संघ बिसवां की बैठक संपन्न



सीतापुर। औषधि विक्रेता संघ बिसवां की एक आवश्यक बैठक नोबेल पैथोलॉजी के प्रांगण में अध्यक्ष सुनीत अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से नारकोटिक ड्रग्स एवं कोडिन युक्त कफ सिरप की बिक्री संबंधी महत्वपूर्ण गाइडलाइनें औषधि विक्रेताओं को जारी की गईं। जिसमें अध्यक्ष सुनीत अग्रवाल ने निर्देश दिया कि नारकोटिक्स व कोडिन युक्त कफ सिरप सहित प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री केवल रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर के वैध पर्चे पर ही की जाए तथा पर्चे की एक प्रति रिकॉर्ड में सुरक्षित रखी जाये। बैठक में नरेश श्याल, कमलेश वर्मा, पप्पू जमा, मुदस्सिर हुसैन, रजत अग्रवाल, लवकुश वर्मा वंश मेहरोत्रा, ब्रजेश वर्मा, शौरभ श्याल, विजय अवस्थी, मनोज, मंगल आशीष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में औषधि विक्रेता मौजूद रहे।

## एक ही खड़ंजा निर्माण पर दोहरा भुगतान, प्रधान-सचिव को नोटिस

सकरन/सीतापुर। विकास खंड सकरन में सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत सरैया कला में गौशाला मार्ग पर बने खड़ंजा निर्माण कार्य में दोहरी भुगतान की बड़ी अनियमितता पकड़ी गई है। यह खुलासा खंड विकास अधिकारी श्रीश कुमार गुप्ता की जांच में हुआ, जिसके बाद संबंधित प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। जानकारी के अनुसार, सरैया कला ग्राम पंचायत में मोड़ से गौशाला तक खड़ंजा निर्माण वर्ष 2023द24 में क्षेत्र पंचायत निधि से 5 लाख 70 हजार रुपये की लागत से कराया गया था। कार्य पूरा होने के बाद इसका भुगतान भी क्षेत्र पंचायत द्वारा कर दिया गया था। लेकिन इसके बावजूद ग्राम प्रधान और सचिव उमाकांत ने उसी निर्माण कार्य

### फर्जी भुगतान पांच किश्तों में जारी हुआ

| | |
|---|---|
| 30 अक्टूबर 2024: | 1,49,225 |
| 06 मार्च 2025: | 2,04,072 |
| 19 मई 2025: | 2,73,780 |
| 11 अगस्त 2025: | 1,48,600 |

को ग्राम पंचायत निधि ( राज्य वित्त आयोग ) से कराया जाना दर्शाते हुए 8 लाख 98 हजार 127 रुपये का भुगतान फर्जी रूप से करा लिया। बीडीओ श्रीश कुमार गुप्ता ने गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संदेह होने पर उन्होंने भुगतान विवरण की जांच कराई, जिसमें स्पष्ट हुआ कि एक ही कार्य पर क्षेत्र पंचायत तथा ग्राम पंचायत दोनों से भुगतान निकला है। इस गंभीर अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रधान और सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। डीसी मनरेगा चंदन देव पांडेय ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर यह मामला जांच के लिए बीडीओ को सौंपा गया था। बीडीओ श्रीश कुमार गुप्ता ने पुष्टि करते हुए कहा कि निरीक्षण में एक ही निर्माण कार्य पर दो बार भुगतान होने का मामला सामने आया है। दोनों अधिकारियों से शीघ्र ही स्पष्टीकरण मांगा गया है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। गांव में इस खुलासे से हड़कंप मचा हुआ है और ग्रामीणों में जिम्मेदारों के खिलाफ नाराजगी देखने को मिल रही है।

## पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के गांव भड़सर नौशहरा में शुक्रवार देर शाम गांव के बाहर एक पेड़ में संदिग्ध अवस्था में लटके मिले युवक के शव का शनिवार को पोस्टमार्टम होने के बाद जैसे ही शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। परिजनों ने शव का अन्तिम संस्कार गांव के बाहर कर दिया। गांव निवासी लगभग बत्तीस वर्षीय नन्हा का शव गांव के बाहर एक पेड़ से लटका शुक्रवार को देर शाम ग्रामीणों ने देखा तो घरवालों को सूचना दी जिसपर कोहराम मच गया। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू की। यद्यपि परिजन घटना का कारण स्पष्ट नहीं कर सके। लेकिन ग्रामीणों में भूमि बंटवारे को लेकर गृह कलह की चर्चा रही। मृतक मेहनत मजदूरी करके जीवन यापन करता था। मृतक के एक बेटी भी है। नन्हा की मौत से पत्नी सीमा सहित परिजनों का रो रो कर हाल बेहाल था।

## अधेड़ से बाइक की जोरदार टक्कर में तीन घायल

सफीपुर, उन्नाव। बाइक सवार ने पैदल घर जा रहे अधेड़ को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें दो बाइक सवार सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ।सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने तीनों घायलों को सफीपुर सीएचसी में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने गंभीर हालत के चलते तीनों को जिला अस्पताल रिफर कर दिया। सफीपुर परियर मार्ग पर सेवकी खेड़ा निवासी महादीन पुत्र बद्री उम्र करीब 50 साल देर रात पैदल अपने घर जा रहे थे कि तभी न्यामतपुर गांव के पास सामने से आ रहे बाइक सवार मनकुल पुत्र रामप्रसाद उम्र करीब 25 साल निवासी ददलहा और आकाश पुत्र छम्मीलाल उम्र 22 साल निवासी जूड़ापुरवा की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई जिससे दोनों बाइक सवार और अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गए।

## कर्तव्य के बिना अधिकारों की बात करना ही बेमानी होगा



सीतापुर। बाबा साहब डाक्टर भीम राव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर बिसवां कस्बे की कांशीराम कालोनी मे नागरिक अधिकार संगठन के द्वारा बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर नागरिक अधिकार संगठन की संयोजक कमरुन निशा ने कहा बाबा साहब ने हम महिलाओ के अधिकारों को संविधान मे समाहित कर आजादी देने का काम किया। उन्होंने कहा हमारे देश का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा और भारत की अनेकता को एकता में जोड़ने का काम करता है। कमरुन निशा ने आगे कहा कि अधिकार तब सुरक्षित होगे जब व्यक्ति कर्तब्यो के निर्वहन की आदत डाले क्योकि कर्तब्य के बिना अधिकारों की बात करना ही बेईमानी होगा। निशा आगे कहती है कि परिवार का कोई एक व्यक्ति गलती करता है तो पूरे परिवार को गलत नहीं ठहराया जाना चाहिए। क्योंकि बाबा साहब ने देश का संविधान मे प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तब्यों को निभाने और मजबूत लोकतंत्र की जिम्मेदारी पर जोर दिया है।

संविधान देश की पहचान का आधार है। इस मौके पर वान्या फाउंडेशन की सचिव रामलली पटेल ने कहा कि बाबा साहब को लोग मानते है लेकिन अफसोस है कि बाबा साहब की नही मानते, संविधान राष्ट्रवादी सोच को अपनाने का मार्ग दर्शक दस्तावेज है। इस दस्तावेज पर चलकर भारत दुनिया के लिए विकास का एक नया मॉडल पेश कर रहा है। रामलली पटेल ने आगे कहा कि दलितों, वंचितो, पिछडो, अल्पसंख्यकों को सर उठाकर चलने का हौसला और हिम्मत हमे और सभी को संविधान से ही मिलती है। नागरिक अधिकार संगठन के सचिव हरीशंकर गुप्ता ने कहा बाबा साहब के संविधान की देन है कि आज हम सब लोग इस तरह के आयोजन कर पा रहे है। गुलाम भारत में यह आजादी हमें नहीं थी। महामानव की पुण्यतिथि पर नमन है जिन्होंने न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मूल सिद्धांत को भारतीय चिंतन को संविधान के माध्यम से अंगीकृत कराया। शोषित एवं वंचित समाज के प्रखर स्वर बाबा साहब का दिया संविधान समाज को एक अटूट सूत्र में पिरोता है। हम सब बाबा की दिखाई गई राह पर चलकर ही देश को विश्व में स्थापित कर सकते है। इस अवसर पर फूलजहाँ बानो, सरिता कश्यप, शीला कठेरिया, रेशमा, रोज, अलकारिया, नंदनी, प्रदीप वाल्मीकि, मनीराम, शमा वाल्मीकि, संजय, साधना, बबिता, प्रियंका, डाक्टर पुत्तू लाल, रेनू बिश्वकर्मा, खलील, अफसाना, राम प्रकाश, संदीप, सूरज, अफसाना, जसवंत, सुनीता, विजेता, दयाराम, खलील, रामू आदि प्रमुख रहे।

## लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण करें

सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।

तहसील मिश्रिख में मा0 विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव एवं जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील मिश्रिख में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 171 शिकायतों में से 18 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील बिसवां में प्राप्त 42 प्रार्थना पत्रों में से 12, तहसील लहरपुर में प्राप्त 91 प्रार्थना पत्रों में से 20, तहसील सदर में प्राप्त 17 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 60 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील महोली में प्राप्त 26 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील सिधौली में प्राप्त 49 प्रार्थना-पत्रों में से 11 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

## क्षेत्र में संत शोभा यात्रा निकाली, नगरवासियों ने पुष्पवर्षा की



सफीपुर, उन्नाव। नगर के भगवती चरण वर्मा पार्क में शनिवार से शुरू हो रहे तीन दिवसीय सत्संग समारोह के पूर्व सुबह नगर में संत शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा का श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर जगह जगह भव्य स्वागत किया।धर्म पताका के साथ धार्मिक जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया।

सनातन धर्म सत्संग समिति के तत्वाधान आयोजित 73वें तीन दिवसीय सत्संग समारोह का शनिवार को शुभारंभ हो गया ।सम्मेलन से पूर्व सुबह भिनकीपुर हनुमान धाम के पीठाधीश्वर स्वामी राम स्वरूप ब्रह्मचारी के नेतृत्व में साधु,संतों और धमार्नुरागियो के साथ धर्म की जय हो,अधर्म का विनाश हो,प्राणियों में सद्भावना हो,विश्व का कल्याण हो के गगन भेदी उद्घोष के साथ भव्य यात्रा निकाली गई। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने संतो का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया ।पत्रकार राजीव गुप्ता ,रणधीर क्लाथ हाउस,तिवारी रेस्टोरेंट पर मोनू तिवारी, कमलेंद्र यादव,राजू स्वर्णकार,नगर पंचायत कार्यालय कर्मियों और सभासदों ने संतो की आरती उतारी और अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया ।यात्रा स्थानीय मोटेश्वर मंदिर से मुख्यमार्ग होकर शंकरी देवी मंदिर,दुर्गा मंदिर होते हुए वापस आयोजन स्थल पर आकर संपन्न हुई। यात्रा में नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई, संत सम्मेलन के संयोजक राजू स्वर्णकार,सौरभ ओमर, डॉक्टर संजीव अग्निहोत्री, दीपक ओमर ,महावीर शुक्ला, शिव बालक सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष उत्तम निषाद, रामजी गुप्ता, नागेन्द्र सिंह सेंगर, सभासद बेचेलाल गुप्ता, मंजू सिंह, सुरेश गुप्ता, रामखेलावन गुप्ता,हर्ष गुप्ता, सुरेंद्र कुशवाहा, बद्री मिश्रा, कमलेश गुप्ता,वीरेंद्र मिश्र दुल्लर, इन्नू लोधी, राजेश गुप्ता, अशोक गुप्ता, पवन सोनी,रामजी गुप्ता,सतीश गुप्ता, प्रेमनारायण तिवारी, हरिपाल सिंह,सोनू तिवारी आदि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

संक्षेप

## मुकेश कट्प्पा ने फिर किया हमला

**ललितपुर**। पुलिस चौकी नई बस्ती अंतर्गत सिविल लाइन जैन मंदिर के पीछे रहने वाले विकास जैन पुत्र राकेश कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 5 दिसम्बर को अपराह्न करीब 1 बजे देवगढ़ रोड ओवर ब्रिज के पास था, तभी नेहरू नगर निवासी मुकेश कट्प्पा पुत्र ऊदल सिंह, विवेक उर्फ छोटू अपने दो अज्ञात साथियों के साथ आये और उसके साथ गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## घर से खेत गये युवक की मोटर साइकिल चोरी

**ललितपुर**। थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम सिरसी में रहने वाले आनन्द पुरी पुत्र कैलाश पुरी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 1 दिसम्बर को रात करीब 9 बजे वह अपने घर से मोटर साइकिल एच.एफ.डीलक्स नं. यू.पी.94 क्यू 3607 से अपने खेत पर पानी लगाने के लिए गया था। उसने अपनी मोटर साइकिल को नहर के पास लॉक करके खडी कर दी। रात करीब 11 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी मोटरसाइकिल खेत से ही चोरी कर ली। आरोप है कि उसने अज्ञात व्यक्ति को उसकी बाइक ले जाते हुये देखा, उसने चिल्लाकर आवाज भी लगायी, लेकिन उक्त युवक भाग गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

## महिला से छेड़छाड़ कर मारपीट का मामला दर्ज

ललितपुर। थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत एक गांव में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। आरोप है कि बीती 4 दिसम्बर को शाम करीब साढ़े छह बजे गांव का रहने वाला भागीरथ पुत्र धीरे लोधी जो कि शराब के नशे में धुत्त था आया और उसे बुरी नीयत से पकड़कर अभद्रता करने लगा। चिल्लाने पर उसने उसके साथ मारपीट कर दी। बचाव करने आये पुत्र आकाश के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 74, 115 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## पुत्र ने पिता समेत पूरे परिवार को पीटा

**ललितपुर**। महरौनी के ग्राम बम्हौरी बहादुर सिंह में रहने वाले परमू अहिरवार पुत्र रमू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 5 दिसम्बर की सुबह करीब 8 बजे उसके पुत्र संतोष ने उसे व पूरे परिवार को गालियां देते हुये मारपीट कर दी। हमले के दौरान बचाव करने पर संतोष ने उसे अंगुली में काट लिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर संतोष के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## मारपीट का महिला ने लगाया आरोप

**ललितपुर**। पाली थानान्तर्गत ग्राम बछलापुर में रहने वाली रोशनी पत्नी रोहित ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रात करीब 8 बजे वह अपनी सास मीरा के साथ घर पर थी। तभी गांव का जयहिन्द पुत्र सुरेश व सुरेश पुत्र पुन्नू आये और बिना कारण सास को गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने सास को धक्का दे दिया। बचाव करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी और अपनी मोटर साइकिल वहीं छोड़कर घर चला गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगायी

**ललितपुर**। कस्बा बिरधा में रहने वाले तीस वर्षीय नन्दू कुशवाहा पुत्र स्व.रामचरन कुशवाहा ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## आज होगी बैठक

ललितपुर। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ क्रांति अध्यक्ष के चुनाव हेतु 7 दिसंबर को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ जाने के लिए एक समीक्षा बैठक का आयोजन स्थानीय वन विभाग के प्रांगण में आज होगी। बैठक में संघ की प्रांतीय संघ का अधिवेशन चुनाव पंचवटी परीक्षा ग्रह वन विभाग मुख्यालय उत्तर प्रदेश में आयोजित किया जा रहा है।

# मण्डलायुक्त ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनीं समस्याएं

जिला संवाददाता

**ललितपुर**। शनिवार को सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मण्डलायुक्त झांसी मण्डल बिमल कुमार दुबे, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शहर व ग्रामीण अंचलों से आये फरियादियों की शिकायतों को सुना और मौके पर कई शिकायतों का निस्तारण भी कराया।

- कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया, शेष शिकायतें अधिकारियों को सौंपकर त्वरित निस्तारण के दिये निर्देश
- डीएम व एसपी ने सदर तहसील में अधीनस्थों को दिये निर्देश
- भूमि विवादों में राजस्व व पुलिल की संयुक्त टीम मौके पर जाकर करायें निस्तारण

उन्होंने एक-एक कर शिकायकताओं को अपने पास बुलाया और उनकी पूरी बात सुनकर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को अवगत कराया और शिकायती पत्र सौंपते हुए निर्देशित किया कि मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण कराना सुनिश्चत करें। मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यहां पर अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद सम्बंधी आती हैं, इन शिकायतों में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर स्थलीय सत्यापन करे और निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। शहर के एक शिकायतकर्ता ने वार्ड नं. 10 में गली में विद्युत पोल शिफ्ट कराने की शिकायत दी, जिस पर अधिशासी अभियंता विद्युत नगरीय को बुलाकर निर्देश दिये गए कि वे मौक पर जाकर स्थिति का जायजा लें और नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर अवगत करायें। शहर के ही राजपूत कॉलोनी निवासी विन्द्रावन ने कोर्ट पर मामला विचाराधानी होने के बावजूद उनकी जमीन पर विपक्षियों द्वारा किये जा रहे निर्माण को रोकने हेतु शिकायती पत्र दिया, जिस पर राजस्व व पुलिस अधिकारियों को स्थल पर जाकर दोनो पक्षों के बीच आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराने के निर्देश दिये। इसी प्रकार ग्राम जीरोन निवासी वृद्धा ऊषा ने भी उनके मकान पर विपक्षियों द्वारा जबरन कब्जा करने की शिकायत की, मण्डलायुक्त ने वृद्ध महिला को अपने समीप बुलाकर उनकी पूरी बात सुनी और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता के साथ जाकर प्रकरण का निस्तारण करायें। शहर की शिकायतकर्ता गीता के द्वारा लगभग 6 माह पूर्व पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान योजना का फार्म भरने व सभी दस्तावेज




जमा करने के बावजूद अभी तक लाभ न मिलने की शिकायत की, जिस पर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को लम्बित आवेदन को निस्तारित करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार ग्राम सिवनीखुर्द निवासी दिव्यांग शिकायतकर्ता मेहरवान सिंह ने ट्राईसाइकिल की मांग को लेकर प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को प्रकरण की जांच कर दिव्यांग को लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिये गए। ग्राम बिरधा निवासी गौरीशंकर दुबे ने नाली निर्माण को लेकर प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर खण्ड विकास अधिकारी बिरधा को बुलाकर स्थलीय निरीक्षण करने व वस्तुस्थिति के आधार पर ग्राम पंचायत से निर्माण कराये जाने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कई शिकायतकताओं ने जाखलौन पम्प कैनाल से सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध न होने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिशासी अभियंता को बुलाकर नाराजगी व्यक्त की और तत्काल जेई को भेजकर सम्पूर्ण समाधान दिवस समाप्त होने से पहले शिकायत का निस्तारण कराकर अवगत कराने के निर्देश दिये। अधिकारियों की त्वरित कार्यवाही से फरियादियों ने संतोष व्यक्त किया और सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की प्रशंसा भी की। इस दौरान सीएमओ, एसडीएम सदर, एडीएफओ, पीडी डीआरडीए, डीडीओ, डीपीआरओ, डीआईओएस, डीएसओ, समाज कल्याण अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, ईओ नगर पालिका सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील ललितपुर में कुल 54 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 26, पुलिस विभाग के 06, विद्युत के 08, विकास विभाग का 01 तथा अन्य विभागों के 13 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में कुल 62 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 08, विकास के 06, पुलिस के 27, विद्युत के 03, पूर्ति 09 तथा अन्य विभागों के 09 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 09 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मड़ावरा में कुल 10 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 03, पुलिस के 03, सिंचाई के 02 तथा अन्य विभागों के 02 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में कुल 14 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 02, पुलिस के 05, पूर्ति के 03, विद्युत का 01, नगर पंचायत के 02 तथा अन्य विभाग का 01 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील पाली में कुल 07 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 04, पुलिस के 02 तथा अन्य विभाग का 01 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण कराया गया।

## असहायों को बांदा में 100, पैलानी में 500 कंबल बांटे



**बांदा**। सदर तहसील में शनिवार को सर्दी से बचाव के लिए गरीब व असहाय लागों को लगभग एक सैकड़ा कंबल वितरित किए गये। कंबल वितरण की जानकारी होने पर दोपहर से ही कंबल पाने की आश में जरूरतमंद सदर तहसील परिसर पहुंचना शुरू हो गये। कंबल वितरण में अधिकांशतया शहर के गरीब, असहाय एवं वृद्ध महिलाएं रहीं। प्रदेश सरकार के निर्देश पर बढ़ रही ठण्ड को देखते हुए जरूरतमंदों व निराश्रितों को सहायता देने के लिए सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित बासू गुप्ता, सदर तहसीलदार विकास पाण्डेय और वार्ड सभासदों की उपस्थिति में कंबल बांटे गये। कंबल पाकर असहाय, गरीब और वृद्ध महिलाओं ने सरकार का आभार जताया। विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ ने कहा कि ठण्ड से बचाव के लिए सरकार की कंबल वितरण योजना से गरीबों व असहायों को लाभ मिल रहा है। प्रदेश सरकार गरीब कल्याण की योजनाओं को मुख्यमंत्री के निर्देश पर जमीनी स्तर पर लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस दौरान तहसील कर्मचारी और बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे। पैलानी तहसील में भी सर्दी से बचाव के लिए गरीब व असहाय लोगों को जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने जिलाधिकारी के साथ 500 कंबलों का वितरण किया। तहसील क्षेत्र के पैलानी, नरी, सिंधनकला, पैलानी डेरा, तगड़ा डेरा, पिपरहरी, नांदादेव, गुगौली, शंकरपुरवा, लसड़ा, पलरा व जसपुरा आदि गांव के गरीब परिवारों के चिन्हित लाभार्थियों को कंबल बांटे गये। इस दौरान राज्यमंत्री ने तहसील परिसर में महर्षि वेदव्यास के शिष्य महर्षि पैल की मूर्ति एवं ओपेन जिम पार्क का अनावरण किया। इस दौरान एसडीएम अंकित कुमार, जनप्रतिनिधि एवं तहसीलदार मौजूद रहे।

## कार व ट्रैक्टर ट्राली की जोरदार टक्कर में आर्मी जवान की दर्दनाक मौत

**स्योहारा, बिजनौर**। भीषण सड़क हादसे में सेना के लांस नायक की दर्दनाक मौत हो गई। दिल्ली में तैनात जवान अपने साथियों के साथ एक मित्र की शादी में शामिल होने स्योहारा आए थे। गंभीर रूप से घायल जवान को मुरादाबाद ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात्रि जनपद अमरोहा निवासी कार में सवार ओम सिंह स्योहारा के ठाकुरद्वारा रोड स्थित एक विवाह मंडप में अपने मित्र नृपेन्द्र कुटार की शादी समारोह में षामिल होने जा रहे थे। सहसपुर पुलिस चैकी के पास जैसे ही उनकी कार पहुंची तभी सामने से आ रही ट्रेक्टर ट्राली से टक्कर हो गयी जिसमें लांस नायक ओम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल जवान को तुरंत मुरादाबाद के हायर सेंटर भेजा गया जहां चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मृतक के पिता वीरपाल सिंह की तहरीर पर ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक जितेन्द्र पुत्र रामचरण सिंह निवासी ग्राम मेवाजट स्योहारा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वाहन को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। विधिक कार्रवाही की जा रही है।

## बेहोशी की हालत में सड़क किनारे मिली महिला की मौत, पुलिस ने दी सूचना



**बिजनौर**। सड़क किनारे बेहोशी की हालत में मिली महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने महिला के पास मिले आधार कार्ड और मोबाइल फोन से उसकी पहचान होने के बाद परिजनों को सूचना दे दी है।जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली शहर पुलिस को गुरूवार की रात चांदपुर चुंगी के पास सड़क किनारे एक महिला बेहोशी की हालत में मिली थी।

पुलिस ने महिला की पहचान उसके आधार कार्ड से की। पुलिस के अनुसार मृतक महिला गांव पृथ्वीपुर की निवासी रानी देवी (50 वर्ष) थीं, जो पिछले तीन साल से दिल्ली के नांगलोई में अपनी बेटी पूजा के साथ किराए के कमरे में रह रही थीं।

रानी देवी लिवर की बीमारी से पीड़ित थीं। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। गुरुवार को बेटी पूजा ने अपनी मां को बिजनौर में उनके पति ओमप्रकाश के पास छोड़ने के लिए एक टैक्सी बुक की थी। टैक्सी चालक रात करीब 11 बजे बिजनौर पहुंचा और चांदपुर चुंगी के पास महिला को कार से उतारकर चला गया। महिला कुछ देर तक सड़क किनारे खड़ी रही और फिर बेहोश हो गई।

पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने महिला के पास मिले आधार कार्ड और मोबाइल फोन से उसकी पहचान होने के बाद परिजनों को सूचना दे दी है।

## तहसील दिवस की शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप निस्तारण करें: डीएम




**बिजनौर**। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि तहसील दिवस व आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की मॉनिटरिंग शासन स्तर से की जाती है। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त होने वाली शिकायतों को सभी अधिकारी पूरी गंभीरता से लेते हुए ससमय उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी जसजीत कौर शनिवार को तहसील सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रही थी। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत पुनः प्रस्तुत करने का सीधा अर्थ है कि उसकी शिकायत को गंभीरतापूर्वक नहीं सुना गया या उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि विभागीय जन शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप निस्तारण करना सुनिश्चित करें और प्रयास करें कि मौके पर जा कर शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर स्थानीय लोगों से भी वार्ता करें ताकि शिकायत की सत्यता प्रमाणित होने के साथ-साथ उसका निस्तारण भी गुणवत्तापरक होना संभव हो सके। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार अति संवेदनशील एवं गंभीर है और उच्च स्तर से शिकायतों की गुणवत्ता की सीधे जांच की जाती है, अतः सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस एवं जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली शिकायतों को पूर्ण गुणवत्ता और मानक के साथ निस्तारित करना सुनिश्चित करें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी निश्चित रूप से प्राप्त कर लें, शिकायतकर्ता को संतुष्ट किये बिना शिकायत का निस्तारण स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना संभव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुनः प्रेषित न कर सकें। तहसील दिवस के मौके पर कुल 23 शिकायतें दर्ज की गयीं। जिन में 03 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर रितु चैधरी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 कौशलेंद्र सिंह, सीओ सिटी संग्राम सिंह, सहित अन्य सभी विभागों के जिला स्तरीय एवं स्थानीय अधिकारी मौजूद थे।

## मिलीं 69 शिकायतें, 7 का निस्तारण

**बांदा**। तहसील पैलानी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। समाधान दिवस में विद्युत, राजस्व, पुलिस, विकास, आपूर्ति विभाग तथा अन्य विभागों से संबंधित 69 शिकायतें मिलीं। इनमें 7 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समयबद्धता के साथ निस्तारण किया जाए। इस दौरान सिंधनकला गांव के फरियादी ने जमीन पर कब्जा किए जाने की शिकायत पर लेखपाल को शिकायत का निस्तारण करने के निर्देश दिए। अतरहट गांव के फरियादी ने चकरोड पर कब्जा करने की शिकायत की, लेखपाल को कब्जा हटवाने के निर्देश दिए। सिंधनकला गांव की विनीता ने शिकायत की, कि उसके पति ने मारपीट कर घर से निकाल दिया है। जिलाधिकारी ने एसएचओ पैलानी को कार्रवाई के निर्देश दिए। नरही बांगर में चकंबदी के बाद कब्जा दिलाए जाने संबंधी प्रार्थना पत्र पर सीओ चकबंदी को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी प्रकार एक फरियादी ने शौंचालय बनाए जाने की मांग तथा अनेक फरियादियों ने राशन कार्ड बनाए जाने की मांग की। इस पर डीएम ने बीडीओ जसपुरा एवं जिला पूर्ति अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए। समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, मुख्य विकास अधिकारी अजय, एसडीएम पैलानी, मुख्य चिकित्साधिकारी, नायब तहसीलदार और जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**ललितपुर**। भारतरत्न संविधान निमार्ता डा.भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर जिला न्यायालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अधिवक्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार त्रिपाठी ने कहा डा.अंबेडकर केवल संविधान निमार्ता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय के महान पुरोधा थे। उनका जीवन संघर्ष, आत्मसम्मान और शिक्षा का संदेश देता है। उन्होंने भारत को समानता और अधिकारों का मजबूत आधार दिया। आज हमें उनके विचारों को व्यवहार में अपनाने की

- जिला न्यायालय परिसर में हुई विचार गोष्ठी

आवश्यकता है। इस दौरान विचार व्यक्त करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश घोष एड. ने कहा बाबा साहेब ने यह सिद्ध किया कि परिस्थितियां कैसी भी हों, यदि संकल्प दृढ़ हो तो सफलता निश्चित है। उन्होंने समाज के कमजोर और वंचित वर्ग को अधिकार दिलाने के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। शिक्षा उनका सबसे बड़ा हथियार था और आज भी वही समाज को प्रगति की राह दिखा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता हरदयाल सिंह लोधी ने कहा डा.अंबेडकर ने सामाजिक समानता की जो नींव रखी, वह आज भी हमारे लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी है। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों, जातिवाद और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई। आज जरूरत है कि हम उनके सिद्धांतों पर चलकर समाज को एकता और न्याय की दिशा में आगे बढ़ाएं। वहीं जानकी प्रसाद बौद्ध ने विचार व्यक्त करते हुए कहा बाबा साहेब के विचार केवल भारत ही नहीं



बल्कि दुनिया के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा था कि कोई भी समाज तब तक महान नहीं बन सकता जब तक वह अपने कमजोर वर्गों को सम्मान और अवसर नहीं देता। महापरिनिर्वाण दिवस हम सबके लिए सिर्फ.स्मरण नहीं, बल्कि संकल्प का दिन होना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर डा.अम्बेडकर को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के दौरान अशोक कुमार त्रिपाठी एड., ओमप्रकाश घोष एड., जगदीश सिंह लोधी एड., हरदयाल सिंह लोधी एड., अंकित जैन एड., पुष्पेन्द्र सिंह चौहान एड., शशिकांत सिंह लोधी एड., जानकीप्रसाद बौद्ध एड., महेंद्र कुमार पाराशर एड., रवि श्रीवास्तव एड., मुकेश कटारे एड., अवतार लोधी एड., शेरसिंह यादव एड., विकास झा एड., आकाश झा (गोल्डी) एड., अशोक कुमार वर्मा एड., अखिलेश राय एड., अमित दरोनिया एड., कैलाशनारायण लोधी एड., नंदकिशोर कुशवाहा एड., अभिषेक जैन एड., अजय राजपूत एड., कमलेश कुशवाहा, अनुराग लोधी, गजराम लोधी, भूपेंद्र यादव एड., निहाल लोधी एड., शिववर्ण सिंह लोधी एड., लोकेश निषाद एड., रानू विदुआ एड., अंगद राजपूत एड., शैलेन्द्र लोधी, राजकुमार जैन आदि उपस्थित रहे।

## मतदाता बनने से कोई भी न रहे वंचितः जिला प्रभारी




**बांदा**। जिले में चल रहे मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान की भाजपा जिला कार्यालय में समीक्षा हुई। इस दौरान अभी तक किसी वजह से गणना प्रपत्र न भर पाने वाले पात्र मतदाताओं को चिन्हित कर फार्म भरवाने पर जोर दिया गया ताकि कोई मतदाता वंचित न रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने सभी मण्डलों में कराये गए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अभी भी कई मतदाता फार्म भरने से वंचित हैं जिन्हें बी एल ए, बूथ अध्यक्ष व बूथ प्रवासी चिन्हित कर बी एल ओ के माध्यम से फार्म भरवाने व जमा करवाने का कार्य करें। यदि किसी कारणवश मतदाता सूची 2003 व 2024-25 की सूची में किसी का नाम नहीं है तो आगामी 16 दिसंबर से शुरू होने वाले द्वितीय चरण में फॉर्म 6 भरवाकर बी एल ओ के पास जमा करवाएं। इसी प्रकार फर्जी मतदाताओं का नाम कटवाने व नाम व फोटो में संशोधन करवाने का कार्य करें। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को वोटर लिस्ट से जोड़ना भाजपा का संकल्प है इसलिए सभी कार्यकत्ता ईमानदारी से इस कार्य को करने में जुट जाएं। बैठक में जिला प्रवासी दिनेश तिवारी, अवधेश गुप्ता, अखिलेश दीक्षित, उत्तम सक्सेना, ममता मिश्रा, जाग्रति वर्मा, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, निखिल सक्सेना, मनोज पुरवार, पंकज रायकवार, दिलीप तिवारी, पुष्कर द्विवेदी, लखन राजपूत, मण्डल अध्यक्ष व प्रवासी मौजूद रहे।

## एक हजार से अधिक फर्जी जमानत लेने वाला गिरफ्तार

**बांदा**। मुख्य पेशेवर फर्जी जमानतदार को तिंदवारी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी शिवस्वरूप उर्फ मास्टर पुत्र शिवलाल निवासी ग्राम भिड़ौरा थाना तिंदवारी अब तक एक हजार से अधिक मुकदमों में फर्जी तरीके से जमानत ले चुका है। पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एस के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के नेतृत्व व अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर गौर के पर्यवेक्षण में फर्जी जमानतदारों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। बताते चलें कि 12 नवंबर को फर्जी जमानत लेने में आरोपी बलवीर, 13 नवंबर को शिव स्वरूप व 20 नवंबर को रामसिंह ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके नाम का फर्जी आधार कार्ड, खसरा खतौनी व फर्जी फोटो लगाकर अज्ञात लोगों ने कूटरचित तरीके से एनडीपीएस के आरोपी की अदालत में जमानत ली है। इस बारे में थाना तिंदवारी में रिपोर्ट दर्ज की गयी। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, अभिसूचना संकलन, अभिलेखों के सत्यापन व मुखबिर की सूचना पर मुख्य आरोपी शिवस्वरूप उर्फ मास्टर को बांदा शहर में इंद्रा नगर के पास से गिरफ्तार किया। कड़ाई से पूंछताछ करने पर बताया कि अभी तक उसने फर्जी परिपत्र का प्रयोग कर लगभग एक हजार से अधिक मुकदमों में जमानत ली है। यह भी बताया कि वह और उसके साथियों ने फर्जी परिपत्र लगाकर बांदा व कई अन्य जिलों में भी जमानत ली है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## भाजपाइयों ने मनायी अम्बेडकर की पुण्यतिथि



**बांदा**। भारतीय संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर जल शक्ति राज्य मंत्री और भाजपा नेताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे याद किया। जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर के बनाये गए संविधान को आज भी देश में याद किया जाता है और उन्हीं के बनाये गए कानून का आज भी पालन किया जा रहा है। लोग उनके बताये गए रास्ते पर चलकर देश को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। वह कानून के बड़े जानकार थे। उन्हीं के कानून का पालन किया जा रहा है। वह एक अच्छे पथ प्रदर्शक भी थे यही वजह है कि लोग आज भी उन्हे याद करते हैं। इस दौरान भाजपा जिला प्रभारी रामकिशोर साहू, जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, उत्तम सक्सेना, पंकज रैकवार, मनोज पुरवार, संतू गुप्ता, निखिल सक्सेना, अमित सेठ भोलू, लखन राजपूत, दिनेश यादव एवं अन्य भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मंडलायुक्त ने सहायक लेखाकार का वेतन रोकने का दिया निर्देश



**महोबा**। मंडलायुक्त चित्रकूट धाम मंडल अजीत कुमार ने पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूट धाम राजेश एस के साथ जनसमस्याओं को सुना। जनसमस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए मंडलायुक्त ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, पारदर्शी और पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाए।

तहसील दिवस के दौरान विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो बीएलओ को मंडलायुक्त द्वारा प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही गरीब, असहाय एवं वृद्ध महिलाओं को कंबल वितरित किए गए। तत्पश्चात उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुलपहाड़ का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने कार्यालय विकासखंड जैतपुर का निरीक्षण किया, निरीक्षण के समय उपस्थिति पंजिका के अवलोकन में पाया गया कि सहायक लेखाकार जुबेर खान द्वारा हस्ताक्षर तो किए गए थे, परंतु वे मौके पर अनुपस्थित पाए गए। इस पर मंडलायुक्त ने खंड विकास अधिकारी जैतपुर को उक्त कर्मचारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी जनहित में तत्परता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करे, यही शासन की मंशा है और इसी के अनुरूप निरंतर निरीक्षण एवं समीक्षा की जाती रहेगी।

**जिला कार्यालय-यू.पी. कोआपरेटिव फेडरेशन लि., वाराणसी**

पत्रांकः पी.सी.एफ./टेण्डर/2025-26/666 दिनॉकः-05.12.2025

**प्रेस विज्ञप्ति-निविदा ई-टेण्डरिंग की सूचना**

मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान खरीद वर्ष 2025-26 एवं गेहूँ खरीद वर्ष 2026-27 में पी.सी.एफ. द्वारा वाराणसी में नवीन अनुमोदित क्रय केन्द्र पी.सी.एफ. कृ.से.के. गोसाईपुर मोहांव एवं पी.सी.एफ. कृ.से.के. मिल्कीचक पर हैण्डलिंग कार्य हेतु हैण्डलिंग ठेकेदारो की नियुक्ति के सम्बन्ध में निविदायें यू.पी. ई-टेण्डर बेवसाईट http://etender.up.nic.in से डाऊनलोड कर दिनांक 12.12.2025 की अपराहन 14:30 बजे तक अपलोड की जायेगी। निविदा प्रपत्र एवं समस्त जानकारी नियम व शर्ते उपरोक्त बेवसाईट पर उपलब्ध है। निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार टेण्डर कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा।

(सौजन्य त्रिपाठी)
जिला प्रबन्धक
पी.सी.एफ.-वाराणसी
मो.नं.- 8765984590 - dsvns.pcf@gmail.com

संक्षेप

## रोजगार मेले का आयोजन कल

सोनभद्र। जिला सेवायोजन अधिकारी, सोनभद्र ने अवगत कराया है कि रोजगार मेला कार्यालय जिला सेवायोजन कार्यालय, सोनभद्र द्वारा जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार देने के लिए 08 दिसम्बर,2025 को प्रातः 10.00 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय, खुशबू बाग नर्सरी रोड (जिला अस्पताल के सामने) लोढ़ी, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र के परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी क्षेत्र की लगभग 13 कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी।

## जिला सलाहकार समिति की बैठक 10 को

सोनभद्र। अग्रणी जिला प्रबन्धक सोनभद्र ने अवगत कराया है कि समीक्षाधीन त्रैमास जुलाई-सितम्बर की जिला स्तरीय समीक्षा समितिध्जिला सलाहकार समिति की बैठक 10 दिसम्बर, 2025 को मध्यान्ह 12.00 बजे से जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी है। उन्होंने बैठक में समस्त सदस्यगण, जिला स्तरीय समीक्षा समिति/जिला सलाहकार समिति को ससमय उपस्थिति के लिए अपील की है।

## आश्रय गृह और रैन बसेरा का लाभ उठायें

सोनभद्र। उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार ठण्ड एवं शीतलहरी से बचाव के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय व्यक्तियों के लिए रात्रि में विश्राम हेतु निःशुल्क आश्रय गृह, रैन बसेरा स्थाई रूप से पुलिस चौकी राबर्ट्सगंज सोनभद्र के पास निर्मित हैं। जिसमें 50 बेड, रजाई, गद्दा, चादर, पेयजल, शौचालय, अलाव, केयर टेकर आदि की व्यवस्था की गयी हैं। अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा लोगो से अपील की गयी है कि ठण्ड एवं शीतलहरी से बचाव हेतु खुले में न सोये अपितु विश्राम हेतु आश्रय गृह, रैन बसेरा का लाभ उठायें।

## धौरहरा पॉवर हॉउस पर आज होगा मेगा कैम्प का आयोजन

धौरहरा खीरी। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के निर्देश पर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा आम आदमी को बिजली बिल मे जुड़े अधिभार को कम करने के संबंध में 7 दिसंबर को धौरहरा पावर हाउस मैदान पर मेगा कैम्प का आयोजन होगा। प्राप्त विवरण के अनुसार उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के निर्देश पर मध्यांचल विद्युत वितरण लिमिटेड ने उपभोक्ताओं को घरेलू व व्यवसायिक बिजली बिलों में बिजली बिल राहत योजना 2025 के तहत बिल में लगे सरचार्ज ब्याज पर 100 प्रतिशत छूट व मूलधन में 25 प्रतिशत की छूट व बिजली चोरी जैसे मामलों में जुमार्ने पर 50 प्रतिशत की छूट प्रस्तावित है इस के लिए रविवार को पावर हाउस धौरहरा परिसर में मेगा कैम्प का आयोजन होगा यह जानकारी एस डी ओ बिजली धौरहरा देवेन्द्र कुमार ने दी।

# भाजपा ने एसआईआर को लेकर चलाया जागरूकता अभियान



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जनपद में एस आई आर को लेकर भाजपा पूरी तरह सक्रिय मोड़ में आ गई है। सदर विधायक भूपेश चौबे की अगुवाई में शनिवार को राजकीय कन्या विद्यालय रॉबर्ट्सगंज से शुभारंभ कर नगर के विभिन्न वार्डों में घर घर जाकर कुंडी खटखटा कर लोगों को जागरूक किया गया।

मतदाता विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर नगर में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी का अलग अंदाज दिखा। सदर विधायक की अगुवाई में पार्टी के लोग घर घर जाकर कुंडी खटखटाना शुरू किए। इस दौरान विधायक भूपेश चौबे ने सभी को जागरूक करते हुए कहा की एस आई आर प्रक्रिया में किसी भी मतदाता का नाम छुटने न पाए। इसके लिए निर्वाचन के लोग जो भी दस्तावेज मांग रहे हैं उसे दिया जाना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा यह भी ध्यान देने की जरूरत है कि कोई अवैध घुस पैठिया यदि है तो उसे भी चिन्हित किया जाए। ढोल मंजीरा की टीम भी नगर में लोगों को जागरूक कर रही थी। टोली के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर रमेश पटेल जिला महामंत्री रामसुंदर निषाद जिला मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी किसान मोर्चा महामंत्री अनिल सिंह शंभू नारायण सिंह प्रसन्न पटेल मनोज सोनकर विपिन तिवारी पुष्पा सिंह महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रितु अग्रहरि नगर महामंत्री गुप्ता रुबी गुप्ता जिला महामंत्री महिला मोर्चा रजनीश रघुवंशी अमन वर्मा संजू दादा अतुल पांडे विमलेश पटेल आदि उपस्थित रहे।

## पुण्यतिथि पर भाजपा ने डॉ. अम्बेडकर के संघर्ष को किया याद



सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर 6 दिसंबर को बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के रुप में बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया गया व चाचा नेहरु पार्क में सदर विधायक भूपेश चौबे ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाया साथ ही सहभोज का आयोजन किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने कहा कि बाबा साहब संविधान निर्माण में बड़ी भूमिका थी। इसी वजह से वह संविधान निमार्ता के तौर पर जाने जाते हैं। वह बड़े समाज सुधारक और विद्वान थे। उनका निधन 6 दिसंबर, 1956 को दिल्ली स्थित उनके घर पर हुआ था, उनकी पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के तौर पर मनाया जाता है।

बाबा साहेब ने अपनी पूरी जिंदगी हमेशा ऐसे समाज की बात की जिसमें सभी लोगों के साथ बराबरी का व्यवहार किया जाएगा। यह दिन सामाजिक न्याय, समानता और पिछड़े समुदायों की भलाई के लिए उनके जीवन भर के संघर्ष को याद करता है। इस मौके पर सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि गरीब और दलित वर्ग की स्थिति में सुधार लाने में डॉक्टर बाबा साहब अम्बेडकर का अहम योगदान रहा है, उन्होंने समाज से छूआछूत समेत कई प्रथाओं को खत्म करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया, बौद्ध धर्म के अनुयायियों का मानना है कि उनके बुद्ध गुरु भी डॉ अम्बेडकर की तरह ही सदाचारी थे. बौद्ध अनुयायियों के अनुसार डॉ अम्बेडकर भी अपने कार्यों से निर्वाण प्राप्त कर चुके हैं। इसलिए उनके पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा, अजीत रावत, जिला मंत्री शंम्भू नारायण सिंह, रामबली मौर्या, विनय श्रीवास्तव, अनूप तिवारी, पुष्पा सिंह, मनोज सोनकर, अनिल सिंह, प्रसन्न पटेल, बृजेश श्रीवास्तव, अतुल पाण्डेय, गुड़िया त्रिपाठी, रजनीश रघुवंशी, कैलास त्रिपाठी, अनुपम तिवारी, रितु अग्रहरी, संजीव श्रीवास्तव, महेन्द्र पाण्डेय, श्याम द्विवेदी, राजन पाण्डेय, प्रभात पटेल सहित आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने खनन पट्टा धारकों के साथ की बैठक

सोनभद्र। जिलाधिकारी बीएन सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में खनन पट्टा धारकों के साथ बैठक किये, खान सुरक्षा निदेशक, वाराणसी क्षेत्र वाराणसी द्वारा खनन पट्टों पर लगाये गये प्रतिबन्ध के सम्बन्ध में पट्टा धारकों के साथ बैठक की गयी, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने खनन व्यवसायियों से सीधा संवाद कर डी0जी0एम0एस0 द्वारा खनन पट्टों पर लगाये गये प्रतिबन्ध के सम्बन्ध में किये जा रहे सुधारात्मक कार्य की प्रगति की स्थिति के सम्बन्ध मे जानकारी प्राप्त की। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित खनन पट्टा धारको को खान सुरक्षा निदेशालय द्वारा दिये गये निदेर्शों के अनुपालन यथा शीघ्र कराते हुए खनन पट्टों पर डी0जी0एम0एस0 द्वारा लगाये गये प्रतिबन्ध को हटाने की कार्यवाही डी0जी0एम0एस0 से करायें, जिससे कि आम जनमानस को सुलभता से खनिजों की आपूर्ति उचित दर पर प्राप्त हो सकें और लोगों को रोजगार मिल सकें। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ला, ज्येष्ठ खान अधिकारी कमल कश्यप, खनन व्यवसाय संगठन के अध्यक्ष, पदाधिकारीगण सहित व्यवसायिकगण उपस्थित रहें।

## सरकार की आलोचना करने वालों पर चलाया जा रहा बुलडोजर : अजय राय

बरेली। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने बुलडोजर कार्वाई को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए शनिवार को कहा कि बुलडोजर केवल विपक्ष और सरकार की आलोचना करने वालों पर चलाया जा रहा है। शनिवार को बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर बरेली में पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने दावा किया कि जो लोग सरकार के समर्थक, फाइनेंसर या साझेदार हैं, उनके खिलाफ कोई कार्वाई नहीं होती। उन्होंने बनारस के कथित जहरीले कफ सिरप मामले का उदाहरण देते हुए कहा कि इसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़े कई लोग शामिल हैं, फिर भी उनके खिलाफ बुलडोजर नहीं चलता। राय ने आरोप लगाया कि बच्चों की मौत के जिम्मेदार लोग खुलेआम घूम रहे हैं और सरकार उन्हें संरक्षण दे रही है। राय ने केंद्र सरकार पर संविधान को कमजोर करने तथा विपक्ष को दबाने का आरोप लगाते हुए कहा कि बाबा साहेब ने देश को जो संविधान दिया, उसी के मार्ग पर आज देश चल रहा है, लेकिन मौजूदा सरकार संविधान को तोड़ने और बदलने का प्रयास कर रही है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। राय ने इंडिगो एयरलाइंस के संचालन में आई अव्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार की नाकामी का आलम यह है कि लोग अपने शादी के रिसेप्शन में भी वर्चुअल माध्यम से शामिल हो रहे हैं, जो बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता, प्रत्येक सिपाही संविधान की रक्षा के लिए पूरी तरह से कटिबद्ध है। जरूरत पड़ी तो इसके लिए प्राणों की आहुति देने से भी पीछे नहीं हटेंगे। कांग्रेस नेता ने राहुल गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने देश में संविधान की रक्षा की जो लड़ाई शुरू की है, वह आगे भी पूरी मजबूती के साथ जारी रहेगी और देश का हर नागरिक इस संघर्ष के साथ खड़ा है।

## एसआईआर में दी गलत जानकारी तीन लोगों पर केस दर्ज

रामपुर/लखनऊ। रामपुर जिला मुख्यालय के सिविल लाइंस थाना पुलिस ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में गलत जानकारी देने के आरोप में एक महिला और विदेश में रहने वाले उसके दो बेटों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सिविल लाइन थाने में शुक्रवार को दर्ज प्राथमिकी के अनुसार रामपुर विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर अभियान से जुड़े सुपरवाइजर दिनेश कुमार की शिकायत के आधार पर थाना क्षेत्र के ज्वाला नगर पानी की टंकी के पास रहने वाली महिला नूरजहां और उसके दो बेटों आमिर खां और दानिश खां के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 237 (झूठी घोषणा को सत्य के रूप में प्रयोग करना), 318(2) (धोखाधड़ी से संबंधित) और रिप्रजेंटेशन ऑफ़ द पीपुल एक्ट 1950 के तहत मामला दर्ज किया गया है। शनिवार को लखनऊ में जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार रामपुर जिले में एसआईआर फॉर्म में तथ्यों को छुपाकर एक महिला ने विदेश (दुबई और कुवैत) में पिछले कई वर्षों से रहने वाले अपने दो बेटों के बारे में गलत जानकारी भर दी। इतना ही नहीं फॉर्म में फर्जी हस्ताक्षर भी कर दिए। बीएलओ द्वारा फॉर्म का डिजिटाइजेशन करने पर फर्जीवाड़े का मामला सामने आया। इस पर रामपुर के जिलाधिकारी ने तीनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्रों में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य गंभीरता एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र37, रामपुर के भाग संख्या248 में बीएलओ द्वारा मतदाताओं से गणना प्रपत्र प्राप्त कर उनका डिजिटाइजेशन के दौरान उक्त मामला सामने आया। जिलाधिकारी द्विवेदी के अनुसार, पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया कि मतदाता क्रमांक 645 आमिर (वर्तमान में दुबई में निवासरत) तथा मतदाता क्रमांक 648 दानिश (वर्तमान में कुवैत में निवासरत) के नाम से गणना प्रपत्र भरे गए थे। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि उक्त दोनों व्यक्तियों की मां नूरजहां द्वारा तथ्यों को छिपाते हुए अनुचित रूप से उनके नाम पर गणना प्रपत्र प्रस्तुत किए गए, जो निर्वाचन संबंधी नियमों का गंभीर उल्लंघन है। इस पर जिलाधिकारी के निर्देश पर सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। द्विवेदी ने कहा कि एसआईआर की पवित्रता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने हेतु जनपद के सभी मतदाताओं से अपील है कि वे अपनी सभी जानकारी सत्य, सटीक तथा अद्यतन प्रस्तुत करें। किसी भी प्रकार की गलत प्रविष्टि, तथ्य छिपाने या अनुचित विवरण देने से पूर्णतः बचें।

## घायलावस्था में मिला युवक, अस्पताल में भर्ती

सीतापुर। सिधौली इलाके के हाईवे पर जतौरा के निकट शनिवार सुबह एक बाइक सवार व्यक्ति घायलावस्था में पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी सिधौली में भर्ती कराया। घायल की पहचान मूलचन्द्र पुत्र शिवराम, निवासी गोपालपुर के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उसके किसी अज्ञात वाहन से टकराकर चोटिल होने की आशंका जताई जा रही है। घटना के समय सुबह करीब 8 बजे बताया जा रहा है। चिकित्सकों द्वारा उसका इलाज जारी है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है और हादसे के वास्तविक कारणों की जाँच की जा रही है।

# पुलिया निर्माण में डस्टयुक्त बालू का उपयोग ग्रामीणों ने उठायी गुणवत्ता जांच की मांग



जिला संवाददाता(vol)

दुद्धी,सोनभद्र। दुद्धी नगर एवं महूअरिया रेलवे स्टेशन के बीच टेढ़ा गाँव स्थित गेट नंबर 56 के निकट बन रहे अंडर ग्राउंड निर्माण में घटिया समाग्री इस्तेमाल का आरोप ग्रामीणों ने लगाया हैं।

ग्रामीण बृज किशोर, कृष्ण कुमार, संतोष, सुरेश, महेश, रहमत, अलीमुद्दीन सहित अन्य ग्रामीणों का आरोप हैं कि रेलवे के ठेकेदार द्वारा अंडर ग्राउंड पुलिया निर्माण में डस्टयुक्त बालू, भसी का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा हैं, जिसको लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाया तो कथित ठेकेदार के लोग निर्माण कार्य में कोई सुधार न करते हुए बड़ी मात्रा में धूल एवं भसी युक्त बालू का इस्तेमाल करने में जुट गए। ठेकेदार की मनमानी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय रहते निर्माण कार्य में सुधार नहीं की जाती हैं तो ग्रामीण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

इस संबंध में धनबाद मंडल के डी आर एम अखिलेश मिश्रा से सेल फोन नंबर पर सम्पर्क किया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं होने के कारण उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

### मजदूरों की जान के साथ खिलवाड़

दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी क्षेत्र के टेढ़ा गाँव स्थित रेलवे गेट नंबर 56 के पास हो पुलिया निर्माण में लगे मजदूरों की सुरक्षा भगवान भरोसे हैं। संबंधित ठेकेदार द्वारा उन्हें सुरक्षा के कोई भी उपकरण उपलब्ध नहीं करवाए गए हैं जो चिंतनीय हैं। मजदूर करीब 20 मीटर की गहराई में बिना हेलमेट एवं जूते आदि के काम करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने कहा कि अभी विगत माह डाला में खदान धसने की घटना के बाद भी ठेकेदार मजदूरों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

# युवती से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष की कैद

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। छह वर्ष पूर्व शादी का झांसा देकर 21 वर्षीय युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व उसके साथ बलात्कार करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी/सीएडब्लू, सोनभद्र अर्चना रानी की अदालत ने शनिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी सिंटू उर्फ सुरेंद्र कुमार को 10 वर्ष की कठोर कैद व एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की सम्पूर्ण धनराशि एक लाख रुपये पीड़िता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक जुगैल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने 28 फरवरी 2020 को जुगैल थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 17 सितंबर 2019 को शादी का झांसा देकर उसे बहला फुसलाकर सिंटू उर्फ सुरेंद्र कुमार पुत्र रामबचन खरवार निवासी खेवन्धा, थाना जुगैल, जिला सोनभद्र भगा ले गया और उसके साथ करीब 5 माह तक बलात्कर करता रहा। जब उसने कोर्ट मैरिज कराने के लिए कहने लगी तो उसने इनकार कर दिया। इस बात को लेकर पंचायत भी हुई थी, लेकिन रखने को तैयार नहीं हुआ और उसे भगा दिया। आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा करें। इस तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान और पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी सिंटू उर्फ सुरेंद्र कुमार को 10 वर्ष की कठोर कैद व एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की सम्पूर्ण धनराशि एक लाख रुपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील सत्यप्रकाश त्रिपाठी ने बहस की।

# अदालत परिसर में दिव्यांगों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का ब्योरा तलब

जिला संवाददाता(vol)

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपनी रजिस्ट्री से अदालत परिसर में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए उपलब्ध विभिन्न उपायों और सहायता प्रणालियों का ब्योरा तलब किया है।

अदालत ने यह आदेश तब पारित किया, जब चलने फिरने में असमर्थ एक दिव्यांग व्यक्ति को तत्काल सहायता नहीं मिलने से उसे अदालत परिसर में प्रवेश करने में भारी दिक्कतों का करना पड़ा। न्यायमूर्ति अजय भनोट और न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की पीठ ने यह आदेश सिमरन और उसके दिव्यांग पति द्वारा दायर एक याचिका पर पारित किया। अदालत ने कहा कि यह देखने में आया है कि दूसरा याचिकाकर्ता दिव्यांग है और चलने फिरने में असमर्थ है। असमर्थ होने के बावजूद अदालत परिसर में प्रवेश करते समय उसे किसी तरह की मदद की पेशकश नहीं की गई और वह बड़ी मुश्किल से अदालत में पहुंचा। अदालत द्वारा दिव्यांग व्यक्ति की शारीरिक स्थिति को संज्ञान में लेने के बाद उसके लिए तत्काल एक व्हील चेयर और एक सहायक उपलब्ध कराया गया। पीठ ने दो दिसंबर को दिए अपने आदेश में कहा, याचिकाकर्ता पति को अपने ससुराल पक्ष के लोगों से खतरा है। अदालत ने पति-पत्नी दोनों को सुरक्षा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# किर्गिस्तान में फंसे पीलीभीत के 12 मजदूर

पीलीभीत। जिला प्रशासन ने उत्तर प्रदेश के गृह विभाग को किर्गिस्तान में फंसे और उत्पीड़न का सामना कर रहे जिले के 12 मजदूरों के मामले में एक विस्तृत रिपोर्ट भेजी है।

जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि गृह विभाग द्वारा तथ्यात्मक विवरण मांगे जाने और पुलिस अधीक्षक को जांच करने के निर्देश दिए जाने के बाद यह रिपोर्ट तैयार की गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि किर्गिस्तान में फंसे सभी 12 लोगों की जानकारी एकत्र कर सरकार को भेज दी गई है ताकि उनकी सुरक्षित वापसी के लिए उचित प्रक्रिया शुरू की जा सके। फंसे हुए लोगों के परिवारों ने आरोप लगाया है कि उन्हें (मजदूरों को) विदेश में प्रताड़ित किया जा रहा है और स्थानीय एजेंट उनकी वापसी के लिए दो लाख रुपये तक की मांग कर रहे हैं। मजदूर अपने परिवारों को वीडियो संदेश भेजकर बचाव की अपील भी कर रहे हैं। फंसे हुए लोगों के परिजन लगातार पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से मदद की गुहार लगा रहे हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में कई परिवारों के सदस्यों ने जिलाधिकारी सिंह और पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव से मुलाकात की और अपनी आपबीती सुनाई। पीड़ितों के परिजनों ने बताया कि रवि कुमार, अजय, चंद्रपाल, संतराम, रोहित, रमेश, हरस्वरूप, श्यामचरण, संजीव, प्रेमपाल, रामआसरे और हरिशंकर नाम के इन मजदूरों को लगभग तीन महीने पहले एक स्थानीय भर्ती एजेंसी चलाने वाले एजेंटों ने किर्गिस्तान भेजा था। परिजनों ने दावा किया कि प्रत्येक मजदूर से लगभग 2.5 लाख रुपये लिए गए और उन्हें भ्रामक अनुबंधों के साथ 59 दिनों के वीजा पर भेजा गया। परिवारों ने आरोप लगाया कि युवकों को अलग-अलग शहरों में काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है, उन्हें उचित भोजन नहीं दिया जा रहा है और वापस लौटने से रोका जा रहा है। उन्होंने एजेंटों पर मजदूरों को छोड़ने के लिए दो से पांच लाख रुपये तक की मांग करने का भी आरोप लगाया और दावा किया कि युवकों को पीटा जा रहा है और उनके साथ जानवरों से भी बदतर व्यवहार किया जा रहा है। एसपी अभिषेक यादव ने पुष्टि की कि मामले की जांच नगर के पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपक चतुर्वेदी को सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि परिजनों ने लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि पीलीभीत की एक कॉलोनी में संचालित एक स्थानीय कंपनी और उसके प्रतिनिधियों ने झूठे वादों के तहत युवकों को विदेश भेजने में भूमिका निभाई। डीएम ने बताया कि प्रशासन की रिपोर्ट से राज्य सरकार को उनकी वापसी के लिए कदम उठाने में मदद मिलेगी।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ व राजनैतिक दलों के साथ की बैठक

जिला संवाददाता



सोनभद्र। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी बी0एन0 सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अर्हता तिथि 01 जनवरी,2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पनुरीक्षण अभियान के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक किये। कहा कि बी०एल०ओ द्वारा बूथ पर 08 दिसम्बर,2025 या 09 दिसम्बर,2025 को बी०एल०ए० के साथ बैठक कराना सुनिश्चित करेंगें, इस दौरान जिन मतदाताओं के नाम अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक एवं डुप्लीकेट निर्वाचकों के रूप में चिन्हित किये गये हैं उन मतदाताओं के फार्मों पर बी०एल०ओ अपनी रिपोर्ट लगाते हुए उक्त फार्मों को बी०एल०ओ ऐप पर 02 दिवस के अन्दर डिजिटाइजेशन पूर्ण करेंगें, बी०एल०ओ अपने-अपने बूथ पर 08 व 09 दिसम्बर, 2025 को बी०एल०ए० के साथ बैठक करेंगे, बैठक की सूचना बी०एल०ओ नोटिस के माध्यम से बी०एल०ए० को सूचित करेंगें तथा नोटिस तामीला की प्राप्ति रसीद बी०एल०ओ अपने पास सुरक्षित रखेंगे। बी०एल०ओ बैठक से पूर्व अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक एवं डुप्लीकेट निर्वाचकों की सूची तैयार करेंगे एवं उक्त सूची बी०एल०ए० को उपलब्ध करा देंगे तथा प्राप्ति स्वरूप बी०एल०ए० का हस्ताक्षर भी उक्त सूची में प्राप्त करेंगे।

बैठक मे उन्होंने कहा कि निर्गत संशोधित समय सारिणी के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अर्हता तिथि 01 जनवरी,2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस0आई0आर0) की विभिन्न गतिविधियां सम्पन्न करायी जा रही है। जिसमें बी०एल०ओ० द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र उपलब्ध कराना, एकत्रीकरण एवं डिजिटाइजेशन का कार्य 04 नवम्बर, 2025 से 11 दिसम्बर, 2025 तक, निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन 16 दिसम्बर, 2025 को, दावे एवं आपत्तियां दाखिल किये जाने की अवधि 16 दिसम्बर, 2025 से 15 जनवरी, 2026 तक, नोटिस जारी किये जाने, सुनवाई एवं सत्यापन व दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण एवं गणना प्रपत्रों पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्णय किये जाने की अवधि 16 दिवम्बर, 2025 से 07 फरवरी, 2026 तक तथा निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी, 2026 को किया जाना निर्धारित है। उन्होंने कहा कि 04 नवम्बर,2025 से 11 दिसम्बर,2025 तक बी०एल०ओ० घर-घर जाकर गणना पत्रकों का एकत्रीकरण तथा उनके डिजिटाइजेशन की कार्यवाही सम्पन्न करायी जायेगी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा0) वागीश कुमार शुक्ला, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, भाजपा के जिला मंत्री सुनील सिंह, सपा के जिला कार्यालय प्रभारी अनिल यादव, अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष युवा मंच अंशु तिवारी, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष रमेश गौतम, सी0पी0आई0 (एम0) के जिला मंत्री नन्दलाल आर्य, बसपा के मण्डल प्रभारी रामअवतार चैहान, कांग्रेज पार्टी के जिला सचिव/प्रभारी कन्ट्रोल रूम आशीष कुमार सिंह, कांग्रेस पार्टी के प्रभारी शहर कन्ट्रोल रूम शिव प्रसाद सहित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## गोली मारकर प्रेमिका की हत्या करने वाला गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा में थाना फेस-2 क्षेत्र में प्रेमी द्वारा प्रेमिका की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को बिहार के भोजपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथियार भी आरोपी के पास से बरामद किया है। यह घटना 28 नवंबर की है। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी के युवती के साथ काफी दिनों से प्रेम संबंध थे। आरोपी ने जब युवती से शादी का प्रस्ताव रखा तो उसने शादी से इनकार कर दिया। इस बात से वह आक्रोशित था। पुलिस उपायुक्त (द्वितीय) शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि 28 नवंबर की रात को याकूबपुर गांव में रहने वाली 25 वर्षीय युवती सोनू की उसके प्रेमी कृष्णा ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद से आरोपी फरार हो गया था। उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर रही पुलिस ने आरोपी को शुक्रवार को बिहार के भोजपुर जिले से गिरफ्तार किया है। उसे पुलिस आज नोएडा लेकर आई है। उन्होंने बताया कि आरोपी के पास से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त देसी तमंचा भी बरामद कर लिया है। आरोपी हत्या करने के बाद नोएडा से बिहार भाग गया था।

# अंबेडकर परिनिर्वाण दिवस पर विद्यालय में हुआ श्रद्धांजलि कार्यक्रम



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। पब्लिक इंटर कॉलेज में छह दिसंबर को भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धा और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य बाबूराम सागर ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र और संविधान की प्रति पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि और धूप दीप के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रवक्ता विश्व मोहनजीत, सत्येंद्र कुमार पांडे, अभय कुमार जायसवाल, रमेश कुमार मौर्य, दिनेश कुमार राज सहित प्रवक्ता गण मौजूद रहे।

वरिष्ठ प्रवक्ता विश्वमोहन जीत ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया। प्रवक्ता रमेश चंद ने बताया कि डॉक्टर अंबेडकर अपनी अद्वितीय विद्वता और बहुविषयक ज्ञान के कारण विश्वस्तर पर सम्मानित थे। संविधान निर्माण के समय उन्हें सर्वाधिक योग्य मानते हुए प्रारूप समिति का अध्यक्ष बनाया गया, जिसके लिए हम सभी उनके आभारी हैं। प्रवक्ता दिनेश कुमार राज ने संविधान के मूल कर्तव्यों का वर्णन करते हुए छात्र छात्राओं को इनके पालन के लिए प्रेरित किया। संविधान विषयक क्विज प्रतियोगिता में कक्षा छह से बारह तक के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रवक्ता अभय कुमार जायसवाल ने संविधान और मौलिक कर्तव्यों पर विस्तृत जानकारी देते हुए कर्तव्यों की व्याख्या की। प्रधानाचार्य बाबूराम सागर ने बताया कि बौद्ध धर्म में परिनिर्वाण का अर्थ है मुक्ति की प्राप्ति। डॉक्टर अंबेडकर का जीवन देश और समाज के पुनर्निर्माण के लिए समर्पित रहा। सभी वर्गों को सम्मान दिलाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसके लिए हम सदैव कृतज्ञ रहेंगे। इस अवसर पर अभय कुमार जायसवाल, सत्येंद्र कुमार पांडे, रमेश कुमार मौर्य, दिनेश कुमार, दर्शन कुमार गुप्त, सुरेश चंद्र, राकेश कुमार वर्मा, आनंद कुमार कौशल, कृष्ण कुमार शुक्ला, रमेश चंद, संतोष कुमार पांडे, रमेश कुमार वर्मा, गोविंद कुमार, सविता देवी, नीरज कुमार सिंह, अखिलेश्वर, मनोज कुमार तिवारी, आदेश शुक्ला, दिनेश कुमार तिवारी, पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा, प्रमोद कुमार गुप्त, राजीव कुमार, लक्ष्मण यादव, आशुतोष अवस्थी, आदेश मोहन बाजपेई, संजय रावत, सत्य प्रकाश, प्रदीप कुमार, अंजली देवी, कमल किशोर वर्मा सहित स्टाफ और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# जनता की शिकायतों को गंभीरता से सुनें अधिकारी: निखिल

जिला संवाददाता




**अयोध्या।** शनिवावर को जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। रुदौली तहसील सभागार विधायक रूदौली रामचन्द्र यादव, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर की

- डीएम-एसएसपी ने रूदौली तहसील में आयोजित समाधान दिवस में सुनी फरियाद

उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस के दौरान व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक फरियादी की बात ध्यानपूर्वक सुनी और संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे गंभीरता व संवेदनशीलता से जनता की शिकायतों को सुनें और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। तहसील रूदौली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ता ग्राम सैदपुर ने रास्ते की पैमाइस करवाकर खुलवाने की शिकायत में जिलाधिकारी ने तहसीलदार को मामले की जांच कर न्यायोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। शिकायतकर्ता ग्राम खण्डपिपरा विकासखण्ड रूदौली ने सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण हटवाये जाने की शिकायत की है जिसमें जिलाधिकारी ने तहसीलदार को जांच करने के निर्देश दिये। इसी क्रम में शिकायतकर्ता गोगौरा मजरे पारा पहाड़पुर ने सरकारी बंजर भूमि जोत कर मेड़बंदी करने, शिकायतकर्ता ग्राम हुनहुना थाना मवई ने अवैध कब्जा किय जाने, शिकायतकर्ता ग्राम रतनपुर मवई ने खेत से अवैध अतिक्रमण हटवाये जाने की शिकायत की है, जिसमें जिलाधिकारी ने उक्त मामलों में तहसीलदार रूदौली को न्यायोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 232 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 07 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। तहसील दिवस में मुख्यतः भूमि विवाद, राजस्व, सड़क, जल आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, पेंशन आदि से संबंधित अधिकतर शिकायतें प्राप्त हुईं, इसके निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिला विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी रूदौली, क्षेत्राधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, तहसीलदार व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। वहीं तहसील सोहावल में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर कल 113 शिकायत आई। जिसमें 06 शिकायत का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। पहली बार समाधान दिवस में जिले का कोई उच्च अधिकारी नहीं पहुंचा। यहां तहसील स्तरीय अधिकारी सुनवाई के लिए मौजूद रहे। उप जिलाधिकारी सुश्री सविता देवी, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर अरविंद सोनकर, नायब तहसीलदार रेशू जैन राजस्व निरीक्षकऔर अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस संपन्न

**बहराइच।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रत्येक माह के प्रथम और तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, उप जिलाधिकारी राम दयाल, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आईसीडीएस विभाग के स्टाल पर 02 गर्भवती महिलाओं श्रीमती साजिदा व वहीदा की गोदभराई की गई तथा 02 बच्चों तरंग व जूली का अन्नप्रासन्न भी कराया गया।

डीएम श्री त्रिपाठी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाये। डीएम ने कहा कि निस्तारण की कार्यवाही इस प्रकार की जाय कि फरियादी निस्तारण की कार्यवाही से संतुष्ट हो सके। डीएम ने निर्देशित किया जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, जरूरतमन्द तथा असहाय लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाये तथा उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं से लाभान्वित करें। इस अवसर पर मुख्य डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, डीपीओ निहारिका विश्वकर्मा, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला, एलडीएम जितेन्द्र मंसद व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 75 में 04, कैसरगंज में 71 में 02, पयागपुर में 43 में 07, नानपारा में 21 में 05, महसी में 101 में 06 तथा तहसील सदर में प्राप्त 16 प्रार्थना-पत्रों में से 02 का निस्तारण मौके पर किया गया।

## सीडीओ ने किया महिला लाभार्थी की समस्या का समाधान



**बाराबंकी।** तहसील रामनगर में ग्राम किशुनपुर निवासी चंद्रकली पत्नी स्व महाजन ने मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन से कई माह से रुकी हुई पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन का भुगतान कराये जाने को लेकर प्रार्थना पत्र सौपा। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने आवेदन की स्थिति की जाँच करवाते हुये नवीन खाता नजदीकी पोस्ट ऑफिस में खुलवाते हुए खाता की डीबीटी करायी। तथा पीड़िता को उनका नवीन खाता और पासबुक भी सौपा। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने प्रदेश और केंद्र सरकार की डीबीटी आधारित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में पंजीकृत जनपद के सभी लाभार्थियों से अपना आधार लिंक बैंक खाता को अपनी बैंक शाखा में जाकर डीबीटी के लिए सक्रिय कराने की अपील की।

## महापरिनिर्वाण दिवस पर पूर्व सांसद डॉ. पुनिया ने किया बाबा साहब को नमन




**बाराबंकी।** डॉ. भीमराव राम अम्बेडकर जिन्हें बाबा साहब के नाम से जाना जाता है। वह भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार और एक महान समाज सुधारक थे। उनका निर्वाण दिवस वास्तव में उनकी पुण्यतिथि है जिसे पूरे भारत में महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। उक्त उद्गार ओबरी आवास पर आयोजित श्रद्धाजंलि सभा मे पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया ने बाबासाहब के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं नमन करते हुये कही। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, के0सी0 श्रीवास्तव, इरफान कुरैशी, विजय पाल गौतम, मोइनुद्दीन अंसारी, अनिल गौतम, मीरा गौतम, आलिया खातून, शिव देवी, बालजती आदि मौजूद रहे।

## स्मैक बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे सघन चेकिंग अभियान के सम्बन्ध में दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण) श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी महोदय मिहीपुरवा प्रद्युम्न सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियो की रोकथाम जुर्म जरायम को रोकने हेतु थानाध्यक्ष आनन्द कुमार चौरसिया के कुशल नेतृत्व में गठित टीम द्वारा दिनांक 05.12.2025 को थाना क्षेत्र भारत नेपाल बार्डर पर पिलर सं0 667 वहद ग्राम लौकाही के पास चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त रितेश कुमार पुत्र उमेश कुमार निवासी ग्राम मझगंवा थाना मोतीपुर जनपद बहराइच उम्र 19 वर्ष को 22 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 562/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उल्लेखनीय है कि उ0नि0 अनिल यादव मय हमराह हे0का0 सर्वेश्वर यादव, हे0का0 राजेश गिरी, हे0का0 गद्दू पाण्डे ?, का0 सूरज कुमार व एसएसबी बल के साथ देखभाल क्षेत्र, चेकिंग वाहन /संदिग्ध व्यक्ति रोकथाम जुर्म जरायम रोकथाम तस्करी हेतु क्षेत्र मे मामूर थे दौरान चेकिंग अभियुक्त रितेश कुमार पुत्र उमेश कुमार निवासी ग्राम मझगंवा थाना मोतीपुर जनपद बहराइच उम्र 19 वर्ष को 22 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 72 शिकायतों का हुआ तत्काल निस्तारण




**बाराबंकी।** जिन प्रकरणों में तत्काल राहत संभव है। उनका निस्तारण मौके पर ही कराया जाए, ताकि फरियादी को अनावश्यक कागजी कार्यवाही और कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उक्त उद्गार

- अतिक्रमण मुक्त सरकारी भूमि सुनिश्चित करना प्रशासन की अहम जिम्मेदारी: डीएम
- खतौनी सुधार, मृत्यु प्रमाण पत्र व पात्रता से जुड़े मामलों में निस्तारण से खुश नजर आए फरियादी

तहसील सिरौलीगौसपुर स्थित पारिजात सभागार मे आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने अधिकारियो के बीच व्यक्त किये।

जिलाधिकारी ने सम्बधितो को निर्देशित करते हुये कहा कि शिकायतों के निस्तारण में समयबद्धता, पारदर्शिता और गुणवत्ता सर्वोपरि रहे। भूमि विवाद, सरकारी रास्ते, चकमार्ग, राशन कार्ड, पेंशन, आवास एवं अन्य जनसामान्य की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए समाधान करने को कहा गया।

अतिक्रमण मुक्त सरकारी भूमि सुनिश्चित करना प्रशासन की अहम जिम्मेदारी है। इसलिए ऐसे प्रकरणों को गंभीरता से लेकर एक सप्ताह की समयसीमा में निस्तारित किया जाए। आज जनपद में समस्त तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस मे विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 445 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें मौके पर 72 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, एसडीएम सिरौलीगौसपुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# बहराइच के मोतीपुर तहसील के ग्राम सभा में ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं से वंचित

**बहराइच।** मोतीपुर तहसील अंतर्गत मोतीपुर ग्राम सभा सभी योजनाओं से वंचित रोड नाली व बुनियादी सुविधाओं की समस्या ब्लॉक मिहींपुरवा, बहरा ?इच जिले के जहां एक ओर पूरे उत्तर प्रदेश में स्वच्छ भारत मिशन का अभियान जोर-शोर से चल रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्राम सभा में बुनियादी सुविधाओं की कमी से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से, गांव में एक मुख्य रास्ते का निर्माण अभी तक नहीं किया गया है, जिसके कारण दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। समस्या के मुख्य बिंदु निम्नलिखित हैं: 1. ग्राम प्रधान एवं सचिव द्वारा रास्ते के निर्माण का कई बार वादा किया गया, लेकिन इसे पूरा नहीं किया गया। 2. रास्ता खराब होने से बच्चों एवं बुजुर्गों का निकलना अत्यंत कठिन हो गया है। 3. चिकित्सा एवं दवाई प्राप्त करने में भी अत्यधिक समस्या उत्पन्न होती है, क्योंकि आवागमन बाधित रहता है। 4. बारिश के मौसम में रास्ते की स्थिति और खराब हो जाती है, जिससे कई घरों में पानी सीधे भर जाता है। 5. ग्रामीणों की बार-बार शिकायत के बावजूद अब तक कोई जांच या कार्रवाई नहीं की गई है।

इस समस्या का तत्काल संज्ञान लें तथा आवश्यक निर्देश देकर रास्ते का निर्माण शीघ्र करवाएं। इससे ग्रामीणों की परेशानियां दूर होंगी तथा स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को भी बल मिलेगा। उपरोक्त समस्या के संबंध में अभी तक




किसी भी अधिकारी के द्वारा कोई भी सहयोग नहीं किया गया है जिससे कि ग्रामीणों का बुरा हाल है सूत्रों की माने तो ग्राम सभा में और भी बहुत सारे कार्य हुए हैं जिसमें सीधे भ्रष्टाचार नजर आ रहा है लेकिन पूरी शिकायत सचिव नगेद्र यादव से करने पर उन्होंने बात करने से इनकार कर दिया और फोन काट दिया जिससे यह साबित होता है कि कहीं ना कहीं उनके पास अवैध संपत्ति है जिसे इन्होंने भ्रष्टाचार करके बनाया है। पूरे मामले की जानकारी ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी को भी दी गई उनके द्वारा भी कोई भी डायरेक्शन नहीं दिया है। इसकी जांच होनी चाहिए सचिव को एक पत्रकार से किस भाषा में बात की जाती है उसे शिखा देना चाहिए वा यह सुनिश्चित किया जाए की समस्या का समाधान जल्द से जल्द करा कर ग्रामीणों को होने वाली परेशानी से निजात दिलाया जाए।

# वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार, 16 बाइक बरामद



**बहराइच।** जिले की रूपईडीहा पुलिस ने चेकिंग के दौरान अंतर्राष्ट्रीय वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास अलग अलग इलाकों से चुराई गई 16 बाइक बरामद हुई हैं। ये लोग भारतीय क्षेत्रों ने वाहनों को चोरी कर उन्हें नेपाल में बेच देते थे।

गिरफ्तार किए गए तीन युवकों में दो नेपाल के रहने वाले हैं। रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश रावत उप निरीक्षक दीनानाथ सागर, अब्दुल कादिर, जितेश सिंह व आरक्षी स्वतंत्र विक्रम सिंह व अभिषेक के साथ पचपकड़ी चौराहे संदिग्ध लोगों व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान दो बाईकों पर तीन युवक आते दिखाई दिए। उन्हें रोककर जब वाहनों के कागज मांगे गए तो कोई कागज न होने पर उनसे पूछताछ की गई। इस दौरान उन्होंने दोनों वाहन चोरी के बताए, जिसके बाद पुलिस टीम ने तीनों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई तो उन्होंने चोरी की अन्य 14 बाईकों को चकिया जंगल में छुपाकर कर रखने की बात कही, जिसके बाद टीम ने मौके पर पहुंच सभी मोटर साइकिलों को बरामद कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि पुलिस ने जावेद, कमरुद्दीन व सुहेल नाम के तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर इनके पास से चोरी की 16 बाइक बरामद की है। इनमें से जावेद व कमरुद्दीन नेपाल के रहने वाले हैं, वही सुहेल बुलंदशहर जनपद का निवासी है। ये लोग भारतीय क्षेत्र से वाहनों को चोरी कर नेपाल में बेच देते थे।

## अयोध्या आईडल सीजन-17 का ऑडिशन आज

**अयोध्या।** अयोध्या आइडल सीजन -17 नृत्य एवं गायन की प्रतियोगिता जिसमे जूनियर वर्ग वह सीनियर वर्ग में सम्पन्न होगी।

मिस्टर मिस एंड मिसेस कल्चर इंडिया सीजन 8 जो की इस बार एक यूनिक थीम जो की वीर योद्धाओ वारियर रॉयल ह्ल वीरगाना एवं वीर ह्ल पर आधारित फैशन शो का ऑडिशन होगा। किड्स रनवे होगा जिसमे 3 से 10 साल तक कि बच्चे प्रतिभाग करेंगे।

ऑडिशन में सेलेक्ट होने कि बाद 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक होने वाले अयोध्या महोत्सव में बाकी राउंड्स होंगे मॉडलिंग का ग्रैंड फिनाले 3 जनवरी होगा जिसे जज करने दिवा मिस यूनिवर्स रनरअप मिस त्रिशा शेट्टी आएंगी। वही नृत्य एवम गायन का ग्रैंड फिनाले 5 जनवरी को होगा जिसमे नृत्य प्रतियोगिता को जज करने डांस दीवाने विनर एवं डांस प्लस फेम रूपेश सोनी व गायन को जज करने प्रयागराज के श्यामजीत आएंगे।

ऑडिशन रविवार को प्रातः 10 बजे से साँय 4 बजे तक जिला सहकारी बैंक सभागार कचहरी में होगा।

## भाजपा कार्यालय पर एसआईआर अभियान की बैठक




**बहराइच।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा व सदस्य विधान परिषद विजय बहादुर पाठक जिला कार्यालय पर आगमन हुआ। जनपद में चल रहे अभियान की जिला मॉनिटरिंग टीम व विधानसभा मॉनिटरिंग टीम के साथ बैठक कर प्रगति की जानकारी ली तथा लोगों को इस कार्य में लगकर समय से पूर्ण शत प्रतिशत कार्य संपन्न करने के लिए आग्रह किया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडे ने किया संचालन अभियान के जिला संयोजक रणविजय सिंह ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्याय पदम सेन चौधरी विधायक अनुपमा जायसवाल सुभाष त्रिपाठी डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी शामिल रही। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय पर 6 दिसंबर 1956 डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के महा पर निर्वाण दिवस पर कोटि-कोटि नमन करते हुए जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे ने बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा उपस्थित सभी पदाधिकारी व कार्यकताओं ने पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह विधानसभा संयोजक वीरचन्द्र वर्मा आशीष पांडे हरिश्चंद्र गुप्ता रामनिवास जायसवाल सुनील श्रीवास्तव उमाशंकर तिवारी सुवेद वर्मा सुषमा चौधरी देवेंद्र कुमार मिश्रा अमित शर्मा सतीश सिंह रामकृपाल मिश्रा सहित सभी कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## बेटी-दामाद पर दबंगों ने किया हमला

**अयोध्या।** जिले के पटरंगा थाना क्षेत्र के होलूपुर गांव में दलितों पर दबंग मुस्लिमों द्वारा हमले का मामला सामने आया है। 29 नवम्बर को चचेरी बहन की शादी में शामिल होने आए बेटी-दामाद पर दबंगों ने हमला किया, जिसमे कुछ लोग घायल हों गए। वही पीड़ित का आरोप है कि, दबंगों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर उन्हें अपमानित किया और मारपीट की। सुबह भोर 4 बजे में शौच के लिए दामाद दिलीप घर से बाहर गया था। वापस लौट रहे दबंग मोहर्रम अली, अकबर अली आदि ने हमला कर दिया। इस घटना में रामनेवल पासी, भतीजी रोशनी, दामाद आदि कई लोग घायल हुए हैं। उनका आरोप है कि पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया है। लेकिन मुकदमा दर्ज होने के बावजूद भी दबंग की गिरफ्तारी नहीं की गई और दबँगो द्वारा धमकी भी दी जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और कार्यवाहक थाना प्रभारी के मुताबिक विवेचना जारी है और सही तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्र की सुरक्षा और लोकतंत्र की मजबूती के लिए एसआईआर जरूरी: ब्रजेश पाठक




**बाराबंकी।** भाजपा जिला कार्यालय पर उ0प्र0 उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया की तैयारियों को लेकर प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता मे डिप्टी सी0एम ने मीडिया से रुबरु होते हुये कहा कि एसआईआर से देश के लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी। यह एक अत्यधिक महत्वपूर्ण कार्य है। जिसमें मतदाताओं और सरकारी कर्मचारियों (बीएलओ) की पूरी मदद सुनिश्चित

- एसआईआर को लेकर उप मुख्यमंत्री ने की प्रेस वार्ता

करनी है, ताकि किसी को भी कठिनाई न हो। मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण इसके पहले देश और प्रदेश में कई बार हो चुका है। प्रदेश में 2003 में चुनाव आयोग एसआईआर करवा चुका है तब विपक्ष के पेट में दर्द क्यों नहीं हुआ। उपमुख्यमंत्री श्री पाठन ने कहा एसआईआर मतदाता सूची को अपडेट करने की प्रक्रिया है। जिसके जरिए देश में घुसपैठिए के रूप में रह रहे अनधिकृत विदेशियों को देश से बाहर निकालने में मदद मिलेगी। बिहार चुनाव से पूर्व हुए एसआईआर में करीब 65 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए थे। परन्तु किसी ने भी चुनाव आयोग में नाम काटने की शिकायत नहीं की।

जिससे एसआईआर प्रक्रिया की पारदर्शिता की पुष्टि होती है। एसआईआर को लेकर विपक्ष के भ्रामक प्रचार का मुंहतोड़ जवाब दें। लोकसभा चुनाव के बाद देश के कई प्रदेशों में हो रही करारी हार से विपक्षी बौखलाए हुए हैं। इसीलिए एसआईआर को लेकर विपक्षी अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। उन्होंने फॉर्म 6,7 व 8 की चर्चा करते हुए इसकी उपयोगिता समझाई।

उन्होंने अभियान से जुड़े सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से शेष दिनों में लक्ष्य की पूर्ति के लिए पूरी ऊर्जा लगाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा, प्रदेश महामंत्री व क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय, प्रदेश महामंत्री प्रियंका सिंह रावत, जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल, राज्य मंत्री सतीश शर्मा, एमएलसी अंगद सिंह, पूर्व सांसद उपेंद्र रावत, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, संतोष सिंह, अरविंद मौर्य, रामकुमारी मौर्य, संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई आदि मौजूद रहे।

## कुंडी खटकाओ अभियान के तहत डोर-टू-डोर पहुंचे डिप्टी सीएम

प्रेस वार्ता के बाद उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने नानमऊ के बूथ संख्या 271 एवं 272 पर डोर-टू-डोर संपर्क अभियान के दौरान लोगों से बातचीत की। तथा मतदाताओं को एसआईआर के महत्व के बारे में बताया।

## मिथिलेश रावत की मौत पर डिप्टी सीएम ने जताया शोक

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ग्राम गुलामाबाद मजरे मीरापुर स्थित हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत के आवास पहुंच उनके छोटे भाई मिथिलेश रावत की आकस्मिक मृत्यु पर शोक जताया एवं शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुय दिवंगत के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित की।

# डॉ. अम्बेडकर एक महान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री व कानूनविद: प्रो. आशुतोष सिन्हा



**अयोध्या।** डॉ.राममनोहर लोहिया अवध विश्वाविद्यालय के अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास के सभागार में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 70वें महापारिनिर्वाण दिवस के पुनीत अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो.आशुतोष सिन्हा नें डॉ. अम्बेडकर को एक महान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, कानूनविद एवं राजनेता बताते हुए उनके उल्लेखनीय योगदान की विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया की डॉ. अम्बेडकर नें दलितों, पिछड़ों एवं वंचितों को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय दिलाने के लिए जीवन पर्यन्त संघर्ष किया। प्रो. सिन्हा नें बताया कि हमें 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के अपने लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए बाबा साहेब के सिद्धांतों के अनुसार सामाजिक समावेषण को केंद्र में रख कर विकास यात्रा पर चलना होगा। प्रो. फर्रुख जमाल ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का विचार किसी एक वर्ग या समाज के लिए नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि समाज तभी आगे बढ़ता है जब सबसे कमजोर व्यक्ति को सम्मान और समान अधिकार मिलते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अंबेडकर के अध्ययन, तर्कशीलता और संघर्षशीलता को जीवन में अपनाएं।

प्रो. नीलम पाठक ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर भारतीय इतिहास के ऐसे महामानव हैं जिन्होंने सामाजिक न्याय को सर्वोच्च स्थान दिया। डॉ अंबेडकर ने स्त्रियों, वंचितों और कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया था। उन्होंने वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों में अंबेडकर की विचारधारा को और अधिक प्रासंगिक बताया। प्रो. प्रिया कुमारी ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर का कृषि क्षेत्र में योगदान अत्यंत दूरदर्शी था। उन्होंने भूमि सुधार, जल प्रबंधन, सहकारी खेती और किसानों को आर्थिक सशक्तिकरण का आधार बताया। भारत की प्रगति का मार्ग किसानों की समृद्धि से होकर जाता हैकृयह विचार अंबेडकर की देन है। डॉ. रचना श्रीवास्तव ने अंबेडकर को मानव गरिमा और सामाजिक न्याय का शिल्पकार बताते हुए कहा कि उनकी विचारधारा आज भी समाज के कमजोर तबकों के लिए साहस और दिशा प्रदान करती है। डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि अंबेडकर का संदेश ह्लशिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करोह्व आज की युवा पीढ़ी के लिए जीवन का सर्वोत्तम मार्गदर्शन है और समस्त छात्रों को अपने विश्वविद्यालय के गुरुजनों से ईमानदारी, नैतिकता एवं कर्तव्य निष्ठा से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ, शोधार्थी एवं शिक्षक उपस्थित रहे और सभी ने बाबा साहेब के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

संक्षेप

## डॉक्टर अता उल्ला के निधन पर शोक

**अमेठी।** क्षेत्र में डाक्टर अता उल्ला के निधन की सूचना पर पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई निधन की सूचना फैलते ही दूर दराज से लोग पैतृक गांव पहुंच कर परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं बीमारी के चलते पीजीआई लखनऊ में भर्ती कराया गया था लगभग दस दिन इलाज के बाद डाक्टरों जबाब दे दिया था जिनका शनिवार को लगभग तीन बजे निधन हो गया ज्ञात हो कि डॉक्टर अतः उल्ला ने नदुआ कालेज लखनऊ से शिक्षा ग्रहण करने के बाद क्षेत्र में डॉक्टरी से कोसों दूर तक नाम कमाया तथा व्यवसाय में भी हाथ आजमाया जिसमें अनवी प्रिटिग प्रेस सहित प्रिंट मीडिया सदाये दलित सप्ताहिक के सम्पादक बने और और महोना पच्छिम ग्राम पंचायत से दो बार ऐतिहासिक वोटों से जीत कर प्रधान बने अपने बच्चों की शिक्षा के लिए खूब मेहनत की और तीन बच्चों को डाक्टर बनाया जिसमें क्षेत्र में अरमा हास्पिटल के रूप में स्वास्थ्य में झंडा गाड़ दिया। तथा समाज के हर वर्ग के साथ अच्छा जुड़ाव रहा है वह बचपन से ही समाजसेवा करते रहे हैं डाक्टर अता उल्ला के निधनं की सूचना पर लोग पैतृक गांव गौसल का पुरवा महोना पच्छिम पहुंच कर ढांढस बंधा रहे हैं।

## अम्बेडकर परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में संविधान निमार्ता, भारत रत्न, बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। छात्र देवेश शर्मा ने बाबा साहब के जीवन, संघर्ष,विचारधारा और समाज में समानता, शिक्षा एवं न्याय की स्थापना में उनके अतुलनीय योगदान के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए विद्यार्थियों को भारत के संविधान, उनके अधिकारों तथा कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, पिंकी जायसवाल, शाहीन खान, अजयराज सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं, एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी बाबा साहेब को श्रद्धासुमन समर्पित करते हुए नमन किया।प्रधानाचार्य ने अंबेडकर जी को एक समाज सुधारक, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री और कुशल राजनीतिज्ञ बताते हुए कहा कि संविधान के निर्माण में उनकी प्रमुख भूमिका रही। बाबा साहेब ने दलित वर्ग के उत्थान के लिए भरपूर कोशिश की। उनका जीवन संघर्श, शिक्षा के प्रति समर्पण और समाज में समानता की स्थापना के लिए किया गया योगदान इतिहास में सदैव स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा। विद्यालय प्रधानाचार्य ने बच्चों के प्रति अपने सम्बोधन में कहा कि बाबा साहेब का कहना था कि जीवन लम्बा होने के बजाए महान होना चाहिए। सभी को शिक्षित और संगठित रहकर संघर्शरत रहना चाहिए। श्रेष्ठ शिक्षा वही है जो न केवल मनुष्य को साक्षर करे अपितु उसका मानसिक विकास कर उसके आत्माभिमान व विवेक को भी जाग्रत करे।

# सड़क हादसे में एक की मौत, 15 घायल



**कूरेभार, सुलतानपुर।** कूरेभार चैराहे पर शनिवार की भोर में एक दर्दनाक हादसा हो गया। अयोध्या से दर्शन कर वापस लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी एक प्राइवेट टूरिस्ट बस को विपरीत दिशा से तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस सड़क पर पलट गई।हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में अफरातफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस में करीब 44 श्रद्धालु सवार थे, जो महाराष्ट्र के जलगाँव विभा नगर क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं। सभी श्रद्धालु अयोध्या में भगवान रामलला के दर्शन कर वापस प्रयागराज जा रहे थे, तभी कूरेभार चौक पर ट्रेलर के नियंत्रण खोने से सामने से बस में जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में 15 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस की मदद से स्थानीय लोगों और राहगीरों ने मदद करते हुए खिड़कियां तोड़कर यात्रियों को बस से बाहर निकाला। इसके बाद घायलों को एंबुलेंस से कूरेभार सीएचसी पहुँचाया गया, जहाँ डॉ. प्रियेश दीक्षित के नेतृत्व में मेडिकल टीम इलाज में जुटी रही। इलाज के दौरान 50 वर्षीय महिला श्रद्धालु, जिन्हें छोटी शरद पाटिल के नाम से पहचाना गया, ने दम तोड़ दिया। उनकी मौत की सूचना के बाद साथी श्रद्धालुओं में शोक की लहर फैल गई। हादसे की खबर मिलते ही कूरेभार थाना अध्यक्ष विजयन्त कुमार मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुचे और पलटी बस व ट्रेलर को हटवाकर हाईवे पर यातायात बहाल कराया। पुलिस घटना के वास्तविक कारणों की जांच कर रही है और ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया स्थानीय लोगों ने समय रहते किए गए रेस्क्यू ने कई गंभीर घायल यात्रियों की जान बचाई, जबकि प्रशासन ने घायलों के बेहतर इलाज और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। घटना स्थल पर एसडीएम सदर विपीन द्विवेदी, सीओ बल्दीराय आशुतोष ने घटनास्थल का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं का हाल चाल लिया।

**प्रशासन के साथ कूरेभार प्रधान ने श्रद्धालुओं की मदद का बढ़ाया हाथ :** घायलों के प्राथमिक उपचार देने के बाद पुलिस ने उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया। गंभीर घायल 8 श्रद्धालुओं को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। घटना के बाद कूरेभार कस्बे के गीता मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई। थाना प्रभारी बिजयंत मिश्रा ने श्रद्धालुओं को जलपान कराया। वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेश कसौधन व उनकी टीम ने भोजन की व्यवस्था संभालते हुए घायलों और अन्य यात्रियों को भोजन व हर सम्भव सहायता की।

# कुल 90 शिकायतों में सिर्फ 6 का तत्काल हुआ निस्तारण

**रायबरेली।** डीएम हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। डीएमने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 48, पुलिस 15, विकास 2 एवं अन्य 25 कुल 90 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 06 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए। पुलिस अधीक्षक डॉ० यशवीर सिंह ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएमओडॉ. नवीन चंद्रा, उप जिलाधिकारी सदर प्रफुल्ल कुमार शर्मा, तहसीलदार आकृति श्रीवास्तव सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस में आयीं 29 शिकायतें

**महराजगंज, रायबरेली।** तहसील सभागार में एसडीएम गौतम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल 29 शिकायतें दर्ज की गईं। दर्ज 29 शिकायतों में सर्वाधिक शिकायतें राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित रही। आई शिकायतों में राजस्व की 11, पुलिस की 11, अन्य विभागों से 7 शिकायतें रही। कुल 29 शिकायतों में दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। एसडीएम गौतम सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को समय पर शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार मंजुला मिश्रा, सीओ प्रदीप कुमार, कोतवाल जगदीश यादव, खण्ड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव, बी डी ओ वर्षा सिंह, आदि मौजूद रहे।

# श्रद्धांजलि सभा व विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन



**अमेठी।** अम्बेडकर कल्याण समिति की ओर से गौरीगंज में श्रद्धांजलि सभा और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के जीवन संघर्ष पर विस्तार से संवाद हुआ। कार्यक्रम में लोगों ने डॉ अम्बेडकर की शिक्षाओं को धरातल पर उतारने पर जोर दिया गया।कई वक्ताओं ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में गांधी एंड कम्पनी ने डॉ अम्बेडकर का कदम कदम विरोध किया। बाबा साहब डॉ अम्बेडकर गोलमेज सम्मेलन में न गये होते तो उस समय अछूत कहे जाने दलित समाज को कभी अधिकार न मिलता। पूना पैक्ट बाबा साहब डॉ अम्बेडकर द्वारा मजबूरी में किया गया एक समझौता है।एडवोकेट राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के नाम से संगठन बनाकर वोटों की दलाली और राजनीतिक स्वार्थ सिद्ध करने वाले लोगों से सावधान रहने की जरूरत है।यही लोग बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के मिशन को कमजोर कर रहे हैं। बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती ने बाबा साहब डॉ अम्बेडकर और मान्यवर कांशीराम के जीवन संघर्षों का उल्लेख किया और कहा कि आजादी के बाद देश में जो भी सरकारें बनी, उन्होंने सामाजिक और आर्थिक गैर बराबरी दूर करने के लिए गंभीरता से प्रयास नहीं किया। भारतीय संविधान की व्यवस्थाएं ठीक ढंग से नहीं लागू हो पाईं।बहन ? सुश्री मायावती ही ?एक मात्र मास लीडर हैं जिन्होंने उत्तर प्रदेश में बाबा साहब के सपनों को साकार किया है और देश में भारतीय संविधान की व्यवस्थाओं के अनुरूप शासन व्यवस्था को संघर्षरत हैं।प्रमोशन में आरक्षण,एस सी/एस टी कर्मचारियों के डिमोशन के काम में आगे रही, आरक्षण, और संविधान विरोधी राजनीतिक पार्टियों से बहुजन समाज के लोगों को सावधान रहने की सलाह दी।विचार गोष्ठी को धर्मेंद्र कुमार, शीतला प्रसाद दाढ़ी, सुरेन्द्र बौद्ध,राम अभिलाष,राम समुझ बौद्ध, राजेश कुमार,कन्हई राम बौद्ध, फूलचंद बौद्ध आदि ने संबोधित किया।

# मां अपने स्नेह से अभिसिंचित कर पुत्रों को कृतार्थ करती हैं : दिनेश सिंह राठौर

**महराजगंज, रायबरेली।** मां पृथ्वी है, जगत है, धूरी है, मां बिना इस सृष्टि की कल्पना अधूरी है.... मां की महिमा असीमित, अपरिमित, अपार, अंतहीन है, मां ने पूरे संसार को छांव दिया है, और उसने ही हर गति को पैर दिया है। मां का आशीर्वाद गोलोकवासी हो जाने के पश्चात भी अपने पुत्रों पर सदैव बना रहता है, और वह हमेशा अपने स्नेह से अभिसिंचित कर पुत्रों को कृतार्थ करती हैं। यह उदगार ब्लॉग सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मूलरूप से ब्लाक क्षेत्र गांव अलीपुर के रहने वाले दिनेश सिंह राठौर ने व्यक्त किए हैं।इस दौरान उनके साथ पूर्व ब्लाक प्रमुख सतेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। दिनेश सिंह राठौड़ ने बताया कि आठ दिसंबर का दिन उनके लिए एक अत्यंत भावनात्मक एवं स्मरणीय होता है, क्योंकि यह दिन उनकी पूज्यनीय माता जी की पुण्य स्मृति से जुड़ा हुआ है, और विगत वर्षों से पुण्य तिथि पर अपनी जन्मभूमि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित होता रहा है। पिछले वर्ष यह कार्यक्रम श्री अयोध्या धाम में आप सभी की स्नेहिल उपस्थिति में संपन्न हुआ था, 2 वर्ष पूर्व जब भगवान श्री राम 500 वर्षों के सतत संघर्षों के पश्चात अपनी जन्मभूमि पर भव्य मंदिर में विराजमान हुए, तब भी कार्यक्रम अयोध्या जी में ही संपन्न किया गया था। इस वर्ष जब 144 वर्षों के बाद दिव्य एवं भव्य महाकुंभ का आयोजन हुआ, तो मन में यह भाव आया कि, आप सभी आत्मीय जनों के साथ संगम स्नान का पूर्ण लाभ लिया जाए। कहा कि यद्यपि उस समय जन सैलाब के कारण योजना संभव नही हो सकी तथापि आपके स्नेहपूर्ण सुझाव एवं प्रेरणा से अब यह निश्चय किया गया है कि, श्रद्धालुओं को तीर्थराज प्रयाग में संगम स्नान हेतु ले जाया जाए, इसलिए मन में संकल्प कर डेढ़ हजार श्रद्धालुओं को बसों से तीर्थराज प्रयाग ले जाया जाएगा। दिनेश सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि इस बार 7 दिसंबर रविवार को उनके निवास स्थान अलीपुर से सुबह 6 बजे तीर्थराज प्रयाग के लिए प्रस्थान होगा, जहां पहुंचने के पश्चात 10:30 बजे संगम स्नान तत्पश्चात दोपहर 2बजे तक हनुमान जी का दर्शन एवं प्रसाद ग्रहण 5:30 बजे से 7 बजे तक मनगढ़ कृपालु धाम दर्शन और रात लगभग 9:30 बजे गंतव्य के लिए वापसी होगी।

# डीएम ने सीएसआर पहल के तहत 100 टीबी रोगियों को बांटे पोषण किट



**रायबरेली।** डीएम हर्षिता माथुर ने एनटीपीसी ऊँचाहार द्वारा अपनी कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व पहलों के तहत रायबरेली जिले के ऊँचाहार क्षेत्र के 100 क्षय रोग (टीबी) से पीड़ित रोगियों को छह माह की अवधि के लिए पोषण किट प्रदान किए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएम ने बताया कि यह पहल टीबी मुक्त भारत अभियान को मजबूत करने हेतु टीबी रोगियों की पोषण स्थिति एवं उपचार परिणामों में सुधार लाने के उद्देश्य से की गई है। डीएम ने यह भी कहा कि एनटीपीसी द्वारा जिला प्रशासन के साथ मिलकर जनकल्याण परक पहलों को आगे बढ़ाना सराहनीय है।इस तरह के कार्यक्रम आगे भी होते रहने चाहिए।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एनटीपीसी ऊँचाहार के कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख अभय कुमार श्रीवास्तव ने टीबी रोगियों के पोषण संवर्द्धन हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी ऊँचाहार सदैव समुदाय के स्वास्थ्य को उन्नत करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा सरकारी योजनाओं को सशक्त बनाने में अपना योगदान देता रहेगा।कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नवीन चंद्र, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनुपम, सीएमओ एनटीपीसी ऊँचाहार डॉ. मधु सिंह एवं मानव संसाधन प्रमुख (प्रभारी) एनटीपीसी ऊँचाहार डॉ. दिशा अवस्थी सहित सीएसआर टीम के सदस्य उपस्थित रहे। सभी गणमान्य व्यक्तियों ने यह उल्लेख किया कि पर्याप्त पोषण टीबी रोगियों की शीघ्र स्वस्थता एवं उपचार के प्रति उनकी अनुशासनशीलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा एनटीपीसी ऊँचाहार का यह प्रयास टीबी मुक्त भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य की दिशा में एक सार्थक कदम है। यह परियोजना सीवीपीएस के माध्यम से जिला क्षय रोग अधिकारी, रायबरेली के कार्यालय एवं सीएचसी, ऊँचाहार के सक्रिय सहयोग से क्रियान्वित की जा रही है।

## 5100 दीपों की रोशनी में नहाया मां कामाख्या धाम, भव्य दीप उत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**शुकुल बाजार, अमेठी।** आदि गंगा मां गोमती के पावन तट पर बसे प्राचीन मां कामाख्या देवी धाम पंही गाँव का वातावरण शनिवार की शाम भक्ति, उत्साह और दिव्यता से भर उठा। शुकुल बाजार विकास समिति द्वारा आयोजित भव्य दीप उत्सव में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। दीपों की जगमगाहट और मंत्रोच्चार से मंदिर परिसर आस्था की अद्वितीय छटा बिखेरता नजर आया।क्षेत्र में सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभा रहे समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र विजय सिंह इस दिव्य कार्यक्रम के मुख्य प्रेरणास्त्रोत रहे। उनकी अगुवाई में मंदिर परिसर को 5100 दीपों से सुसज्जित किया गया, जिससे पूरा धाम सुनहरी आभा से दमक उठा। श्रद्धालु माता के चरणों में दीप अर्पित करते हुए सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना करते दिखाई दिए। मंदिर के पूजा सुरेंद्र महराज का कहना है कि दीपोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूत करता है। लगातार दूसरे वर्ष आयोजित इस दीप महोत्सव ने ग्रामवासियों की भागेदारी और भक्ति भाव को नई दिशा दी है। कार्यक्रम में आए भक्तों ने बताया कि 5100 दीपों का दृश्य अद्भुत, मनमोहक और अलौकिक था, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचे।दिव्य उत्सव में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों, सामाजिक कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। प्रमुख रूप से डॉ. जे. पी. मिश्रा, माझगांव जय सिंह, विजय शर्मा, रविंद्र सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष सतीश मिश्रा, अजीत शुक्ला, सर्वेश सिंह, अनिकेत, अभय, राजीव ओझा, समर बहादुर सिंह (ठेकेदार), जीतेन्द्र सिंह, रामजीत पाल, सोनू सिंह, रमेश तिवारी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। दीपों की इस उज्वल श्रृंखला ने मां कामाख्या धाम को ऐसी दिव्यता प्रदान की, जिसने क्षेत्रवासियों के हृदय में भक्ति और उत्साह का नया दीप जला दिया।

# तिलोई में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित



**तिलोई ,अमेठी।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील तिलोई में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने फरियादों की समस्या सुनकमौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है, मुख्यमंत्री द्वारा भी जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील तिलोई में कुल 55 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 06 का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील मुसाफिरखाना में 19 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 04 का निस्तारण किया गया, तहसील गौरीगंज में प्राप्त 46 शिकायतों में 4 का निस्तारण किया गया तथा तहसील अमेठी में 18 में 01 का निस्तारण कराया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान डीएम ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10से 12बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान डीडीओ वीरभानु सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, एसडीएम तिलोई अमित, तहसीलदार तिलोई सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पति व ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न व मारपीट का आरोप

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** दहेज की मांग को लेकर विवाहिता से मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में जयसिंहपुर कोतवाली पुलिस ने पति सहित 4 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर एफआईआर पंजीकृत कर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के करसा (दहलवा) गांव निवासी कुसुम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी करीब छह वर्ष पूर्व विकास पुत्र रामरूप निवासी पटना सोनौरा थाना जयसिंहपुर के साथ हुई थी। विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज में पैसे व सामान की लगातार मांग करते हुए उसे प्रताड़ित करते थे। पीड़िता का आरोप है कि 28 नवंबर की सुबह करीब 9 बजे पति विकास, ससुर रामरूप, सास अनिता, देवर गोलू ने एक राय होकर उससे 4 लाख रुपये की मांग की। मांग पूरी न होने पर सभी ने मिलकर उसे मारा-पीटा तथा गला दबाकर जान से मारने की धमकी दी। शोर मचाने पर वह किसी तरह वहां से निकलकर मायके पहुंची। पीड़िता ने आरोपितों से जान का खतरा बताते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 85, 115(2), 352 तथा 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है। कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

● **पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज**

## विधायक ने एसआईआर के प्रगति जानी



**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने शनिवार को क्षेत्र के दर्जनभर बूथों पर चल रहे एसआईआर अभियान के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने बीएलओ से घर-घर सत्यापन, मतदाता सूची सुधार व नए नाम जोड़ने जैसी गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की। शनिवार को विधायक ने मोतिगरपुर पठखौली के बूथ संख्या 310 पर पहुंचे, जहाँ बीएलओ अर्चना अग्रहरि ने उन्हें अब तक किए गए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने डेटा एंट्री, की प्रगति तथा लंबित प्रपत्रों के निस्तारण पर प्रगति पर चर्चा की। मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार रूबी यादव ने बताया कि सभी बूथों से प्राप्त अभिलेखों को ऑनलाइन अपडेट करने की प्रक्रिया तेजी से जारी है। अभी तक 98.8 प्रतिशत एसआईआर में प्रगति है और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। विधायक राजप्रसाद उपाध्याय ने दियरा बूथ संख्या 304, 305, 306, 307 के साथ क्षेत्र के दर्जन भर बूथो के प्रगति की भी जानकारी ली। बीएलओ व बीएलए-2 से कहा कि सही मतदाता छूटने न पाए और गलत मतदाता जुड़ने न पाए। सही मतदाता सूची ही लोकतंत्र का मजबूत आधार है, उन्होने एसआईआर प्रक्रिया में लगे कर्मचारी व पार्टी के लोगों से गांवो मे घर घर पहुंचकर सहयोग करने तथा मतदाता सूची में त्रुटिरहित सुधार सुनिश्चित कराने की अपील की।

# कबड्डी सब जूनियर बालिका में खुदौली को हराकर नरायनपुर बना विजेता

**सुलतानपुर (वीओएल)।** युवा कल्याण विभाग सुलतानपुर द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत विधायक खेल स्पर्धा विधानसभा लंभुआ के खिलाडियों के बीच सर्वोदय इंटर कॉलेज लंभुआ में संपन्न हुई। विधानसभा के अंतर्गत आने वाले खिलाड़ी इस प्रतियोगिता मे शामिल हुए। जिला युवा कल्याण अधिकारी मयंक पटेल एवं प्रभारी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी चाँद मुहम्मद की अगुआई में आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि पंकज वर्मा भाजयुमो जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर ने किया। प्रतियोगिता में 400 मीटर जूनियर में राबिन प्रथम रहे एवं बालिका 400 मीटर में पूजा पाल प्रथम सीनियर वॉलीबॉल में लंभुआ विजेता 800 मीटर बालिका दौड़ में आयुषी प्रथम रहीं सीनियर बालक 1500 मीटर दौड़ सतीश गौड प्रथम रहे सब जूनियर बालक 100 मीटर में राजबहादुर प्रथम रहे जूनियर बालिका 100 मीटर दौड़ में नेहा प्रथम रहीं। जूनियर बालक कबड्डी में भदैयां विजेता एवं उपविजेता चैकियां रही सीनियर बालक कबड्डी में चैकियां गांव विजेता एवं चैकियां इंटर कॉलेज उपविजेता रही कबड्डी सब जूनियर और जूनियर बालिका दोनों वर्गों में नारायणपुर विजेता वहीं सीनियर बालिका में सर्वोदय इंटर कॉलेज की बालिका बनी विजेता स वॉलीबाल सब जूनियर बालिका में खुदौली वहीं जूनियर बालिका में नारायणपुर ने जीत दर्ज की। संचालन पूर्व युवा कल्याण अधिकारी आरबी पांडे नन्हकू वर्मा ने किया प्रतियोगिता संपन्न कराने में मुख्य भूमिका में निर्णायक मुनेन्द्र मिश्रा चित्रसेन सिंह उमेश पांडेय ओपी कनौजिया अखिलेश सिंह इस अवसर पर सर्वोदय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य गुलाब सिंह, एलके दुबे, प्रदीप, शेर बहादुर सिंह, रमाकांत यादव, बृजेश महेंद्र यादव मौजूद रहे।

# तालाब के सुंदरीकरण के नाम पर हो रहा भ्रष्टाचार

**नसीराबाद, रायबरेली।** एक ओर सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नगर को चमकाने के लिए करोडो रूपए भेज कर विकास के मुद्दों पर मुहर लगा रहे हैं तो वही नगर पंचायत नसीराबाद के जिम्मेदार सीएम की उम्मीदों पर पानी फेर रहे हैं।

बताते चले कि उक्त नगर पंचायत नसीराबाद के वार्ड नंबर 6 शिव नगर में रजवाड़ी के समय भवानी घाट तालाब स्थापित किया गया जिसे नगर पंचायत ने करीब दो वर्ष पूर्व 36 लाख में सौन्दर्यीकरण का बीड़ा उठाया लेकिन खानापूर्ति कर बजट हजम कर लिया। नगर पंचायत के एक युवक ने डीएम और सीएम से शिकायत की। सूत्रों की माने तो जांच में भ्रष्टाचार की मुहर लगी लेकिन जांच अधिकारियों ने केवल ठेकेदार का नाम ब्लैक लिस्ट में डाल कर फाइल को दबा दिया। अब इसी माह में तालाब का फिर सौन्दर्यीकरण के लिए दूसरी बार एक करोड़ 14 लाख का बजट मिला जिसमें 57 लाख उक्त तालाब का और 57 लाख नाउन तालाब का। अगर सूत्रों की माने तो उसी ठेकेदार को काम दिया गया जो ब्लैक लिस्टेड है। हालांकि ठेकेदार चालबाजी कर अपना फर्म बदलकर काम को हासिल किया है। अब यहां सवाल यह उठता है कि जिस तालाब को सौंदर्यीकरण के लिए पहले ही बजट



मिला हो तो क्या दूसरी बार भी मिल सकता है वह भी दो वर्षों के दरमियान में। यही नहीं 57 लाख के बजट में तालाब पर पूरे मानक विहीन काम चल रहा है सरिया तीन सूत तो मसाला 10:1 का मानक विहीन लगाए जा रहे है। पूरब साइड पहले बजट में सीढ़ियां बनाई गई थी जबकि पश्चिम साइड रजवाड़ी के समय से ही मौजूद थी उसका भी बजट हजम कर लिया। नगर पंचायत के लोगों का कहना है कि यही हाल नाउन तालाब में भी होगा खानापूर्ति कर बजट को बंदरबांट किया जाएगा। यही नहीं कस्बा में 25 लाख की लागत से सीसी रोड बनाने का उद्घाटन तो किया गया लेकिन क्या पूरे बजट से रोड चमकाई जाएंगी। ठेकेदार ऋतिक त्रिवेदी ने बताया कि इससे पहले हमारे द्वारा काम नहीं कराया गया इस बार मेरा ठेका है कार्य मानक के तौर पर हो रहा है। जिलाधिकारी हर्षिताा माथुर ने कहा कि जानकारी नहीं है अगर ऐसा है तो जांच कराकर कार्रवाई होगी।

**तालाब अधिक भूमि पर बनाने की शिकायत पर कानून गो ने रोकवाया काम**

**नसीराबाद रायबरेली।** रामलीला कमेटी ट्रस्ट के अध्यक्ष नगर निवासी पवन श्रीवास्तव द्वारा सीएम पोर्टल पर शिकायत की गई है कि तालाब अधिक भूमि पर बन रहा है। उन्होंने अपने शिकायती पत्र में लिखा है की रामलीला मैदान की अधिक भूमि पर तालाब की बाउंड्री बढ़ाकर बनाई जा रही है जब तक राजस्व विभाग नाप कर स्पष्ट नहीं कर देता तब तक काम को बंद कर दिया जाए। जिस पर गुरुवार को कानून गो अमर बहादुर सिह लेखपाल संदीप तिवारी की टीम मौके पर पहुंचे और तालाब की नाप की तो रामलीला कमेटी की जमीन पर 0.065 हेक्टेयर करीब आठ बिसवा जमीन पर अवैध कब्जा पाया गाया जिस पर कानून गो ने तालाब का काम रुकवा दिया और कहा जब तक मामले का निस्तारण नही हो जाता तबतक काम मत लगना और कहा इसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजा जायेगा।

# सदर विधायक से मिले पंचायत और विकास अधिकारी, सौंपा ज्ञापन

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** विकास व पंचायत विभाग के कर्मचारियों ने ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली और अतिरिक्त विभागीय कार्यों के विरोध में शनिवार को भी प्रदर्शन जारी रखा। जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में दर्जनों कर्मचारियों ने सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय से मुलाकात कर प्रमुख सचिव को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ऑनलाइन उपस्थिति और अन्य संबंधित आदेशों को वापस लेने की मांग की। उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के आह्वान पर, संघ के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी के नेतृत्व में कूरेभार और स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत ग्राम विकास अधिकारियों और ग्राम पंचायत अधिकारियों ने शनिवार को पुनः प्रदर्शन किया। इससे पहले, उन्होंने काली पट्टी बांधकर ब्लॉक मुख्यालय पर भी विरोध जताया था और प्रमुख सचिव को संबोधित ज्ञापन सौंपा था। शनिवार को, कर्मचारियों ने गंगेव गांव में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के कार्य के दौरान मौजूद सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय से मुलाकात की। उन्होंने विधायक को प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन को संबोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इसमें ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली और अतिरिक्त विभागीय कार्यों से संबंधित आदेशों को वापस लेने की मांग की गई। सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने कर्मचारियों की समस्याओं को शासन स्तर पर उठाने और वार्ता करने का आश्वासन दिया। संघ के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी ने कहा कि उनके साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उन्होंने विधायक से मिलकर ज्ञापन सौंपा है और इस मामले में उनके हस्तक्षेप की मांग की है।इस मौके पर कूरेभार ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) प्रकाश मिश्र, गुलाबचंद मिश्र, दीपक सिंह, राघवेंद्र प्रताप, प्रदीप कुमार,दिलीप कुमार पाठक सहित दर्जनों कर्मचारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## चोरी की चार बाइक बरामद, 3 गिरफ्तार

**मथुरा।** छाता पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उनके पास से चोरी की चार मोटरसाइकिलें, दो अवैध तमंचे और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर 5 दिसंबर, 2025 को की गई। छाता थाना प्रभारी कमलेश सिंह ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त अपनी सुरक्षा के लिए असलाह और कारतूस अपने पास रखते थे। वे विभिन्न स्थानों से मोटरसाइकिलें चोरी कर मेवात, हरियाणा में बेच देते थे। चोरी की मोटरसाइकिलों से मिले पैसे को वे आपस में बांट लेते थे। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान मोहन श्याम उर्फ छोटे, जगदीश उर्फ कारे और पप्पन के रूप में हुई है। उन्हें आज न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## शौर्य दिवस पर पुलिस ने किये सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**मथुरा।** 6 दिसंबर को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। धार्मिक महत्व और ऐतिहासिक संवेदनशीलता के कारण जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर हैं। शहर के सभी प्रमुख और संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर, ईदगाह क्षेत्र, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और भीड़भाड़ वाले बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी है। ड्रोन कैमरों से लगातार निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही, फुट पेट्रोलिंग और सीसीटीवी मॉनिटरिंग के माध्यम से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी स्वयं फील्ड में उतरकर सुरक्षा प्रबंधों का जायजा ले रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस द्वारा शहर में फ्लैग मार्च भी निकाला गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह की अफवाह या शांति भंग करने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है और भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। एसपी सिटी राजीव कुमार ने बताया कि पूरे क्षेत्र को सेक्टर और जोन में बांटा गया है। प्रत्येक जोन में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी गलत गतिविधि को होने नहीं दिया जाएगा और पुलिस टीमें लगातार भ्रमणशील रहेंगी। शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल मौजूद है।

## कथा वाचिका का हुआ अभिनंदन

वृंदावन। प्रसिद्ध कथा वाचिका मोहिनी कृष्ण दासी ने सीता जी के जन्म स्थान जनकपुर के जुगल जोड़ी बिहार कुंठ मंदिर परिसर में राम-सीता विवाहोत्सव के उपलक्ष्य में श्रीराम कथा का अत्यंत भावपूर्ण वाचन किया। हजारों भक्तों ने शामिल होकर राम-सीता लीला का दिव्य रस ग्रहण किया। कथा वाचन कर वृंदावन लौटने पर मोहिनी कृष्ण दासी का गीता शोध संस्थान वृंदावन के सभागार में अभिनंदन किया गया। जनकपुर स्थित जुगल जोड़ी बिहार कुंठ में आयोजित यह वार्षिक महोत्सव जनकराज की पुत्री सीता जी के पाणिग्रहण संस्कार की स्मृति में संपन्न हुआ। पूरे आयोजन में वृंदावन के गोप-गोपी सेवा संस्थान के अध्यक्ष शिवम जी लगातार उनके साथ रहे।

# संस्कृति विवि में एनसीसी कैडेट ने दिखाया जोश और जुनून

## कैडेट ने एनसीसी का झंडा फहराया



जिला संवाददाता (vol)

- एनसीसी के जवानों ने पूरे जोश के साथ, कई मौकों पर देश का नाम रोशन किया है

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में 78वां एनसीसी डे बड़े गर्व और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट ने एनसीसी का झंडा फहराया और मार्च पास्ट करते हुए गार्ड आफ आनर दिया। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी के प्रभारी और अन्य अधिकारियों के अलावा संस्कृति विवि की एनसीसी यूनिट ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्कृति विवि के कुलपति प्रो. डॉ. एम. बी. चेट्टी का एनसीसी के जवानों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कैडेट्स ने अनुशासन, सहयोग और मार्चपास्ट की महारत दिखाते हुए शानदार गार्ड ऑफ ऑनर दिया। गार्ड ऑफ ऑनर के बाद सम्मान, ड्यूटी और एकता के प्रतीक झंडा फहराया गया। कुलपति प्रो. चेट्टी ने कैडेट्स के परिश्रम की तारीफ करते हुए उन्हें समर्पण के साथ सेवा करते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आपकी लगन और समर्पण की मैं प्रशंसा करता हूं। मेहनत हम सभी को समृद्ध बनाती है और हमारी नींव को मजबूत बनाती है। एनसीसी कैडेट्स को अपनी मेहनत के फल के लिए कहीं और नहीं जाना पड़ेगा। एनसीसी के जवानों ने पूरे जोश के साथ, कई मौकों पर देश का नाम रोशन किया है।

इस मौके पर सांस्कृति गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। देशभक्ति और एनसीसी के मूल्यों जुड़ी हुई गतिविधियां देशभक्ति से ओतप्रोत थीं। कैडेट्स के बीच एक फ्रेंडली लेकिन कॉम्पिटिटिव कबड्डी मैच भी ऑर्गनाइज किया गया, जिससे इस मौके पर स्पोर्ट्समैनशिप और टीमवर्क की भावना समाविष्ट थी। कार्यक्रम के दौरान, चुने हुए कैडेट्स को उनके अनुशासन, नेतृत्व की क्षमता और शानदार प्रदर्शन के आधार पर रैंक्स दिए गए। इस मौके पर अतिथि ?ों के अलावा स्टूडेंट वेलफेयर के डीन डा. डीएस तोमर, रजिस्ट्रार मिश्रा, एडमिनिस्ट्रेशन रामपाल आदि मौजूद रहे। सेरेमनी रिफ्रेशमेंट और एक ग्रुप फोटोग्राफ के साथ खत्म हुई।

# मथुरा में सिविल डिफेंस ने मनाया अपना 63 वां स्थापना दिवस

**मथुरा।** नागरिक सुरक्षा संगठन के 63 वें स्थापना दिवस के अवसर पर डीएम एवं नागरिक सुरक्षा संगठन के नियंत्रक चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा नागरिक सुरक्षा संगठन कार्यालय परिसर में विधिवत झंडारोहण किया गया। और वार्डन सेवा के वैतनिक अवैतनिक पदाधिकारियों को देश की एकता अखंडता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुएजिलाधिकारी एवं नियंत्रक चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि सिविल डिफेंस के कार्यकर्ता सदैव अग्रिम पंक्ति में रहकर महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं। उन्होंने विशेष रूप से कोविड-19 संक्रमण नियंत्रण बाढ़ प्रबंधन त्यौहार, यातायात व्यवस्था संचालन तथा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर में स्वयंसेवकों के द्वारा सराहनीय योगदान दिया जाता है।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि जनपद प्रदेश एवं देश में संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित सूचनाओं पर सतर्क दृष्टि रखते हुए किसी भी प्रकार की महत्त्वपूर्ण जानकारी को समय-समय पर जिला प्रशासन को अवगत कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्वयंसेवकों से अपेक्षा की है कि वह अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा अनुशासन एवं तत्परता के साथ करते रहें। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों स्वयंसेवकों एवं उपस्थित जनों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रभारी सिविल डिफेंस राजेश कुमार यादव ने वार्डन सेवा के पदाधिकारी को प्रशस्ति पत्र वितरित कर उनका उत्साह वर्धन किया। प्रभारी अपर जिलाधिकारी सिविल डिफेंस राजेश कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सिविल डिफेंस की भूमिका को स्थानीय स्तर पर नकारा नहीं जा सकता है। निष्काम सेवा से जुड़े हुए वार्डन पदाधिकारी हमेशा तन मन धन के साथ पुलिस प्रशासन का सहयोग करते हैं। कार्यक्रम में शासन स्तर से आए हुए संदेशों को डिप्टी डिवीजनल वार्डन राजेश कुमार मित्तल द्वारा पढ़कर सुनाया गया। कार्यक्रम का संचालन सीनियर स्टाफ ऑफिसर दीपक कुमार बैंकर के द्वारा किया गया। इस मौके पर राष्ट्रपति पदक से सम्मानित मुख्य वार्डन राजीव अग्रवाल बृजवासी ने कहा कि नागरिक सुरक्षा संगठन पुलिस प्रशासन और शासन की रीड की हड्डी के रूप में कार्य करता है। डिप्टी चीफ वार्डन कल्यान दास अग्रवाल बृजवासी ने कहा कि वह अपने स्तर से आवश्यकता के अनुसार किसी भी विपरीत परिस्थिति में प्रशासन का सहयोग तन मन धन से करने को तैयार रहेंगे।

# लूट में वांछित 2 अभियुक्त गिरफ्तार



**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा दिनाँक 03-12-2025 को हुई लूट की घटना में वांछित अभियुक्त प्रेम सिंह को पुलिस मुठभेड़ के दौरान व एक फरार अभियुक्त रतन कुमार को अन्य स्थान से गिरफ्तार किया गया। वादी द्वारा थाना टूण्डला पर तहरीर दी गयी कि दिनांक 03-12-2025 को वह टूण्डला स्टेशन जा रहा था, तभी टूण्डला चौराहे से स्टेशन रोड पर 02 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसका मोबाइल, एक अँगूठी एटीएम कार्ड एवं कुछ रुपये छीन लिए। तहरीर के आधार पर थाना टूण्डला पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि छितरई मोहम्मदाबाद रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति है जो अपने साथी का इंतजार कर रहा है तथा किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। उक्त सूचना पर थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा मोहम्मदाबाद छितरई रोड पर दबिश दी गई, इसी दौरान सामने से एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम को देखते ही पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया, पुलिस टीम द्वारा खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लग गयी । अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा 02 खोखा कारतूस 01 जिंदा कारतूस व लूट से सम्बन्धित 01 एटीएम कार्ड, 01 मोबाइल 01 अँगूठी पीली धातु एवं 15,700 रुपये बरामद किए गए, घायल अभियुक्त की पहचान प्रेम सिंह पुत्र लेखराज निवासी चन्दपा पुख्ता थाना सोरों जनपद कासगंज के रूप में हुई, जिसे अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं घटना में फरार दूसरे वांछित अभियुक्त रतन कुमार पुत्र रामचन्द्र निवासी चन्दपा पुख्ता थाना सोरों जिला कासगंज को मुखबिर की सूचना पर रेस्ट कैम्प रेलवे क्वार्टर में खाली पडे खण्डहर से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से लूटे गये 01 पीली धातू की अंगूठी व 9,100 रुपये तथा 01 अवैध तमन्चा 01 जिन्दा कारतूस बरामद हुए।

# अभिनेत्री रूपा गांगुली ने किये बांकेबिहारी के दर्शन, अनिरुद्धाचार्य से की मुलाकात

**मथुरा।** प्रसिद्ध अभिनेत्री रूपा गांगुली (टीवी एक्टर अनुपमा) ने शनिवार को मथुरा-वृंदावन का दौरा किया और उन्होंने सबसे पहले बांके बिहारी मंदिर पहुंचकर अपने परिवार के साथ भगवान के दर्शन किए। साथ ही अनिरुद्धाचार्य महाराज से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्हें बेहद खुश और उत्साहित देखा गया। साथ ही उन्होंने आध्यात्मिक और सेवा कार्यों में भाग लिया। बांके बिहारी मंदिर के दर्शन के बाद मंदिर के गोस्वामियों द्वारा रूपा गांगुली और उनके परिवार को सम्मानपूर्वक दुपट्टा और प्रसादी भेंट किया गया। उन्होंने इस दौरान भगवान के प्रति अपनी गहरी आस्था व्यक्त की। बांके बिहारी के दर्शन के बाद, रूपा गांगुली गौरी गोपाल आश्रम पहुंचीं। यहां उन्होंने आश्रम के संस्थापक अनिरुद्धाचार्य महाराज से मुलाकात की और आश्रम में किए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी ली। साथ ही महाराज ने उन्हें पुस्तक समेत अन्य चीजें भेंट स्वरूप दीं। रूपा गांगुली ने आश्रम में निवास कर रही बृद्ध माताओं से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की। उन्होंने माताओं के साथ समय बिताया और स्वयं उनके बीच भोजन का वितरण भी किया। इस दौरान माताओं के साथ संवाद करते हुए रूपा गांगुली काफी भावुक नजर आईं। वहीं आश्रम की वृद्ध माताओं ने अनिरुद्धाचार्य महाराज और रूपा गांगुली को गले लगाकर दुलार भी किया। इसके बाद दोनों ने सभी वृद्ध महिलाओं से मुलाकात भी की, जहां उन्हें आशीर्वाद भी मिला। माताओं से मुलाकात और आश्रम के माहौल को देखकर रूपा गांगुली ने गौरी गोपाल आश्रम द्वारा चलाई जा रही सेवा और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानों पर आकर हृदय को शांति और प्रेरणा मिलती है। गौरतलब है कि ह्लअनुपमाह्ल फेम रूपाली गांगुली ने मई 2024 में भारतीय जनता पार्टी में शामिल होकर अपना राजनीतिक करियर शुरू किया है। शनिवार को जब वह यहां पहुंची तो पहले प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने पूरी श्रद्धा के साथ बिहारी जी के चरण पादुका की सेवा की। मंदिर के सेवायत मोहित गोस्वामी ने अभिनेत्री का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया, उन्हें सम्मान स्वरूप दुपट्टा और माल प्रसाद भेंट किया गया।

# एसआईआर केंद्रों का आयुक्त ने किया निरीक्षण

**मथुरा।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत आज आयोजित मेगा कैंप/खुली बैठक के दृष्टिगत नगर आयुक्त द्वारा नगर क्षेत्र में स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों (पोलिंग बूथों) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची से संबंधित कार्यों की प्रगति, फॉर्म निस्तारण की स्थिति एवं व्यवस्थाओं का वास्तविक स्थलीय मूल्यांकन करना था। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अंतर्गत नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा आज शनिवार को नगर क्षेत्र के तीन अलग-अलग मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम, नगर आयुक्त द्वारा पी.एम.वी. पॉलिटेक्निक महाविद्यालय स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय ने संबंधित बीएलओ से अब तक प्राप्त आवेदन पत्रों की जानकारी ली। जिसमें नए मतदाताओं के पंजीकरण, नाम संशोधन एवं स्थानांतरण (शिफ्टेड) मतदाताओं से संबंधित फॉर्मों की संख्या पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर वार्ड संख्या 45 के पार्षद प्रतिनिधि मुनेश दीक्षित, अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह, संबंधित बीएलओ, सुपरवाइजर, नगर निगम की टीम एवं नगर निगम द्वारा नामित अधिकारी उपस्थित रहे। इसके पश्चात, नगर आयुक्त महोदय द्वारा वार्ड संख्या 36 में स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बीएलओ से यह जानकारी ली गई कि अब तक कितने आवेदन पत्र स्वीकार, कितने निरस्त (रिजेक्ट) तथा कितने स्थानांतरण किए गए हैं। मतदाता सूची से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान वार्ड संख्या 36 के पार्षद राकेश भाटिया, संबंधित बीएलओ, सुपरवाइजर, नगर निगम की टीम एवं नामित अधिकारी उपस्थित रहे। तत्पश्चात, नगर आयुक्त द्वारा वार्ड संख्या 55 स्थित जैन चैरासी इंटर कॉलेज मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त ने बीएलओ से आवेदन पत्रों की संख्या, अब तक की प्रगति एवं लंबित मामलों की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर पार्षद विवेक पाराशर, नगर निगम द्वारा नामित अधिकारी, सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी, सुपरवाइजर व नगर निगम की टीम उपस्थित रही।

## राजश्री चौधरी ने भुतेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की

**मथुरा।** 6 दिसंबर शौर्य दिवस पर मथुरा अखिल भारत हिंदू महासभा ने पुलिस प्रशासन की व्यवस्था को चकमा देते हुए ब्रह्म मुहूर्त में श्री भूतेश्वर महादेव मथुरा में रुद्राभिषेक किया अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ता सुबह पहुंचे मंदिर परिसर श्री भूतेश्वर बाबा मथुरा शहर के कोतवाल 4 दिसंबर को मीडिया के सामने घोषणा के अनुसार । एबीएचएम ने अपना वादा पूरा किया सूचना अनुसार भूतेश्वर बाबा को स्वर्ण बेलपत्र अर्पित करते हुए महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री राजश्री चैधरी ने तीन कामनाएं भूतेश्वर कोतवाल बाबा से मांगी पहली कामना किसी भी स्मारक, स्थल या सड़क का नाम भारत पर आक्रमण करने वाले किसी भी सनातन विरोधी के नाम पर न रखा जाए राम भक्त कार सेवकों के हत्यारे स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव से पदम श्री वापस हो जिससे पुरस्कार और हिंदू धर्म दोनों की प्रतिष्ठा बरकरार रहे।

## 1 करोड़ की रिश्वत देने वाले कारोबारी को जमानत

**आगरा।** कथित नकली दवाइयों की बरामदगी के चर्चित मामले में पहले जमानत पा चुके 'हे मा मेडिको' के संचालक हिमांशु अग्रवाल को अब हाई कोर्ट ने रिश्वत मामले में भी जमानत दे दी है। कोर्ट ने आदेश जारी करते हुए उनकी रिहाई के निर्देश दिए। थाना मदन मोहन गेट में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, औषधि निरीक्षक नवनीत चौधरी (आगरा) की अगुवाई में आगरा, मैनपुरी, मेरठ और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने हे मा मेडिको के मोती कटरा स्थित गोदाम पर छापेमारी की थी। छापे में 15 बोरे दवाइयां, एक लैपटॉप और मोबाइल फोन बरामद हुए थे। टीम ने आरोप लगाया था कि हिमांशु अग्रवाल ने खुद को बचाने के लिए एक करोड़ रुपए की रिश्वत की पेशकश की थी। इसी आधार पर उनके खिलाफ 24 अगस्त 2025 को भ्रष्टाचार अधिनियम की धारा 8 में अलग मुकदमा दर्ज किया गया था। एफआईआर के मुताबिक, कथित नकली दवाइयों की सप्लाई पश्चिम बंगाल और बिहार तक की जा रही थी। मुख्य केस में हिमांशु अग्रवाल के अलावा राजा उर्फ ए.के. राना (मीनाक्षी फार्मा), विक्की कुमार (न्यू बाबा फार्मा, लखनऊ) और सुभाष कुमार (पार्वती ट्रेडर्स, लखनऊ) के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(2), 318(4), 61(2) और 111 के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। हिमांशु अग्रवाल को इस मुख्य मुकदमे में पहले ही जमानत मिल चुकी थी। हाई कोर्ट ने अब भ्रष्टाचार अधिनियम वाले मुकदमे में भी हिमांशु अग्रवाल की जमानत मंजूर कर रिहाई के आदेश दे दिए। उनकी पैरवी अधिवक्ता प्रकाश नारायण शर्मा एवं जयनारायण शर्मा ने की।

## सिलेंडर लीकेज से भीषण आग, पड़ोसी की बेटी की शादी का सामान भी जल गया

**आगरा।** मोहल्ले के लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग इतनी तेजी से फैली कि सबकुछ जलकर खाक हो गया। पीड़ित परिवार ने करीब 20 लाख रुपए के नुकसान का दावा किया है। थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के श्याम नगर में रविवार सुबह घरेलू गैस सिलेंडर के लीकेज होने से आग लग गई। क्षेत्र में सिलेंडर फटने की अफवाह से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने घर और दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। मोहल्ले के लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग इतनी तेजी से फैली कि सबकुछ जलकर खाक हो गया। पीड़ित परिवार ने करीब 20 लाख रुपए के नुकसान का दावा किया है। आग में पड़ोसी की बेटी की शादी का रखा सामान भी जल गया। श्याम नगर निवासी सोनू यादव के घर में ही बंशी प्रोविजन के नाम से परचून की दुकान है। उन्होंने बताया कि सुबह करीब 11 बजे वह दुकान पर बैठे थे। तभी छोटे भाई की पत्नी चीखते हुए बाहर आई और सिलेंडर में आग लगने की जानकारी दी। परिवार के लोग तुरंत अंदर दौड़े और आग बुझाने का प्रयास किया, मगर गैस लीक होने से लपटें तेजी से फैल गईं। मोहल्ले के लोगों ने भी बाल्टी और रेत डालकर आग रोकने की कोशिश की और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। करीब एक घंटे बाद दमकल वाहन वहां पहुंचा, लेकिन तब तक घर-दुकान में रखा सारा सामान जल चुका था। उन्होंने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। परिवार का कहना है कि आग की वजह से करीब 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। पीड़ित सोनू यादव ने बताया कि मोहल्ले में एक शादी है और पड़ोसी ने अपनी बेटी की शादी का सामान उनके घर के कमरे में रखा था। आग में वह सामान भी जलकर नष्ट हो गया। गनीमत रही कि कोई भी जनहानि नहीं हुई है। अग्निशामक सेकंड प्रभारी आरएल यादव ने बताया कि घर में ही परचून की दुकान थी। सिलेंडर लीकेज होने की वजह से आग लगी है। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। कोई जनहानि नहीं हुई है।

# पालिका प्रशासन ने सुभाष चौराहा से हटवाया अतिक्रमण, दुकानदारों को दी कड़ी चेतावनी



**टूंडला।** उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में नगर पालिका प्रशासन ने सुभाष चौराहा क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान फुटपाथ पर कब्जा जमाए दुकानदारों का सामान हटाया गया और उन्हें सख्त चेतावनी दी गई कि दोबारा अवैध अतिक्रमण किया गया तो जुमार्ना और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान में नगर पालिका कर्मियों के साथ पुलिस बल भी मौजूद रहा। टीम ने सुभाष चौराहा बस स्टैंड और आगरा फिरोजाबाद रोड, स्टेशन रोड किनारे पर लगाए गए ठेलों, डिस्प्ले बोर्डों और अवैध रूप से बढ़ाए गए दुकानों के हिस्सों को हटवाया। कई दुकानदारों ने स्वेच्छा से अपना सामान हटाया, वहीं कुछ को समझाकर हटवाया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी अंकित वर्मा ने बताया कि पैदल चलने वालों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए यह अभियान आवश्यक है। उन्होंने ने कहा कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद कुछ दुकानदार फुटपाथ पर कब्जा कर लेते हैं, जिससे आम नागरिकों को परेशानी होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आने वाले दिनों में अभियान और सख्ती से चलाया जाएगा तथा अतिक्रमण दोबारा पाए जाने पर जुमार्ना लगाया जाएगा। उन्होंने दुकानदारों से सहयोग की अपील की ताकि शहर को स्वच्छ और यातायात को सुव्यवस्थित रखा जा सके। अधिशाषी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि फुटपाथ आम जनता के लिए हैं। बारझबार चेतावनी देने के बावजूद अतिक्रमण बढ़ रहा था। अब किसी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

अधिशासी अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि दोबारा किसी दुकानदार को फुटपाथ पर कब्जा करते पाया गया तो जुमार्ना लगाया जाएगा। अभियान के दौरान एसडीएम अंकित वर्मा नगरपालिका ईओ आशुतोष त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी टूंडला पालिका कर्मचारियों के साथ थाना पुलिस टीम मौजूद रही।

# बांके बिहारी मंदिर में हिंसक झड़प मामले में दो सिपाहियों व चार अज्ञात लोगों पर केस दर्ज

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** मथुरा-वृंदावन के श्री बांके बिहारी मंदिर में चार नवंबर को हुई हिंसक घटना के सिलसिले में अदालत के आदेश के बाद महिला थाने में दो पुलिसकर्मियों और चार अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक आरोपियों में पुलिस आरक्षी जगवेंद्र और अजीत के अलावा चार अन्य व्यक्ति शामिल हैं, जिनकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, शिकायतकर्ता छह अन्य लोगों के साथ मंदिर गई थी, जब आरोपियों ने कथित तौर पर शराब के नशे में उस पर अश्लील टिप्पणियां कीं और उसे परेशान किया। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि जगवेंद्र और अजीत ने उसे घसीटकर ले जाने का प्रयास किया तथा जब उसने और उसके भाइयों ने विरोध किया तो उन्होंने उसके कपड़े फाड़ दिए और उसका अपमान किया। प्राथमिकी में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने लोहे की रॉड से हमला किया, जिससे उसके भाई को चोटें आईं और उन्होंने बीच-बचाव करने वालों को भी धमकाया।

उसने दावा किया कि उसके साथी श्रद्धालुओं से 60 हजार रुपये समेत कीमती सामान छीन लिया गया और उसके भाइयों के खिलाफ झूठा मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। कानूनी कार्वाई करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि वृंदावन पुलिस और महिला थाने में पहले की गई शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। घटना के बाद उसके भाइयों का सैन्य अस्पताल में इलाज कराया गया।

## 73 शिकायतों में 10 का मौके पर निस्तारण



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित एवं मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की उपस्थिति में जनता की समस्याओं को शीघ्रता से निपटाने और प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर में आयोजित किया गया, इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी का उद्देश्य है कि जनता को अपनी समस्याओं के लिए बार-बार भटकना न पड़े, समाधान दिवस यह सुनिश्चित करता है कि अधिकारी जनता तक पहुंचे और उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ हल करें, जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि लंबित मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर अवश्य किया जाए, इस अवसर पर भूमि विवाद, पेंशन स्वीकृति, विद्युत विकास इत्यादि से संबंधित मामले आए, राजस्व संबंधी मामलों के निपटाने के लिए जिलाधिकारी ने पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी के समक्ष आम जीवन से जुड़ी कुछ समस्याएं भी आई हिमायूंपुर निवासी राधा पत्नी संतोष कुमार ने शिकायत की की राशन कार्ड में एक यूनिट का नाम दर्ज करना है और नया राशन कार्ड बनवाने की जिलाधिकारी से अपील की, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को उनके मामले का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए, इसी तरह दतौंजी कला निवासी डुमय्या पत्नी स्वर्गीय बालमुकुंद ने शिकायत की की चकमार्ग को खाली करने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर जिलाधिकारी ने पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर इसे तुरंत निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस प्रकार जिलाधिकारी के समक्ष 73 शिकायतें आई और 10 का मौके पर निस्तारण किया गया, इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सत्येंद्र सिंह तहसीलदार तथा सभी जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र की तेरहवीं में 10 हजार लोग हुए शामिल

**मथुरा।** सिनेमा जगत में ही-मैन के नाम से मशहूर दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र के निधन के बाद शनिवार को मथुरा जिले के एक गांव में उनकी तेरहवीं का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 10 हजार लोग शामिल हुए। इस मौके पर हवन, शांतिपाठ आदि का आयोजन कर अपने प्रिय हीरो को श्रद्धांजलि दी गई और उनकी बहुचर्चित फिल्म शोले का एलईडी स्कीन पर प्रदर्शन किया गया। ब्रह्मभोज के आयोजकों में से एक, बचपन से धर्मेंद्र के प्रशंसक रहे बलदेव क्षेत्र के गांव सेलखेड़ा निवासी गोपाल सिंह पहलवान तथा लाखन सिंह ने बताया कि वे सभी उनके बड़े चहेते थे। उनके निधन से पूरे गांव को ही बहुत दुख हुआ है। वे सभी उन्हें भी एक प्रकार से अपने परिवार का ही सदस्य मानते थे। इसीलिए उन्होंने उनके प्रति अपना आदर व श्रद्धा जाहिर करने के लिए निधन के तेरहवें दिन तेरहवीं की रस्म निभाने की ठानी। उन्होंने बताया कि इसीलिए गांव में पूरे विधि-विधान से हवन एवं शांतिपाठ का आयोजन किया गया और उसके बाद ब्रह्मभोज किया गया। जिसमें उनके गांव के ही नहीं, आसपास के एक दर्जन गांवों के लोगों को भी बुलाया गया था। इसीलिए भोज व अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने वालों की संख्या दस हजार से भी ज्यादा ऊपर पहुंच गई।

गौरतलब है कि धरम पा जी के नाम से जाने जाने वाले अभिनेता का विगत 24 नवंबर को निधन हो गया था। वे कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उनकी पत्नी हेमामालिनी मथुरा से ही सांसद हैं, जो 2024 में तीसरी बार लोकसभा के लिए चुनी गई हैं। धर्मेंद्र खुद भी उनके लिए प्रचार में मथुरा गए थे।

# उद्योगपतियों को ताकतवर बनाओगे तो इंडिगो जैसी घटनाएं होंगी

- सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सांसद डिंपल यादव जया बच्चन के साथ सलीम चिश्ती की दरगाह पहुंच कर की चादरपोशी



**आगरा।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने इंडिगो परिचालन संकट पर कहा कि उद्योगपतियों को ताकतवर करोगे, तो इसी तरह की परेशानी का सामना करना पड़ेगा। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सपा सांसद डिंपल यादव जया बच्चन के साथ हजरत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह में चादरपोशी की। सपा मुखिया शनिवार दोपहर लगभग 1:30 बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सीकरी में हजरत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह पहुंचे। जहां दरगाह में उन्होंने चादरपोशी कर मुल्क के अमन चैन के लिए दुआ की। हजरत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह पर चादरपोशी के बाद अखिलेश यादव ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा की इंडिगो जैसी घटनाओं से सरकार को सबक लेना चाहिए, अगर उद्योगपतियों को ताकतवर बनाओगे तो ऐसी घटनाएं होंगी। अगर जानबूझकर कोई ऐसा कर रहा है तो हमको आपको सजग रहना होगा, सरकार ताकतवर होनी चाहिए उद्योगपति नहीं। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को याद करते हुए कहा कि बाबा साहेब का संविधान किस्मत की किताब है, हमें समय-समय पर यह सम्मान देती है, हमें आरक्षण दिलाता है, हमारी बहन बेटियों को और हमें हक दिलाता है। वहीं एसआईआर पर कहा कि यह सरकार वोट बढ़ाने के स्थान पर वोट कटवा रही है। हर नागरिक को जागरुक होकर हमको आपको एसआईआर में अपना वोट बनवाना है। आगरा के बारे में कहा कि इस बार समीकरण बदलेंगे। हमने भाजपा से समीकरण बनाना सीख लिया है। इस बार भरोसा कम और काम ज्यादा होगा। हम भी सर्वे करा कर उन साथियों को मौका देंगे जो जनता के बीच ज्यादा काम कर रहा हों। उन्होंने कहा कि आगरा की पहचान दुनिया में है। पेठे की वजह से, ताजमहल की वजह से. दरगाह की वजह से और यहां के लोगों की वजह से, जो बेहद हुनरमंद हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भरोसा दिलाता हूं कि इस बार आगरा समाजवादियों के पक्ष में एतिहासिक परिणाम देने जा रहा है। क्योंकि आगरा के लोगों ने ये जान लिया है कि जो मेट्रो चल रही है, वो समाजवादियों की देन है। आज भी दिल्ली, लखनऊ डबल इंजन वाले आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे से अच्छी सड़क नहीं बना पाए हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा कहती है कि बिहार से गंगा बंगाल को जाएगी, मगर अब गंगा उल्टी रहेगी। यमुना के हाल पर कहा कि यह सरकार कहती है कि हमने आचमन लायक बना दी है जबकि आप बताइए केसी घाट पर कोई आचमन कर सकता है। कहा कि लखनऊ की तर्ज पर रिवर फ्रंट आगरा में भी बनाएंगे।

# संविधान निर्माता बाबा साहब को राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कई अन्य नेताओं ने बी. आर. आंबेडकर की 69वीं पुण्यतिथि पर संसद भवन परिसर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी मुर्मू, राधाकृष्णन और मोदी के साथ संसद परिसर में स्थित प्रेरणा स्थल पर भारतीय संविधान के शिल्पकार आंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की।

राधाकृष्णन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, "मैं महापरिनिर्वाण दिवस पर हमारे संविधान के मुख्य शिल्पकार और सामाजिक न्याय के प्रखर समर्थक भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को विनम्र श्रद्धांजलि देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा



कि आंबेडकर का दूरदर्शी नेतृत्व और न्याय, समानता तथा संवैधानिक मूल्यों के प्रति उनका अटूट समर्पण देश का मार्गदर्शन करता रहेगा।

# और मजबूत हुए भारत-रूस के रिश्ते

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत-रूस साझेदारी पिछले 70-80 वर्षों में सबसे स्थिर और अहम संबंधों में से एक रही है और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नयी दिल्ली यात्रा का उद्देश्य आर्थिक सहयोग पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए इन संबंधों को फिर से परिभाषित करना था।

जयशंकर ने इस विचार से असहमति जताई कि पुतिन की यात्रा भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जारी वार्ताओं को जटिल बना सकती है। जयशंकर ने एक समिट में कहा नहीं, मैं आपसे असहमत हूं। मुझे लगता है कि हर कोई जानता है कि भारत के दुनिया के सभी प्रमुख देशों के साथ बेहतर संबंध हैं। जयशंकर से पूछा गया था कि क्या पुतिन की नयी दिल्ली की दो दिवसीय यात्रा का प्रस्तावित व्यापार समझौते के लिए अमेरिका के साथ वार्ता पर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि किसी भी देश की ऐसी अपेक्षा उचित नहीं है कि उसे यह कहने या दखल देने का हक है कि हमारे दूसरे देशों के साथ



रिश्ते कैसे हों। उन्होंने कहा क्योंकि याद रखिए, दूसरे देश भी वही अपेक्षा कर सकते हैं। मेरा मानना है कि हमने हमेशा स्पष्ट किया है कि हमारे अनेक देशों के साथ संबंध हैं। हमारे पास अपनी पसंद की आजादी है। जयशंकर ने कहा, हम जिसे रणनीतिक स्वायत्तता कहते हैं, उसके बारे में लगातार बात करते रहे हैं और वह जारी भी है। मुझे समझ नहीं आता कि किसी के पास इसके विपरीत अपेक्षा करने का कोई कारण क्यों होना चाहिए। विदेश मंत्री ने स्वीकार किया कि ट्रंप प्रशासन का ध्यान व्यापार पर रहा है और कहा कि इस दिशा में भारत का दृष्टिकोण पूरी तरह से राष्ट्रीय हितों से प्रेरित है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इस समय व्यापार सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। यह स्पष्ट रूप से वाशिंगटन की सोच का केन्द्र बिन्दु है, यह पहले की सरकारों की तुलना में कहीं अधिक महत्वपूर्ण है, जिसे हमने पहचाना है और हम इसका सामना करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा लेकिन हम उचित शर्तों पर इसका सामना करने के लिए तैयार हैं। मेरा मतलब है, आपमें से जो लोग सोचते हैं कि कूटनीति का मतलब किसी और को खुश करना है, तो माफ कीजिए, मेरी कूटनीति की यह धारणा नहीं है। मेरे लिए, कूटनीति का मतलब हमारे राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना है। अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत का भारी-भरकम शुल्क (टैरिफ) लगा दिया है, जिसमें नयी दिल्ली द्वारा रूसी कच्चे तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत शुल्क भी शामिल है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष वर्तमान में प्रस्तावित व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि हमारे अपने-अपने व्यापारिक हितों के लिए एक समाधान बिंदु हो सकता है जिसपर दोनों पक्ष समहमत हों।

## संक्षेप

### भारत-अमेरिका करेंगे व्यापार वार्ता

नयी दिल्ली। भारत और अमेरिका अपने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर 10 दिसंबर से तीन दिवसीय वार्ता शुरू करेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह यात्रा महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत और अमेरिका इस समय समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहे हैं। सूत्रों ने कहा, तीन दिवसीय यह वार्ता 10 दिसंबर से शुरू होकर 12 दिसंबर को समाप्त होगी, और यह औपचारिक दौर की वार्ता नहीं है। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उप संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) रिक स्विट्जर करेंगे। अगस्त में भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाए जाने के अमेरिकी कदम के बाद व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए अमेरिकी दल दूसरी बार भारत आ रहा है। इसके पहले 16 सितंबर को एक अमेरिकी दल भारत के दौरे पर आया था।

### फिक्की ने तस्करी के विरोधी में निकाली रैली

नयी दिल्ली। उद्योग निकाय फिक्की ने शनिवार को यहां तस्करी के विरोध में ऑटो रैली का आयोजना किया। इस मौके पर मौजूद नेताओं ने कहा कि लोग अनजाने में ही तस्करी का सामान खरीदकर भारत-विरोधी ताकतों को मजबूत करते हैं। फिक्की के संगठन अर्थव्यवस्था को नष्ट करने वाली तस्करी और जालसाजी गतिविधियों के खिलाफ समिति (कैस्केड) के इस अभियान में फिक्की हाउस से 300 से ज्यादा ऑटो रिक्शा रवाना हुए। इसका मकसद उपभोक्ताओं और वैध कारोबार पर तस्करी तथा नकली सामान के असर के प्रति जागरूकता फैलाना है। बयान के मुताबिक सांसद मनोज तिवारी ने रैली को झंडी दिखाते हुए कहा कि तस्करी एक खामोश खतरा है, जो अपराधी नेटवर्क और आतंकवाद को मदद पहुंचाता है। जब लोग तस्करी का सामान खरीदते हैं, तो अनजाने में भारत की सुरक्षा और स्थिरता के खिलाफ काम करने वाली ताकतों को मजबूत करते हैं।

### मुर्शिदाबाद में बाबरी जैसी मस्जिद की रखी नींव

बहरमपुर। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के रेजीनगर में अयोध्या की बाबरी मस्जिद के मॉडल पर आधारित एक मस्जिद की नींव रखी। पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। राज्य पुलिस, त्वरित कार्वाई बल (आरएएफ) और केंद्रीय बलों की भारी तैनाती के बीच, कबीर ने मौलवियों के साथ, रेजिनगर में एक विशाल मंच पर औपचारिक फीता काटा, जबकि वास्तविक मस्जिद निर्माण स्थल आयोजन स्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर था। इस दौरान नारा-ए-तकबीर, अल्लाहु अकबर के नारे लगे और हजारों लोग सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर उमड़ पड़े। वहां मौजूद लोगों में से कई प्रतीकात्मक रूप से अपने सिर पर ईंट लिए हुए थे। यह कार्यक्रम छह दिसंबर को निर्धारित किया गया था, जिस दिन 1992 में उत्तर प्रदेश के अयोध्या में बाबरी मस्जिद ढहा दी गई थी।

# सीतारमण ने उमर अब्दुल्ला के कार्यों को सराहा

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र को बड़ा झटका लगने के बाद भी केन्द्र शासित प्रदेश की अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा करने का काम चल रहा है। वित्त मंत्री ने 2019 से अब तक देश की आर्थिक यात्रा के बारे में कहा कि इस दौरान एक के बाद एक वैश्विक और घरेलू चुनौतियां आईं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में चल रहे खास प्रयासों का जिक्र भी किया। पाकिस्तान का नाम



लिए बिना उन्होंने कहा कि हमें अपनी सीमाओं पर हमेशा परेशानी का सामना करना पड़ा। सीतारमण ने हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट में कहा, इस बार आपने देखा कि जब जम्मू-कश्मीर संभल रहा था, केन्द्र शासन में अर्थव्यवस्था रफ्तार पकड़ रही थी, तब क्या हुआ। उन्होंने कहा कि केन्द्र ने जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को तेजी से वृद्धि दर्ज करने के लिए तैयार किया। उन्होंने आगे बताया जम्मू-कश्मीर बैंक का पुनरुद्धार ऐसा काम है जिस पर देश को गर्व हो सकता है। जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था फिर से खड़ी हो रही थी, लेकिन बाहरी कारणों से उसे बड़ा झटका लगा और महत्वपूर्ण पर्यटन उद्योग ठप हो गया। सीतारमण ने कहा, मुझे जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री की सराहना करनी होगी, जिन्होंने मुझसे दो बार मुलाकात की और पर्यटन क्षेत्र के ठप पड़ने के बाद अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा करने पर बात की।

# जनधन खातों में जमा हैं 2.75 लाख करोड़

हैदराबाद। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू ने शनिवार को कहा कि देश भर के जनधन खातों में वर्तमान में लगभग 2.75 लाख करोड़ रुपये जमा हैं, यानी प्रति खाता औसतन 4,815 रुपये। नागराजू ने एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया (एएससीआई) में भारत की वित्तीय समावेशन यात्रा पर 69वें स्थापना दिवस पर कहा कि चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से कुल 3.67 लाख करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत की वित्तीय समावेशन की यात्रा एक चमत्कार से कम नहीं रही है। उन्होंने यह भी बताया कि 2014 में प्रधानमंत्री जन धन योजना की शुरुआत एक ऐतिहासिक क्षण थी।

# जुबिन गर्ग मौत मामले की जांच पूरी

एजेंसी

गुवाहाटी। गायक जुबिन गर्ग की मौत की जांच लगभग पूरी हो गई है और 12 दिसंबर को आरोप पत्र दाखिल किया जाएगा। असम पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। जुबिन गर्ग की 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी।

> 12 दिसंबर को दाखिल किया जायेगा आरोप पत्र

अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के विशेष पुलिस महानिदेशक मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, जांच लगभग पूरी हो चुकी है। आरोप पत्र में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। जुबिन मौत मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) का नेतृत्व कर रहे गुप्ता ने कहा कि अब तक सात गिरफ्तारियां की गई हैं और 300 से अधिक गवाहों से पूछताछ की गई है। उन्होंने कहा कि आरोप पत्र सीआईडी द्वारा संख्या से दर्ज प्राथमिकी में दायर किया जाएगा। सीआईडी ने गर्ग की मौत के बाद राज्य भर में लगभग 60 प्राथमिकी दर्ज होने के बाद यह मामला पंजीकृत किया था। गुप्ता ने बताया कि संपत्ति संबंधी और अन्य गतिविधियों से संबंधित दूसरे मामले (सीआईडी केस संख्या 19।2025) की जांच जारी है। उन्होंने विस्तृत ब्योरा देने से इनकार करते हुए कहा कि आरोप पत्र दाखिल होने के बाद ही अधिक जानकारी प्रदान की जा सकेगी। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने 26 नवंबर को विधानसभा में कहा था कि सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय जुबिन की मौत साफ-साफ हत्या का मामला है। जुबिन नार्थईस्ट इंडिया फेस्टिवल (एनईआईएफ)- 2025 में हिस्सा लेने के लिए सिंगापुर गए थे। इस मामले में एनईआईएफ के मुख्य आयोजक श्यामकानु महंत, गायक के प्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा, उनके बैंड के दो सदस्य शेखर ज्योति गोस्वामी और अमृत प्रभा महंत, उनके चचेरे भाई और असम पुलिस के डीएसपी संदीपन गर्ग और उनके दो पीएसओ नंदेश्वर बोरा और प्रबीन बैश्य को गिरफ्तार किया गया है। सिंगापुर पुलिस बल (एसपीएफ) भी जुबिन के समुद्र में कथित रूप से डूबने की घटना की स्वतंत्र जांच कर रहा है।

# पीसी ज्वैलर यूपी में 1,000 स्वर्णकारों को बनायेगा उद्यमी

एजेंसी

नयी दिल्ली। पीसी ज्वेलर लिमिटेड उत्तर प्रदेश के 1,000 प्रमाणित स्वर्णकारों को उद्यमी बनने में मदद करेगी। इसके लिए कंपनी उन्हें ब्रांडिंग, डिजाइन और विपणन जैसी सुविधाओं का सहयोग प्रदान करेगी। दिल्ली स्थित पीसी ज्वेलर लिमिटेड ने एक बयान में बताया कि उसने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा-प्रमाणित स्वर्णकारों (सुनार) को आभूषण उद्यमियों और संगठित खुदरा कारोबारियों में बदलने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के साथ साझेदारी की है। पीसी ज्वैलर पहले चरण में उत्तर प्रदेश के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के प्रधानमंत्री विश्वकर्मा-प्रमाणित 1000 सुनारों को सहयोग और कौशल उन्नयन प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के ढांचे और उसके कार्यान्वयन साझेदारों के साथ मिलकर काम करेगी। पीसी ज्वेलर के प्रबंध निदेशक बलराम गर्ग ने कहा, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना ने पारंपरिक कारीगरों को पहचानने और आगे बढ़ाने का एक ऐतिहासिक मौका दिया है। हमें इस मिशन में साझेदार बनकर गर्व महसूस हो रहा है, ताकि स्वर्णकार अनौपचारिक, बिखरे हुए कामों से बेहतर डिजाइन, बेहतर तकनीक और बेहतर आय के साथ संगठित उद्यम की ओर बढ़ सकें।

# बिहार में औद्योगिक विकास को देंगे बढ़ावा : नीतीश

एजेंसी

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा कि राज्य ने औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए अगले पांच वर्षों में 50 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने का लक्ष्य रखा है।

मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और इस दौरान कहा कि बिहार में रक्षा गलियारा, सेमीकंडक्टर विनिर्माण पार्क, वैश्विक क्षमता केंद्र, मेगा टेक सिटी और फिनटेक सिटी की स्थापना के लिए कार्य योजना तैयार करने और निगरानी करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। कुमार ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया किसी भी राज्य की तीव्र आर्थिक प्रगति और रोजगार पैदा करने के लिए



बड़े पैमाने पर औद्योगीकरण आवश्यक है। बिहार सरकार ने इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

उन्होंने कहा बिहार को देश के शीर्ष पांच निवेश अनुकूल राज्यों में शामिल करने के लिए, हमने अगले पांच वर्षों में 50 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने की कार्य योजना पर काम शुरू कर दिया है। कुमार ने कहा कि राज्य में एक मजबूत नियम आधारित ढांचा और बेहतर कानून-व्यवस्था की स्थिति है और यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं कि युवाओं को अब रोजगार के लिए पलायन न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने के लिए भारत और विदेशों में प्रमुख वाणिज्यिक केंद्रों में निवेशक सम्मेलन आयोजित करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्य योजना में व्यापार करने में सुगमता को बढ़ावा देना, पांच मेगा फूड पार्क स्थापित करना, आधुनिक खाद्य प्रसंस्करण और रसद सुविधाएं बनाना, 10 औद्योगिक पार्क और 100 एमएसएमई पार्क विकसित करना और सात लाख लोगों को कौशल प्रशिक्षण देना शामिल है।

# ईपीसी क्षेत्र बना प्रमुख रोजगार इंजन 2.5 करोड़ रोजगार होंगे सृजित

एजेंसी

मुंबई। देश के इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) क्षेत्र में 2030 तक 2.5 करोड़ से अधिक नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया। एचआर समाधान प्रदाता सीआईईएल एचआर के ईपीसी क्षेत्र प्रतिभा अध्ययन, 2025 के अनुसार, ईपीसी क्षेत्र देश के अग्रणी रोजगार सृजनकर्ताओं में एक है और 2020 के बाद से भर्ती मांग में 51 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, इस समय संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों को मिलाकर 8.5 करोड़ से अधिक लोग ईपीसी क्षेत्र में काम कर रहे हैं। इनमें से लगभग 7080 लाख पेशेवर देश की शीर्ष ईपीसी कंपनियों में काम करते हैं। सीआईईएल एचआर के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आदित्य नारायण मिश्रा ने पीटीआई-भाषा से कहा, जैसे-जैसे देशभर में बुनियादी ढांचे का विकास हो रहा है, भर्ती में भी तेजी आती रहेगी। ईपीसी क्षेत्र से 2030 तक 2.5 करोड़ से अधिक नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। हर साल लाखों लोग रोजगार बाजार में आते हैं और यह क्षेत्र लगातार भारत की कार्यबल का एक बड़ा हिस्सा अपने भीतर समाहित करता रहेगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कृत्रिम मेधा (एआई) से ईपीसी क्षेत्र की नौकरियों को कोई खतरा नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र की रफ्तार को बढ़ाएगा।

## पेज एक का शेष

### सरकार ने

यात्री सेवा शुल्क (पीएसएफ) और हवाई टिकटों पर कर शामिल नहीं हैं। इंडिगो के उड़ान संचालन में कम से कम पिछले पांच दिनों से काफी बाधा आ रही है, जिससे बड़ी संख्या में उड़ान रद्द और विलंबित हो रही हैं। शनिवार को देश की सबसे बड़ी एयरलाइन ने 400 से अधिक उड़ानें रद्द कर दीं, जबकि शुक्रवार को रद्द उड़ानों की संख्या 1,000 से अधिक थी। मंत्रालय ने बयान में कहा कि वह वास्तविक समय डेटा और एयरलाइन तथा ऑनलाइन यात्रा मंचों के साथ सक्रिय समन्वय के माध्यम से किराया स्तर की बारीकी से निगरानी करना जारी रखेगा। बयान में कहा गया है कि निर्धारित नियमों से कोई भी अमान्य बदलाव होने पर जनहित हित में तुरंत सुधारात्मक कार्वाई की जाएगी। हवाई किराए की सीमा तय करने पर दो पेज के आदेश में मंत्रालय ने कहा कि ये किराया सीमाएं सभी प्रकार की बुकिंग पर लागू होंगी, भले ही खरीदारी सीधे एयरलाइन की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से की गई हो या विभिन्न ऑनलाइन यात्रा एजेंट मंच से की गई हो।

### समाज के

पवित्र न मानता हो, उसका वक्तव्य कभी भी भारतवासियों के हित में नहीं हो सकता। सीएम ने कहा कि तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले दल न केवल भारत का अहित कर रहे हैं, बल्कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का भी अपमान कर रहे हैं और देशवासियों को उनकी सुविधाओं से वंचित करने की कुत्सित चेष्टा भी कर रहे हैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का दिन सभी के लिए प्रेरणा दिवस है। बाबा साहेब ने जमीन से आसमान की ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए परिश्रम किया। वे चुनौतियों से जूझे, कठिनाइयों का सामना किया और सामाजिक भेदभाव के रुढ़िगत विषमताओं से जकड़े समाज से उबरकर कोटि-कोटि वंचितों, दलितों, अतिपिछड़ों को सम्मानजनक जीवन देने के लिए अवसर उपलब्ध कराया। महापरिनिर्वाण दिवस उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का समारोह है।

सीएम योगी ने कहा कि बाबा साहेब के शिक्षाओं से प्रेरित होकर पीएम मोदी के नेतृत्व मे देश के अंदर अभियान चल रहे हैं। बाबा साहेब ने जब भारत का संविधान बनाया तो संविधान शिल्पी के रूप में अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन किया। उसकी प्रस्तावना में तीन महत्वपूर्ण शब्द (न्याय, समता और बंधुता) रखे थे। मोदी जी ने सबका साथ, सबके विकास के भाव के साथ बिना भेदभाव हर वंचित, दलित, गरीब, पिछड़े, महिला, युवा को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया। गरीब को राशन, वंचित को मकान, हर गरीब के घर शौचालय निर्माण, स्वास्थ्य की बेहतरीन सुविधा प्राप्त हो सके। जहां घर है, घरौनी के माध्यम से वहां का मालिकाना हक उपलब्ध कराना भी न्याय, समता व बंधुता का हिस्सा है। समाज की मुख्य धारा के साथ जोड़ने के लिए ऐसे अभियान चलाए गए। सीएम योगी ने कहा कि जो भी सुविधा व संपन्नता आज प्राप्त हो रही है, वह बाबा साहेब की प्रेरणा से हो रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में नया भारत महापुरुषों पर गौरव की अनुभूति के साथ ही उनका सम्मान करता है। पंचतीर्थ निर्माण, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ी, दलित के छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति समेत अन्य सुविधाएं भी उसी क्रम का हिस्सा है। सीएम ने कहा कि हर मलिन, दलित, अनुसूचित जाति- जनजाति बस्तियों को कनेक्टिविटी के साथ जोड़ने की कार्रवाई कर रहे हैं। फिर भी कहीं कुछ बचा है तो उसे पूरी तरह कनेक्टिविटी से जोड़ेंगे। सीएम ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन दर्शन नई प्रेरणा देता है। उन्होंने हर गरीब, दलित, वंचित नागरिकों को आश्वस्त किया कि बाबा साहेब की प्रेरणा से प्रेरित होकर समाज व राष्ट्र को सशक्त बनाने, भारत के संविधान के गौरव को पुनर्स्थापित करने की दिशा में डबल इंजन सरकार प्रयत्नशील होकर कार्य करेगी। अतिथियों का स्वागत आंबेडकर महासभा के अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, महापौर सुषमा खर्कवाल, आंबेडकर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद कुमार, महामंत्री अमरनाथ प्रजापति, कोषाध्यक्ष सत्या दोहरे आदि की उपस्थिति रही।

### सेवा ही सम्मान

होमगार्ड्स के विभिन्न मेडल प्राप्त अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने ऐसी व्यवस्था की है कि अब हर थाने में होमगार्ड जवानों के लिए रूम आरक्षित होगा, जिससे वह यूनिफॉर्म व आवश्यक कागजात को सुरक्षित रख सकेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभाग से कहा कि होमगार्ड के जवान को आयुष्मान भारत की तर्ज पर कैशलेस स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध हो, इसके लिए प्रस्ताव बनाकर भेजें, सरकार इसे आगे बढ़ाएगी। उत्तर प्रदेश होमगार्ड स्थापना दिवस के अवसर पर सभी जवानों व अधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि होमगार्ड स्थापना दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण व सेवा भावना का प्रतीक है।

**इन अधिकारियों को किया सम्मानित...**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के 63वें स्थापना दिवस पर उन अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया, जिन्हें स्वतंत्रता दिवस 2024 पर महामहिम राष्ट्रपति द्वारा विशिष्ट व सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक दिया गया। नाम इस प्रकार हैं-

**विशिष्ट सेवा**

विनय कुमार मिश्र-डिप्टी कमांडेंट जनरल, होमगार्ड्स मुख्यालय

घनश्याम चतुर्वेदी-मंडलीय कमांडेंट होमगार्ड्स ग्रेड-2, आगरा मंडल

विनोद कुमार यादव-कनिष्ठ प्रशिक्षक, केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ

**सराहनीय सेवा**

विवेक कुमार सिंह-सेवानिवृत्त संयुक्त महासमादेष्टा

पीयूष कांत-डिप्टी कमांडेंट जनरल (पूर्वी जोन), प्रयागराज

राजकुमार आजाद-वरिष्ठ अधिकारी, होमगार्ड्स मुख्यालय

संजय कुमार सिंह-मंडलीय कमांडेंट होमगार्ड्स, लखनऊ

वेदपाल सिंह चपराना-जिला कमांडेंट होमगार्ड्स, बिजनौर

शिव कुमार वर्मा-वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, होमगार्ड्स मुख्यालय

कमलेश चंद गौतम-वैयक्तिक सहायक, होमगार्ड्स मुख्यालय

विजय विक्रम वर्मा-सेवानिवृत्त वैयक्तिक सहायक

मो. अरशद हुसैन-उर्दू अनुवादक व सह-प्रधान सहायक, होमगार्ड्स मुख्यालय

कृपाल सिंह-वरिष्ठ सहायक, होमगार्ड्स मुख्यालय

महेश प्रसाद-ब्लॉक ऑर्गनाइजर, होमगार्ड्स मुख्यालय

### भारतीय सेना के

रूप से मित्रवत तीसरे देशों को निर्यात करने पर भी सहमत हुए। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि भारत-रूस रक्षा साझेदारी को उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकी और प्रणालियों के संयुक्त सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए पुनः शुरू किया जा रहा है।

### देश को गुलामी

कहने पर सांप्रदायिकता नहीं दिखी। उनके समय में यह संज्ञान किताबों और शोध पत्रों का हिस्सा बनी थी। उन्होंने कहा भारत उच्च विकास और निम्न मुद्रास्फीति का एक मॉडल है। उन्होंने कहा कि इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में देश की 8.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर दर्शाती है कि वह वैश्विक अर्थव्यवस्था का विकास इंजन बन रहा है। मोदी ने कहा, भारत का आत्मविश्वास उपनिवेशवाद की मानसिकता से हिल गया था, लेकिन अब हम इससे आगे बढ़ रहे हैं। पीएम ने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया अनिश्चितताओं से भरी है, भारत एक अलग ही लीग में नजर आ रहा है।

### धामी ने

बनती हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न संगठनों, व्यापारिक समूहों, महिला समितियों, सामाजिक संस्थाओं और स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ संवाद करते हुए कहा कि सरकार और जनता के बीच प्रत्यक्ष सहभागिता विकास की प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और संवेदनशील बनाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें जनकल्याण आधारित नीतियों को मजबूत कर रही हैं, जिनमें सड़क निर्माण, ग्रामीण संपर्क मार्ग, पर्यटन ढांचे का विस्तार, स्वास्थ्य सेवाओं का उन्नयन, डिजिटल कनेक्टिविटी और रोजगार सृजन को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष कई महत्वपूर्ण विषय रखे। क्षेत्रीय विधायक सुरेश गडिया ने भी क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण मांगे रखीं। इनमें प्रमुख पर्यटन स्थलों के विस्तार और नए ट्रेक/पर्यटन मार्गों के विकास, सड़क और पुल निर्माण में तेजी लाना प्रमुख है। वक्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने की आवश्यकता, कौशल विकास कार्यक्रमों की संख्या बढ़ाने, कृषि एवं पारंपरिक उत्पादों के लिए विपणन सुविधा उपलब्ध कराने जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठाए। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री धामी ने परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया।

### हैंडबॉल

श्रीमती अलका दास (चांसलर बीबीडी यूनिवर्सिटी व अध्यक्ष उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन) ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके व यूपी बनाम पश्चिम बंगाल की महिला टीम के बीच मैच का टॉस कराके किया। मुख्य अतिथि श्रीमती अलका दास गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि फेडरेशन कप देश की शीर्ष टीमों का संगम है। यह राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को पहचान देने वाला महत्वपूर्ण मंच भी है। हमें खुशी है कि उत्तर प्रदेश इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी कर युवा खिलाड़ियों को बड़े मंच पर चमकने का अवसर दे रहा है। उम्मीद है कि खिलाड़ी खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देंगे तथा प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाएंगे। इससे पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डॉ.आनन्देश्वर पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के कार्यकारी महासचिव अमित पाण्डेय, सचिन चौधरी, प्रवीण सिंह, प्रांजल तिवारी, मो. तौहीद व अन्य मौजूद रहे। पुरुष वर्ग में राजस्थान ने पंजाब के खिलाफ 35-25 से रोमांचक जीत दर्ज की। मध्यांतर तक राजस्थान 15-11 से आगे था। राजस्थान से रोहिताष ने सबसे ज्यादा 12 गोल किए। पंजाब से जगनीत सिंह ने 10 गोल करने में सफलता हासिल की। पुरुषों में अर्धसैनिक बलों की दो मजबूत टीमों बीएसएफ व सीआईएसएफ के बीच हुई टक्कर में सीआईएसएफ ने भारी पड़ते हुए मात्र एक गोल (29-28) के अंतर से जीत दर्ज की। महिला वर्ग में भी बीएसएफ को हार का सामना करना पड़ा। यह मैच हिमाचल प्रदेश ने 29-11 से जीता। हिमाचल से भावना ने 5 और प्रियंका व गुलशन ने 4-4 जबकि शालिनी, जागृति, शिवानी व कनिष्का ने 3-3 गोल किए। बीएसएफ की ओर से मंजिल शीर्ष स्कोरर रही जिन्होंने 3 गोल दागे। चैंपियनशिप के प्रायोजकों में बीबीडी ग्रुप, टाटा ग्रीन बैट्रीज, श्यामा हैंडबॉल अकादमी व सह प्रायोजकों में राजेश मसाले, भारतीय युवा परिषद व स्वतंत्र गर्ल्स डिग्री कॉलेज आलमबाग लखनऊ है।




# भारत ने साउथ अफ्रीका को 9 विकेट से हराया

## जायसवाल की सेंचुरी, कुलदीप-प्रसिद्ध ने 4-4 विकेट लिए; सीरीज 2-1 से जीती, भारत ने 40वें ओवर में जीती सीरीज

एजेंसी

विशाखापत्तनम। भारत ने साउथ अफ्रीका को तीसरे वनडे में 9 विकेट से हरा दिया। विशाखापट्टनम में टीम इंडिया ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। साउथ अफ्रीका 270 रन ही बना सका। भारत ने 40वें ओवर में महज एक विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। विराट कोहली ने लुंगी एनगिडी की बॉल पर लगातार दो चौके मारकर टीम इंडिया को जीत दिला दी। डॉ र राजशेखर रेड्डी स्टेडियम में मेहमान टीम के लिए क्विंटन डी कॉक ने शतक लगाया। कप्तान टेम्बा बावुमा ने 48, डेवाल्ड ब्रेविस ने 29 और मैथ्यू ब्रीट्जकी ने 24 रन बनाकर टीम को 270 तक पहुंचाया। भारत से कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा ने 4-4 विकेट लिए। 271 रन के टारगेट के सामने यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा ने भारत को मजबूत शुरूआत दिलाई। दोनों ने 155 रन की पार्टनरशिप की। रोहित 75 रन बनाकर आउट हुए, यह सीरीज में उनकी पहली फिफ्टी रही। यशस्वी ने फिर 111 गेंद पर अपने वनडे करियर का पहला शतक लगाया। उनके सामने विराट कोहली ने महज 40 गेंद पर फिफ्टी लगा दी। दोनों ने 40वें ओवर में टीम को जीत दिला दी। जायसवाल को प्लेयर ऑफ द मैच मिला। साउथ अफ्रीका से केशव महाराज ने इकलौता विकेट लिया। तीसरे वनडे में नतीजे के साथ होम टीम ने 3 मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। साउथ अफ्रीका ने दूसरे मुकाबले में 359 रन चेज किए थे। दोनों टीमों के बीच 5 टी-20 की सीरीज 9 दिसंबर से शुरू होगी।





साउथ अफ्रीका ने टेस्ट सीरीज 2-0 से जीती है। वहीं दूसरी ओर कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा की शानदार गेंदबाजी से भारत ने क्विंटन डिकॉक की आक्रामक शतकीय पारी के बावजूद तीन मैचों की श्रृंखला के तीसरे और निर्णायक मैच में शनिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 47.5 ओवर में 270 रन पर आउट कर दिया। डिकॉक ने 89 गेंद की पारी में आठ चौके और छह छक्के की मदद से 106 रन बनाने के अलावा कप्तान तेम्बा बावुमा (48) के साथ दूसरे विकेट के लिए 113 और मैथ्यू ब्रीट्जके (24) के साथ तीसरे विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी की। दक्षिण अफ्रीका 28वें ओवर तक दो विकेट पर 167 रन बनाकर बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रहा था लेकिन कृष्णा (9.5 ओवर में 66 रन पर एक विकेट) ने 29वें ओवर में दो विकेट लेकर भारत की वापसी कराने के बाद डिकॉक को भी चलता किया। इसके बाद कुलदीप (10 ओवर में 41 रन पर चार विकेट) ने डेवाल्ड ब्रेविस (29), मार्को यानसन (17) और कोर्बिन बोश (नौ) जैसे आक्रामक बल्लेबाजों को आउट कर मैच पर भारत का दबदबा बनाये रखा। भारत 20 वनडे मैचों के लंबे अंतराल के बाद टॉस जीतने में सफल रहा। अर्शदीप सिंह (36 रन पर एक विकेट) ने टीम में वापसी कर रहे रेयान रिकल्टन को खाता खोले बगैर चलता कर पहले ओवर में ही टीम को सफलता दिला दी।

डिकॉक ने चौथे ओवर में हर्षित राणा (बिना किसी सफलता के 44 रन) के खिलाफ लगातार दो चौके जड़ आत्मविश्वास हासिल किया। भारतीय गेंदबाजों ने आठवें ओवर में डिकॉक और बावुमा के खिलाफ शिकंजा कसे रखा लेकिन इसके बाद गेंदबाजी के लिए आये कृष्णा के शुरुआती दो ओवरों डिकॉक ने तीन छक्के और एक चौका जड़ रन गति को बढ़ा दिया। कृष्णा ने अपने शुरुआती दो ओवरों में 27 रन लुटाये। शुरुआती दो वनडे में संघर्ष करने वाले डिकॉक ने रविंद्र जडेजा (50 रन पर एक विकेट) के खिलाफ छक्के के साथ 16वें ओवर में अपना अर्धशतक पूरा किया। दूसरे छोर से एकाग्रता के साथ बल्लेबाजी कर रहे तेम्बा बावुमा ने जडेजा के खिलाफ रिवर्स स्वीप पर शानदार चौका लगाने के बाद एक रन के साथ 19 ओवर में दक्षिण अफ्रीका के रनों का शतक पूरा किया। वह हालांकि इस गेंदबाज की धीमी गेंद से सामंजस्य बिठाने में नाकाम रहे और गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर कोहली के हाथों में चली गयी। कप्तान के पवेलियन लौटने का डिकॉक पर कोई असर नहीं पड़ा और उन्होंने जडेजा के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौका और छक्का जड़ दिया तो वहीं क्रीज पर कुछ समय बिताने के बाद शानदार लय में चल रहे ब्रीट्जके ने तिलक वर्मा की लगातार गेंदों पर दो बड़े छक्के लगाये। कृष्णा ने अपने दूसरे स्पैल में शानदार वापसी की। उन्होंने पारी के 29वें ओवर में ब्रीट्जके को पगबाधा करने के बाद पिछले मैच के शतकवीर मारक्रम को एक रन पर चलता कर दो झटके दिये। इन दो झटकों से बेपरवाह डिकॉक ने राणा के खिलाफ छक्के के साथ 80 गेंद में अपना 23वां वनडे शतक पूरा किया। ब्रेविस ने इसी ओवर में चौके से अपना खाता खोलने के बाद अर्शदीप की गेंद को दर्शकों के पास पहुंचाया। कृष्णा ने डिकॉक को बोल्ड कर उनकी शतकीय पारी पर विराम लगाया। ब्रेविस और यानसन ने इसके बाद आक्रामक बल्लेबाजी से 35 रन की साझेदारी के दौरान भारतीय गेंदबाजों को परेशान करना जारी रखा लेकिन कुलदीप ने अपनी फिरकी पर दोनों को पवेलियन की राह दिखा दी। कुलदीप ने अपनी गेंद पर ही कोर्बिन बोश (नौ) का कैच लपक कर दक्षिण अफ्रीका के बड़ा स्कोर खड़ा करने का सपना तोड़ दिया। उन्होंने इसके बाद लुंगी एनगिडी को पगबाधा किया जबकि कृष्णा ने ओर्टनील बार्टमैन को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका की पारी समेटने की औपचारिकता पूरी की। केशव महाराज 20 रन पर नाबाद रहे।



## संक्षेप

### निशानेबाजी विश्व कप फाइनल में रुद्रांक्ष

दोहा। भारत के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल और पेरिस ओलंपिक फाइनल तक पहुंचे अर्जुन बबूता शनिवार को यहां सत्र के आखिरी आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में पदक जीतने से चूककर क्रमशः चौथे और छठे स्थान पर रहे। इलावेनिल वलारिवन भी महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में पिछड़ गईं। वह क्वालिफिकेशन दौर में नौवें स्थान पर रहीं और आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह नहीं बना पाईं। 2022 के विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष ने इस सत्र में ब्यूनस आयर्स में विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतकर अच्छा प्रदर्शन किया था। वह 631.9 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन दौर में चौथे स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे। बबूता ने 633.3 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहकर आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में रुद्रांक्ष ने 209.9 का स्कोर बनाया।

### ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 511 रन पर सिमटा

ब्रिस्बेन। तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने शनिवार को गेंद के बजाय बल्ले से इंग्लैंड को परेशान किया जिससे ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे एशेज क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी में 511 रन बनाकर 177 रन की बढ़त हासिल की। पैंतीस साल के स्टार्क ने इस दिन रात्रि मैच में 141 गेंद में 77 रन बनाए जो 2016 के बाद टेस्ट में उनका सबसे बड़ा स्कोर है।

इंग्लैंड के लिए ब्रायडन कार्स ने 152 रन देकर चार विकेट जबकि कप्तान बेन स्टोक्स ने 113 रन देकर तीन विकेट झटके। गस एटकिंसन, जोफ्रा आर्चर और विल जैक्स को एक एक विकेट मिला। डिनर ब्रेक तक इंग्लैंड ने बिना विकेट गंवाए 45 रन बना लिए थे जिसमें जाक क्रॉली 26 और बेन डकेट 13 रन बनाकर खेल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया ने चाय के विश्राम तक आठ विकेट पर 450 रन बनाए थे।

## यश, अनुरुद्ध, राहुल व अनुज पुरुष एकल के सेमीफाइनल में

खेल संवाददाता

लखनऊ। यश वर्मा, अनुरुद्ध कुमार, राहुल प्रजापति व अनुज ने द्वितीय डा.केएल गर्ग स्कालरशिप टेनिस टूनार्मेंट में दमदार खेल दिखाते हुए पुरुष एकल सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया। पुरुष युगल में अनुरुद्ध व अनुज,

**द्वितीय डा.केएल गर्ग स्कालरशिप टेनिस टूर्नामेंट**

रोहिन व वंश, कमलेश व आरव एवं मेहर व शैलेंद्र ने अंतिम चार में जगह बनाई। एसडीएस टेनिस अकादमी द्वारा लामार्टिनियर कॉलेज स्थित लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में आयोजित टूनार्मेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि अजय दीक्षित (आईआरएस, सदस्य, जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण, लखनऊ) ने किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत एसडीएस से पवन सागर ने किया। इस अवसर पर एसडीएस से सौरभ चतुर्वेदी



व दीपक पाठक भी मौजूद रहे। पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में यश वर्मा ने शानदार खेल के दम पर शिवम धीमान को 7-0 से हराया। अनुरुद्ध कुमार ने अथर्व गोयल को 7-0 से हराते हुए आसानी से सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अन्य क्वार्टर फाइनल में राहुल प्रजापति ने आरव शुक्ला को 7-2 से एवं अनुज ने कृष्णा को 7-4 से हराया। पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहले मैच में अनुरुद्ध व अनुज को बाई मिला। वहीं रोहिन व वंश ने राज शिवम व शांतनु को 7-3 से, कमलेश व आरव की जोड़ी ने बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए।

## पीडब्ल्यूएल 15 जनवरी से, 300 खिलाड़ियों ने कराया पंजीकरण

नयी दिल्ली। प्रो कुश्ती लीग (पीडब्ल्यूएल) अगले साल 15 जनवरी से शुरू होगी और एक फरवरी तक चलेगी। इसके सभी मैच नोएडा इंडोर स्टेडियम में होंगे। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने शनिवार को यह घोषणा की। आयोजकों ने पहले घोषणा की थी कि लीग के लिए दिल्ली एकमात्र स्थल होगा। इस लीग को कोविड-19 महामारी के कारण चार सत्रों के बाद निलंबित कर दिया गया था। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह के अनुसार 20 से अधिक देशों के 300 से अधिक पहलवानों ने नीलामी के लिए पंजीकरण कराया है। इन खिलाड़ियों में ओलंपिक पदक विजेता, विश्व चैंपियनशिप के फाइनलिस्ट और भारत के शीर्ष पहलवान शामिल हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी छह टीमों में चार महिला पहलवानों सहित नौ पहलवान शामिल होंगे। सभी टीमों में पांच भारतीय और चार विदेशी पहलवान हो सकते हैं।

## बैडमिंटन : तन्वी की नजर महिला खिताब पर



एजेंसी

गुवाहाटी। गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 में भारत का कम से कम एक खिताब पक्का हो गया है क्योंकि मिथुन मंजूनाथ और संस्कार सारस्वत पुरुष एकल के फाइनल में पहुंच गए हैं जबकि तन्वी शर्मा ने शनिवार को महिला एकल के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। पिछले साल बेंगलुरु में अर्श मोहम्मद के साथ मिलकर अपना पहला सीनियर राष्ट्रीय युगल खिताब जीतने वाले सारस्वत ने सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के डेंडी त्रियानस्याह को 21-19, 21-9 से हराया। मंजूनाथ ने अंतिम चार के एक अन्य मैच में हमवतन भारतीय तुषार सुवीर को 22-20, 21-8 से हराकर फाइनल का टिकट पक्का किया। महिला एकल में विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी

**गुवाहाटी मास्टर्स: पुरुष एकल फाइनल में मिथुन के सामने सारस्वत की चुनौती**

रखते हुए 42 मिनट तक चले सेमीफाइनल में जापान की तीसरी वरीयता प्राप्त हिना अकेची को 21-18, 21-16 से हराया। पंजाब की इस 16 साल की खिलाड़ी ने पिछले सप्ताह सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 के सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। फाइनल में उनके सामने चीनी ताइपे की तुंग सिउ-तोंग की चुनौती होगी।

तन्वी पिछले साल ओडिशा मास्टर्स के फाइनल में पहुंची थीं और इस साल यूएस ओपन सुपर 300 और विश्व जूनियर चैंपियनशिप में उपविजेता रहीं और अब उनकी नजर अपने पहले सुपर 100 खिताब पर होगी।

## गिल को टी20 मैच के लिए हरी झंडी

कटक। भारत की टी20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की खेल विज्ञान टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलने की मंजूरी दे दी है। गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। तब उनकी गर्दन में अकड़न आ गई थी लेकिन अब उन्होंने सफलतापूर्वक रिहैबिलिटेशन पूरा कर लिया है। गिल को फिटनेस के आधार पर टीम में चुना गया था और उन्हें खेल में वापसी (आरटीपी) के लिए रिहैबिलिटेशन से जुड़े सारे प्रोटोकॉल से गुजरना पड़ा।

## विश्व कप : भारत व जर्मनी का मुकाबला आज

एजेंसी

चेन्नई। बेल्जियम को शूटआउट में हराकर जूनियर हॉकी विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंची भारतीय टीम को मौजूदा और सात बार की चैम्पियन जर्मनी के खिलाफ रविवार को होने वाले मुकाबले में पिछली गलतियों से सबक लेकर उतरना होगा। मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम पर शुक्रवार को

**सात बार की चैम्पियन जर्मनी**

खेले गए क्वार्टर फाइनल में 45 मिनट तक एक गोल से पिछड़ने के बाद भारत ने तीन मिनट में दो गोल करके बढत बना ली थी लेकिन 59वें मिनट में बेल्जियम ने गोल करके मैच को शूटआउट में खींच दिया जिसमे गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह के उम्दा प्रदर्शन से मेजबान टीम ने 4-3 से जीत दर्ज की। पिछली उपविजेता फ्रांस को शूटआउट में हराकर अंतिम चार में पहुंची जर्मनी के खिलाफ इस तरह की कोई भी चूक भारी पड़ सकती है और



मुख्य कोच पी आर श्रीजेश ने भी स्वीकार किया कि प्रदर्शन में सुधार करना होगा। श्रीजेश ने मैच के बाद कहा, नॉकआउट मैचों में इस तरह की गलतियां नहीं कर सकते।

सबसे पहले तो गोल करने के मौके बर्बाद करने से बचना होगा और आखिरी क्षणों में गोल गंवाने की गलती से पार पाना होगा। हम खिताब से दो जीत दूर हैं और खिलाड़ियों को बखूबी पता है कि यह खिताब जीतना उनके लिये कितना जरूरी है। पिछली बार 2023 में कुआलालम्पुर में हुए जूनियर विश्व कप में जर्मनी के खिलाफ ही सेमीफाइनल में भारत को 1-4 से पराजय झेलनी पड़ी थी जब वह दर्जन भर पेनल्टी कॉर्नर में से एक पर भी गोल नहीं हो सका था। दूसरी ओर जर्मनी ने दोनों पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किये थे। कांस्य पदक के मुकाबले में स्पेन से 1-3 से हारकर भारत चौथे स्थान पर रहा था।

## वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड के साथ टेस्ट ड्रॉ किया

क्राइस्टचर्च। जस्टिन ग्रीव्स ने अपने कौशल और धैर्य का शानदार नमूना पेश करते हुए नाबाद 202 रन बनाए और केमार रोच के सातवें विकेट के लिए 180 रन की अटूट साझेदारी की जिससे वेस्टइंडीज ने शनिवार को न्यूजीलैंड के कमजोर आक्रमण की चुनौती को ध्वस्त करते हुए पहला टेस्ट ड्रॉ करा दिया। न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के सामने 531 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा था। वेस्टइंडीज ने अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 457 रन का स्कोर बनाया जो टेस्ट क्रिकेट के पांच दिनों तक सीमित होने के बाद चौथी पारी में सर्वोच्च स्कोर है। ओवरऑल यह चौथी पारी का दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। वेस्टइंडीज एक समय टेस्ट इतिहास में सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने की तरफ बढ़ रहा था लेकिन मैच ड्रॉ कराकर भी उसने शानदार उपलब्धि हासिल की। अपने टेस्ट करियर में पहली बार दोहरा शतक लगाने वाले ग्रीव्स ने लगभग नौ घंटे 30 मिनट तक बल्लेबाजी की। उन्होंने शाई होप (140) के साथ 196 रन की साझेदारी वेस्टइंडीज को चार विकेट पर 72 रन के स्कोर से उबारा। होप मैच के पांचवें और अंतिम दिन आउट होने वाले वेस्टइंडीज के दो बल्लेबाजों में से एक रहे। रोच ने अपने बल्लेबाजी कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए नाबाद 58 रन बनाए जो उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है।

## खिताब बचाने के अभियान की शुरुआत करेगा अर्जेंटीना

एजेंसी

वाशिंगटन। मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना 2026 में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले फुटबॉल विश्व कप में अपने खिताब बचाने के अभियान की शुरुआत अल्जीरिया के खिलाफ करेगा जिसमें सभी की निगाहें स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेस्सी पर टिकी रहेंगी जो रिकॉर्ड छठी बार इस टूर्नामेंट में खेलेंगे। विश्व कप 2026 के क्वालीफाइंग मुकाबले 27 महीने पहले शुरू हो गए थे। इस टूर्नामेंट में पांच बार के चैंपियन ब्राजील से लेकर पदार्पण करने वाले केप वर्डे, कुराकाओ, जॉर्डन और उज्बेकिस्तान सहित 48 देशों की टीम अपना कौशल दिखाएंगी।

अगले साल 11 जून से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 104 मैच होंगे। लगभग डेढ़ लाख की आबादी वाला कुराकाओ जनसंख्या के लिहाज से विश्व कप में जगह बनाने वाला सबसे छोटा देश बन गया है। उसका पहला मुकाबला चार बार के चैंपियन जर्मनी से होगा। कुराकाओ के कोच डिक एडवोकेट ने कहा, यह इस द्वीप और वहां के लोगों के लिए रोमांचक पल है। उन्हें इस उपलब्धि पर बहुत गर्व है। विश्व कप ड्रॉ के लिए आयोजित समारोह बेहद भव्य था। कैनेडी सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स में आयोजित समारोह में



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फुटबॉल की नियामक संस्था फीफा ने एक नया शांति पुरस्कार भी प्रदान किया। ट्रंप, मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अपने-अपने देशों के नाम लिखे प्लास्टिक के गोले उठाए। ट्रंप की तुलना में शीनबाम ने ज्यादा तालियां बटोरीं। फीफा का यह कार्यक्रम एक फुटबॉल मैच के समय के बराबर 90 मिनट तक चला जिसमें संगीत और खेल व मनोरंजन जगत के सितारे शामिल थे।

# चक्रीय अर्थव्यवस्था से डेयरी आय 20 फीसदी बढ़ी

## जो डेयरी के जैव-सीएनजी और उर्वरक संयंत्र के उद्घाटन और दूध पाउडर संयंत्र के शिलान्यास के अवसर पर आयोजित किया

एजेंसी



सणादर (गुजरात)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को विश्वास जताया कि देश भर में चक्रीय अर्थव्यवस्था मॉडल के कार्यान्वयन से अगले पांच वर्षों में डेयरी किसानों की आय में 20 प्रतिशत वृद्धि होगी। शाह ने यह बात गुजरात के वाव-थराद जिले के सणादर गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में कही, जो डेयरी के जैव-सीएनजी और उर्वरक संयंत्र के उद्घाटन और दूध पाउडर संयंत्र के शिलान्यास के अवसर पर आयोजित किया गया था। उन्होंने इस अवसर पर बनास डेयरी से जुड़े पशुपालकों को संबोधित किया।

उन्होंने डेयरी क्षेत्र में चक्रीय अर्थव्यवस्था के सफल मॉडल को विकसित करने के लिए बनास डेयरी के प्रबंधन की सराहना की। इस मॉडल में किसानों के लिए अतिरिक्त आय उत्पन्न करने के कई उपाय शामिल हैं, जैसे कि मवेशियों के गोबर को बायोगैस और जैव-उर्वरक में परिवर्तित करना। चक्रीय अर्थव्यवस्था में चीजों को इस्तेमाल करके फेंकने की बजाय उनकी मरम्मत, पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग पर जोर दिया जाता है, जिससे कचरा और प्रदूषण कम होता है और संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जा सकता है। शाह ने बताया कि बनास डेयरी के चक्रीय अर्थव्यवस्था मॉडल को समझने के लिए कई सांसद बनासकांठा आए हैं। उन्होंने कहा अब तक हमारी सहकारी डेयरियों को किसानों से दूध खरीदने और दूध उत्पादों को बेचने से होने वाली आय किसानों तक पहुंचाने में बड़ी सफलता मिली है। अब चक्रीय अर्थव्यवस्था पर ध्यान केंद्रित करने का समय आ गया है।

इसके तहत किसानों से खरीदे गए मवेशियों के गोबर से उत्पादित बायोगैस और उर्वरक बेचकर डेयरी द्वारा उत्पन्न आय में किसानों को उनका हिस्सा मिलेगा। मंत्री ने कहा कि पूरे देश में इस चक्रीय अर्थव्यवस्था मॉडल को लागू करने की ठोस योजना शाम को बनासकांठा में सांसदों की बैठक में सामने आएगी। उन्होंने यह भी बताया कि जनवरी 2026 में सभी प्रमुख सहकारी डेयरियों के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डेयरी द्वारा की गई पहलों को समझने के लिए बनास डेयरी का दौरा करेंगे। शाह ने कहा, पनीर और दही जैसे सामान्य दूध उत्पादों के अलावा, ऐसे कई उत्पाद हैं जिनकी दुनिया भर में मांग है, लेकिन उनका उत्पादन भारत में नहीं होता। अगर हम इन उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करें, तो डेयरी किसान अतिरिक्त आय कमा सकते हैं।

# हम कड़ा संदेश देना चाहते हैं कि उच्चतम न्यायालय आम लोगों के लिए है : प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत



नयी दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने उच्चतम न्यायालय आम आदमी के लिए होने का कड़ा संदेश देते हुए शनिवार को कहा कि लंबित मामलों का निश्चित समयसीमा और एकीकृत राष्ट्रीय न्यायिक नीति आधारित शीघ्र फैसला उनकी प्राथमिकता होगी।

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने यहां आयोजित हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट में न्याय तक पहुंच का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि मुकदमेबाजी की लागत कैसे कम की जाए और मामलों के निर्णय के लिए एक उचित समय-सीमा कैसे निर्धारित की जाए। न्यायपालिका की स्वतंत्रता के बारे में पूछे गए सवाल पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने शक्तियों के पृथक्करण के संवैधानिक दर्शन का उल्लेख किया और कहा कि संविधान ने न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका की संबंधित भूमिकाओं को खूबसूरती से परिभाषित किया है, तथा यह सुनिश्चित किया है कि इनमें से कोई एक दूसरे के क्षेत्र का अतिक्रमण नहीं करे। सीजेआई ने कहा मेरी पहली प्राथमिकता लंबित मामलों के लिये एक निश्चित समय-सीमा और एकीकृत राष्ट्रीय न्यायिक नीति-आधारित शीघ्र निस्तारण की होगी। मैं सभी बकाया मामलों को समाप्त करने की बात नहीं कर रहा हूं। ऐसा कभी नहीं होगा। ऐसा नहीं होना चाहिए, क्योंकि मुकदमेबाजी एक सतत प्रक्रिया है। लोगों को न्यायिक प्रणाली पर भरोसा है। उन्होंने कहा मामले तो दायर किए जाएंगे, लेकिन जो पुराने मामले हमारे सामने हैं, उनसे निपटने की जरूरत है और इसके लिए मध्यस्थता को शक्तिशाली परिवर्तनकारी उपाय के रूप में तलाशने की जरूरत है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि आने वाले दिनों में उच्चतम न्यायालय में कुछ सुधार होंगे, जिनमें कुछ मुकदमों को प्राथमिकता देना भी शामिल है।

## संक्षेप

### दिल्ली में जहरीली हवा से नहीं मिल रही राहत

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शनिवार सुबह भी वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में बनी रही और सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 335 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के समीर ऐप के अनुसार, राजधानी के 36 निगरानी केंद्रों पर भी वायु गुणवत्ताबेहद खराबै दर्ज की गई। इन केंद्रों में से वायु गुणवत्ता का सबसे खराब स्तर मुंडका में दर्ज किया गया, जहां एक्यूआई 387 रहा। सीपीसीबी के मानकों के अनुसार, शून्य से 50 के बीच का वायु गुणवत्ता सूचकांक अच्छा, 51 से 100 संतोषजनक, 101 से 200 मध्यम, 201 से 300 खराब, 301 से 400 बहुत खराब और 401 से 500 के बीच का एक्यूआई गंभीर श्रेणी में रखा जाता है। इस सप्ताह दिल्ली की वायु गुणवत्ता में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। जानकारी के अनुसार रविवार को एक्यूआई 279 दर्ज किया गया और सोमवार को यह 304 रहा। वहीं मंगलवार को एक्यूआई बढ़कर 372 पर पुहंच गया तथा बुधवार को यह 342 रहा। राजधानी में बृहस्पतिवार और शुक्रवार को एक्यूआई क्रमशः 304 और 327 रहा जो बेहद खराबै श्रेणी में आता है। इस बीच, आज यानी शनिवार को न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# रूस ने यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर ड्रोन व मिसाइल हमले किये

कीव। रूस ने शनिवार रात को यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमले किये। जबकि इससे पहले अमेरिका और यूक्रेन के अधिकारियों ने कहा था कि वे लगभग चार साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के वास्ते तीसरे दिन की बातचीत के लिए शनिवार को मिलेंगे। यूक्रेन की वायु सेना ने शनिवार सुबह बताया कि रूस ने 29 स्थानों को निशाना बनाकर 653 ड्रोन और 51 मिसाइलें दागीं, जिससे पूरे देश में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई। उसने कहा कि उनके बलों ने 585 ड्रोन और 30 मिसाइलें मार गिराईं और निष्क्रिय कर दीं। यह हमला उस समय हुआ जब यूक्रेन अपना सशस्त्र सेना दिवस मना रहा था। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, कीव क्षेत्र में कम से कम तीन लोग घायल हो गए। यूक्रेन के पश्चिमी हिस्से, ल्वीव क्षेत्र में भी ड्रोन देखे जाने की सूचना है। यूक्रेन के राष्ट्रीय ऊर्जा संचालक उक्रेनेर्गो ने टेलीग्राम पर लिखा कि रूस ने कई यूक्रेनी क्षेत्रों में बिजलीघरों और अन्य ऊर्जा संरचनाओं पर मिसाइल-ड्रोन हमला किया।

# नफरत फैलाने व सांप्रदायिक ताकतों पर लड़ाई जारी

एजेंसी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि नफरत फैलाने वाली सांप्रदायिक शक्तियों के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी।

बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार देश के संवैधानिक आदर्शों और सिद्धांतों की रक्षा करने और उन्हें मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर के शनिवार को मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर बनी एक मस्जिद की आधारशिला रखे जाने से पहले बनर्जी का यह बयान आया है। कबीर ने प्रस्तावित मस्जिद की आधारशिला से जुड़ा समारोह छह दिसंबर को यानी आज आयोजित करने घोषणा की। छह दिसंबर को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में बाबरी मस्जिद ढहाए जाने की बरसी भी है। तृणमूल कांग्रेस ने इस दिन को संहति दिवस (एकता दिवस) के रूप में मनाने की योजना बनाई है और सौहार्द, शांति व विभाजनकारी तत्वों के खिलाफ संघर्ष की अपील की है।

बनर्जी ने एक्स पर लिखा, बंगाल की भूमि एकता की भूमि है। यह रवींद्रनाथ (टैगोर) की भूमि है, नजरुल (इस्लाम) की भूमि है, रामकृष्णविवेकानंद की भूमि है।

# अमेरिका को भारत के साथ संबंधों में सुधार की जरूरत

न्यूयार्क। ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि अमेरिका को भारत के साथ वाणिज्यिक और अन्य संबंधों में सुधार जारी रखना चाहिए ताकि नयी दिल्ली को क्वाड समूह के भीतर निरंतर सहयोग समेत हिंद-प्रशांत सुरक्षा में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। ट्रंप प्रशासन द्वारा बृहस्पतिवार देर रात जारी की गई संयुक्त राज्य अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में अमेरिका द्वारा की गई असाधारण प्रगति का वर्णन किया गया है। दस्तावेज में दक्षिण चीन सागर में सुरक्षा चुनौती से निपटने के लिए भारत के साथ मजबूत सहयोग पर भी जोर दिया गया। ट्रंप ने राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति पर अपने संदेश में कहा, यह दस्तावेज यह सुनिश्चित करने का खाका है कि अमेरिका मानव इतिहास में सबसे महान और सबसे सफल राष्ट्र बना रहे और पृथ्वी पर स्वतंत्रता बनी रहे।






# झारखंड : नड्डा ने देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर में किए दर्शन

एजेंसी



देवघर (झारखंड)। केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने शनिवार को झारखंड के देवघर में स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में दर्शन किए। पार्टी के नेताओं ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंडा धर्मरक्षिणी सभा ने मंदिर में उनका स्वागत किया। नड्डा ने मंदिर के गर्भगृह में भगवान शिव के दर्शन किए। भाजपा की राज्य इकाई के नेता शिव पूजन पाठक ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष देवघर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी समारोह में शामिल होंगे और नव निर्मित पार्टी कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि दिन में नड्डा 12 जिलों के बूथ स्तर के भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे, जिनमें अधिकांश संथाल परगना क्षेत्र से हैं। पाठक ने कहा कि नड्डा डिजिटल माध्यम से गुमला में स्थित पार्टी कार्यालय का भी उद्घाटन करेंगे। पार्टी के एक अन्य नेता ने कहा, इस दौरे को झारखंड और पश्चिम बंगाल में भाजपा कार्यकर्ताओं को रणनीतिक संदेश देने का अवसर माना जा रहा है। पश्चिम बंगाल में अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होने हैं।

### दक्षिण अफ्रीका के बार में गोलीबारी, 11 की मौत

केपटाउन (द.अफ्रीका)। दक्षिण अफ्रीका की प्रशासनिक राजधानी प्रिटोरिया के निकट एक कस्बे में एक बार में हुई गोलीबारी में तीन बच्चों समेत कम से कम 11 लोग मारे गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। दक्षिण अफ्रीकी पुलिस सेवा के एक बयान के अनुसार 14 अन्य लोग घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने घायलों की उम्र के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी शनिवार तड़के प्रिटोरिया के पश्चिम में सॉल्सविले टाउनशिप में एक गैर-लाइसेंस प्राप्त बार में हुई।






# सूडान के ड्रोन हमले में 33 बच्चों सहित 50 की मौत

एजेंसी



काहिरा। दक्षिण-मध्य सूडान में बच्चों के एक स्कूल पर एक अर्धसैनिक समूह द्वारा किये गये ड्रोन हमले में 33 बच्चों सहित 50 लोगों की मौत हो गयी। चिकित्सकों के एक समूह ने यह जानकारी दी। समूह ने शुक्रवार देर रात एक बयान में बताया कि दक्षिण कोर्डोफन राज्य के कलोगी शहर में घटनास्थल पर मौजूद चिकित्सा स्टाफ को एक अन्य हमले में निशाना बनाया गया। बयान के मुताबिक, मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है लेकिन इलाके में संचार व्यवस्था ठप होने के कारण हताहतों की सूचना देना मुश्किल हो गया। बृहस्पतिवार को किया गया हमला अर्धसैनिक समूह रैपिड सपोर्ट फोर्सेस (आरएसएफ) और सूडानी सेना के बीच जारी जंग में नया घटनाक्रम है। दोनों समूह दो साल से भी ज्यादा समय से युद्धरत हैं। अब युद्ध तेल-समृद्ध कोर्डोफन राज्य में केंद्रित है। सूडान में यूनिसेफ के प्रतिनिधि शेल्डन येट ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, स्कूल में बच्चों की हत्या बच्चों के अधिकारों का घोर उल्लंघन है। येट ने कहा संघर्ष की कीमत बच्चों को कभी नहीं चुकानी चाहिए।

# भारत व रूस की साझेदारी शांति के प्रति साझा प्रतिबद्धता पर आधारित है : मुर्मू



एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि भारत और रूस के बीच साझेदारी शांति, स्थिरता और आपसी सामाजिक-आर्थिक एवं तकनीकी प्रगति के लिए एक साझा प्रतिबद्धता पर आधारित है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सम्मान में राष्ट्रपति भवन में आयोजित भोज के दौरान मुर्मू ने संबोधित किया। रूस के राष्ट्रपति पुतिन और उनके शिष्टमंडल का स्वागत करते हुए, मुर्मू ने कहा कि उनकी (पुतिन की) यात्रा कई मायनों में बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह भारत और रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी का 25वां साल है। इस रणनीतिक साझेदरी की शुरुआत अक्टूबर 2000 में हुयी थी जब राष्ट्रपति के तौर पर पुतिन पहली बार भारत आये थे। मुर्मू ने भारत और रूस की विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी के प्रति रूसी राष्ट्रपति पुतिन के समर्थन और व्यक्तिगत प्रतिबद्धता की सराहना की। राष्ट्रपति कार्यालय से जारी एक बयान के अनुसार, उन्होंने कहा हमारी साझेदारी शांति, स्थिरता और पारस्परिक सामाजिक-आर्थिक तथा तकनीकी प्रगति के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता पर आधारित है।






आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com